हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● शुक्रवार ● 17.01.2025 ● वर्ष : 15 ● अंक : 176 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# सरकारी कर्मचारियों को बड़ा तोहफा, केंद्र ने 8वें वेतन आयोग के गठन को दी मंजूरी

## आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में तीसरे लॉन्च पैड की स्थापना को मंजूरी

**नयी दिल्ली :** कैबिनेट ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में 3,985 करोड़ रुपये की लागत से तीसरे लॉन्च पैड की स्थापना को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज गुरुवार को यह मंजूरी दी। तीसरे लॉन्च पैड परियोजना में इसरो के अगली पीढ़ी के लॉन्च वाहनों के लिए श्रीहरिकोटा, आंध्र प्रदेश में लॉन्च अवसंरचना की स्थापना और श्रीहरिकोटा में दूसरे लॉन्च पैड के लिए स्टैंडबाय लॉन्च पैड के रूप में सहायता प्रदान करना शामिल है। इससे भविष्य में भारतीय मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशनों के लिए लॉन्च क्षमता में भी वृद्धि होगी। यह परियोजना राष्ट्रीय महत्व की है। इसके कार्यान्वयन रणनीति और लक्ष्य की बात की जाए तो तीसरे लॉन्च पैड को यथासंभव सार्वभौमिक (यूनिवर्सल) और अनुकूलनीय (एडेप्टेबल) विन्यास के साथ डिजाइन किया गया है जो न केवल एनजीएलवी बल्कि सेमीक्रायोजेनिक चरण के साथ एलवीएम 3 वाहनों के साथ-साथ एनजीएलवी के बढ़े हुए विन्यास का भी समर्थन कर सकता है। बताना चाहेंगे, इसे अधिकतम उद्योग भागीदारी के साथ साकार किया जाएगा, जिसमें पहले के लॉन्च पैड स्थापित करने में इसरो के अनुभव का पूरा उपयोग किया जाएगा और मौजूदा लॉन्च कॉम्प्लेक्स सुविधाओं को अधिकतम साझा किया जाएगा। तीसरे लॉन्च पैड यानि टीएलपी को 48 महीने या 4 साल की अवधि के भीतर स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। कुल निधि की आवश्यकता 3984.86 करोड़ रुपये है और इसमें लॉन्च पैड और संबंधित सुविधाओं की स्थापना शामिल है। यह परियोजना उच्च प्रक्षेपण आवृत्तियों और मानव अंतरिक्ष उड़ान और अंतरिक्ष अन्वेषण मिशनों को शुरू करने की राष्ट्रीय क्षमता को सक्षम करके भारतीय अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देगी। उल्लेखनीय है कि आज की स्थिति में, भारतीय अंतरिक्ष परिवहन प्रणाली पूरी तरह से दो लॉन्च पैड पर निर्भर है। पहला लॉन्च पैड (एफएलपी) और दूसरा लॉन्च पैड (एसएलपी)। एफएलपी को 30 साल पहले पीएसएलवी के लिए साकार किया गया था और यह पीएसएलवी और एसएसएलवी के लिए लॉन्च सहायता प्रदान करता है।



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। मंत्रिमंडल ने गुरुवार को आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी प्रदान कर दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी साझा करते हुए कहा, प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार के सभी कर्मचारियों के लिए आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय सरकारी कर्मचारियों के लिए लाभ सुनिश्चित करने के मद्देनजर लिया गया है। आयोग के अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति जल्द ही की जाएगी। सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें 2016 में लागू की गई थीं, लेकिन इसका कार्यकाल 2026 में समाप्त हो रहा है। हालांकि आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें सातवें वेतन आयोग का कार्यकाल पूरा होने से पहले ही प्राप्त होने की उम्मीद है, जिसके लिए 2025 तक पर्याप्त समय दिया गया है। आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें 2026 तक लागू होने की उम्मीद है।

केंद्र सरकार के इस फैसले के बाद से देशभर के लाखों सरकारी कर्मचारियों और पेंशनधारियों को लाभ मिलेगा। केंद्रीय कर्मचारियों के संगठन लंबे समय से आठवें वेतन आयोग के गठन की मांग कर रहे थे। ये संगठन सरकार पर लगातार दबाव बना रहे थे। ताकि कर्मचारियों के वेतन संबंधी मुद्दों का समाधान हो सके। कई बार कर्मचारी यूनियनों ने केंद्र सरकार से इस विषय में स्थिति स्पष्ट करने की मांग भी की थी।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा 28 फरवरी 2014 को गठित सातवें वेतन आयोग ने 19 नवंबर 2015 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसकी सिफारिशें 1 जनवरी 2016 से लागू की गई थीं। इस समय सीमा के आधार पर आठवें वेतन आयोग के 1 जनवरी 2026 से प्रभावी होने की उम्मीद की जा रही है।

आठवें केन्द्रीय वेतन आयोग के गठन और उसकी सिफारिशें स्वीकार होने पर लगभग 49 लाख सरकारी कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनभोगियों के वेतन पर इसका सीधा प्रभाव पड़ेगा और उन्हें इसका लाभ मिलेगा। केंद्रीय वेतन आयोग का गठन समय-समय पर केंद्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन ढांचे और भत्तों में बदलाव की समीक्षा और सिफारिशों के लिए किया जाता है।

## नौसेना के लिए सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें खरीदी जाएंगी

**नयी दिल्ली :** भारतीय नौसेना के लिए मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की खरीद का करार गुरुवार को फाइनल हो गया। रक्षा मंत्रालय ने एमआरएसएएम की आपूर्ति के लिए भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के साथ लगभग 2,960 करोड़ रुपये का करार किया। नयी दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में रक्षा मंत्रालय और बीडीएल अधिकारियों ने इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। एमआरएसएएम प्रणाली भारतीय नौसेना के कई जहाजों पर लगाई जाती है और इसे भविष्य में अधिकांश प्लेटफार्मों पर फिट करने की योजना है। यह अनुबंध भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकी को स्वदेशी बनाने के चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार आत्मनिर्भर भारत पर जोर देते हुए इन मिसाइलों में ज्यादातर स्वदेशी सामग्री होगी। इस अनुबंध से विभिन्न एमएसएमई सहित रक्षा उद्योग में लगभग 3.5 लाख मानव दिवसों का रोजगार सृजित होगा। मुंबई के नेवल डाक यार्ड में 15 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों नौसेना के बेड़े में शामिल किए गए आईएनएस 'सूरत' को मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों से लैस किया जाना है। यह प्रोजेक्ट 15बी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक का चौथा और अंतिम जहाज है। इससे पहले पिछले तीन वर्षों में इसी प्रोजेक्ट के तीन जहाजों विशाखापत्तनम, मोरमुगाओ और इम्फाल को नौसेना के बेड़े में शामिल किया जा चुका है। सूरत की डिलीवरी भारतीय नौसेना की स्वदेशी विध्वंसक निर्माण परियोजना का समापन है। एमआरएसएएम प्रणाली को डीआरडीओ और इजरायली एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (आईएआई) ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। इसमें एमएसएमई सहित भारतीय सार्वजनिक और निजी रक्षा उद्योग की भी सक्रिय भागीदारी है। भारत डायनेमिक्स लिमिटेड में निर्मित एमआरएसएएम से नौसेना की 'आत्मनिर्भर भारत' के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित हुई है।

# अंतरिक्ष डॉकिंग में सफलता प्राप्त करने वाला दुनिया में चौथा देश बना भारत



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार सुबह इतिहास रचते हुए दो उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में स्थापित कर दिया। इसके साथ ही दुनिया में अमेरिका, रूस, चीन के बाद भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन गया।

स्पैडेक्स डॉकिंग की सफलता पर इसरो ने टीम और देशवासियों को बधाई दी है। गुरुवार को इसरो ने ट्वीट करके कहा कि अंतरिक्ष यान डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी हुई। यह एक ऐतिहासिक क्षण है। स्पैडेक्स डॉकिंग प्रक्रिया पर इसरो ने कहा कि डॉकिंग की शुरूआत सटीकता से हुई और 15 मीटर से तीन मीटर होल्ड पॉइंट तक पैंतरेबाजी पूरी हुई। इस पूरी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक कैप्चर किया गया। भारत अंतरिक्ष डॉकिंग में सफलता प्राप्त करने वाला चौथा देश बन गया।

### डॉकिंग वह प्रक्रिया है...

डॉकिंग वह प्रक्रिया है जिसकी मदद से दो अंतरिक्ष ऑब्जेक्ट एक साथ आते और जुड़ते हैं। यह विभिन्न तरीकों का उपयोग करके किया जा सकता है। अंतरिक्ष में 'डॉकिंग' प्रौद्योगिकी की तब जरूरत होती है जब साझा मिशन उद्देश्यों को हासिल करने के लिए कई रॉकेट प्रक्षेपित करने की जरूरत होती है। वांछित कक्षा में प्रक्षेपित होने के बाद दोनों अंतरिक्ष यान 24 घंटे में करीब 20 किलोमीटर दूर हो जाएंगे। इसके बाद वैज्ञानिक डॉकिंग प्रक्रिया शुरू करेंगे। ऑनबोर्ड प्रोपल्शन का उपयोग करते हुए टारगेट धीरे-धीरे 10-20 किमी का इंटर सैटेलाइट सेपरेशन बनाएगा। इससे दूरी धीरे-धीरे 5 किलोमीटर, 1.5 किलोमीटर, 500 मीटर, 225 मीटर, 15 मीटर और अंत में 3 मीटर तक कम हो जाएगी, जहां डॉकिंग होगी। डॉक हो जाने के बाद मिशन पेलोड संचालन के लिए उन्हें अनडॉक करने से पहले अंतरिक्ष यान के बीच पावर ट्रांसफर का प्रदर्शन करेगा।

### भारत के लिए इसलिए भी है खास

सफल डॉकिंग प्रयोग भारत में किए जाने वाले कई मिशन के लिए जरूरी है। भारत की योजना 2035 में अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की है। मिशन की सफलता इसके लिए अहम है। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन में पांच मॉड्यूल होंगे जिन्हें अंतरिक्ष में एक साथ लाया जाएगा। इनमें पहला मॉड्यूल 2028 में लॉन्च किया जाना है। यह मिशन चंद्रयान-4 जैसे मानव अंतरिक्ष उड़ानों के लिए भी अहम है। यह प्रयोग उपग्रह की मरम्मत, ईंधन भरने, मलबे को हटाने और अन्य के लिए आधार तैयार करेगा।

## एक नजर

### सुरक्षाबलों ने 12 नक्सलियों को किया ढेर

**बीजापुर/रायपुर :** सुरक्षा बलों के जवानों और नक्सलियों के बीच बीजापुर जिले के पुजारी कांकेर और मारूर बाका के बीच मुठभेड़ जारी है। सूत्रों के मुताबिक मुठभेड़ में सुरक्षा बलों के जवानों ने 12 नक्सलियों को मार गिराया है। बीजापुर एएसपी चंद्रकांत गोवर्ना ने जानकारी दी है कि मुठभेड़ में बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के कर्मी, सीआरपीएफ की विशिष्ट जंगल युद्ध इकाई कोबरा (कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन) की पांच बटालियन और सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) की 229वीं बटालियन शामिल हैं। जवानों और नक्सिलयों के बीच रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है। मुठभेड़ सुबह नौ बजे से जारी है।

### शंभू बार्डर से 21 जनवरी को दिल्ली कूच करेंगे किसान

**चंडीगढ़ :** एक तरफ खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का आमरण अनशन चल रहा है, वहीं दूसरी ओर शंभू बार्डर से किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने 21 जनवरी को दिल्ली कूच का ऐलान कर दिया है।

किसान नेता सरवण पंधेर ने कहा कि इसमें 101 किसान शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अभी तक वार्ता का मन नहीं बना रही है, इसलिए आंदोलन को और तेज करेंगे। शंभू बार्डर पर गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने चेतावनी भी दी कि उनके नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री रहते ही देश में एमएसपी पर फसल खरीद की गारंटी का कानून आएगा।

# हाई कोर्ट ने झारखंड सरकार को चार माह में नगर निकाय चुनाव कराने का दिया समय




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने गुरुवार को झारखंड निकाय चुनाव मामले में दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार को निकाय चुनाव करने के लिए चार महीने का समय दिया। यह सुनवाई जस्टिस आनंद सेन की अदालत में हुई।

कोर्ट ने तीन सप्ताह में चुनाव कराने के आदेश का अनुपालन नहीं होने पर सवाल उठाए। इसपर राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने की पात्रता निर्धारण को लेकर जिला स्तर पर ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है। कुछ ही जिलों में ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया बाकी है, जिसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा। निर्वाचन आयोग से वोटर लिस्ट भी अबतक नहीं मिल पाई है। इससे कुछ देरी हो रही है। इससे पहले सोमवार को हुई सुनवाई में सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि ट्रिपल टेस्ट करवाकर चुनाव कराया जायेगा। इस पर न्यायालय ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा था कि सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट ने भी यह कहा है कि ट्रिपल टेस्ट के बैगर निकाय चुनाव कराया जाये।

ट्रिपल टेस्ट की आड़ में निकाय चुनाव रोक नहीं सकते हैं और यह आदेश दिये जाने पर भी राज्य सरकार के जरिये चुनाव नहीं कराना कोर्ट की आदेश की अवमानना है। दरअसल निवर्तमान पार्षद रौशनी खलखो ने राज्य में जल्द निकाय चुनाव कराने के लिए हाई कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की है।

# प्रेम-प्रसंग में भागी थी हिंदपीढ़ी की दोनों बहनें, पांच गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के हिंदपीढ़ी से गायब दो लड़कियों को रांची पुलिस ने कर्नाटक से बरामद कर लिया है। दोनों लड़कियों को लेकर पुलिस रांची भी आ गई है। आज रांची एसएसपी चंदन सिन्हा की तरफ से इस मामले में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि दोनों बहनों में बड़ी बहन रहनुमा परवीन के प्रेमी के बहकावे में आकर दोनों लड़कियों ने अपहरण की झूठी कहानी में लड़के का साथ दिया। इस मामले में पांच लड़कों की गिरफ्तारी हुई है। जिसमें मो. इस्माईल, जुनैद आलम, मजहर आलम, इमरान खान, कासिद फिरोज शामिल है। एसएसपी ने बताया कि लड़कियों से अभी ज्यादा पूछताछ नहीं हो सकी है क्योंकि वह शॉक में है। उनकी मानसिक स्थिति जैसे ही ठीक होती है उनसे विस्तार से बात की जाएगी। बता दें कि 11 जनवरी को हिन्दपीढ़ी की दो लड़कियां घर से आधार कार्ड सुधारने के लिये मंगल दावर कांटाटोली निकली थी। इसके बाद करीब 1:30 वजे लड़की के द्वारा अपने पिताजी को कॉल करके बताया गया कि कुछ लोग उनके साथ लूटपाट कर रहे हैं और इसके बाद उनका मोबाईल स्वीच ऑफ हो गया था। इस पर उसके परिवार वालों के द्वारा अपहरण की आपका जताते हुए हिन्दपीढ़ी थाना में कांड दर्ज कराया गया था। इस घटना के बाद एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने एसआईटी का गठन किया था। जिसमें पुलिस उपाधीक्षक, कोतवाली एवं अन्य पदाधिकारी शामिल थे। इस पर टीम के द्वारा सभी बिन्दुओं पर जांच किया जाने लगा तब पता चला कि दोनों लड़कियों मंगल टावर के पास से एक ऑल्टो कार में एक लड़का के साथ बूटी मोड, ओरमांझी, सिकीदीरी होते हुए चितरपुर गयी और वहीं से कोडरमा, वाराणासी होते हुए ट्रेन से कर्नाटक गयी। इसके बाद रांची एसएसपी द्वारा कर्नाटक के एडीजी एवं कोप्पल एसपी से सहयोग का अनुरोध किया गया। उनके सक्रिय सहयोग से अपहत दोनों लड़कियों को बरामद किया एवं मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।



इसके बाद सभी को हवाई मार्ग के द्वारा रांची लाया गया। इसके बाद सभी से पूछताछ करने पर बताया कि ये सभी लोग पूर्व परीचित है और बड़ी बहन रहनुमा परवीन और बरामद लड़का मो० इस्माईल के बीच प्रेम प्रसंग का संबंध है। दोनों आपस में शादी करना चाहते है। इसी कारण से घर से भाग गये थे और अपनी छोटी बहन दोनों को सहयोग करने के लिए ये साथ में भाग गयी थी। इन दोनों लड़कियों से पूछताछ करने पर वे स्पष्ट कुछ भी नहीं बता पा रही है लेकिन ये स्वीकार की है कि दोनों को ये लड़के के बहकावे में घर से निकल गयी थी।

# धनबाद के मरीजों को नहीं जाना पड़ेगा रांची जल्द शुरू होगा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** पहली बार झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह एक साथ गुरुवार को एसएनएमएमसीएच के निरीक्षण पर धनबाद पहुंचे। इनके साथ रांची से आए स्पेशियलिस्ट डॉक्टरों की एक टीम भी मौजूद थी।



मंत्री ने अस्पताल की सुपर स्पेशलिटी बिल्डिंग, पीजी ब्लॉक एवं कैथ लैब का निरीक्षण किया, पारा मेडिकल छात्र-छात्राओं, जीएनएम नर्सिंग की छात्र-छात्राओं एवं मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं एमबीबीएस के छात्रों की समस्याएं को भी सुना और उसे जल्द दूर करने का आश्वासन दिया। इस दौरान मंत्री इरफान अंसारी एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव ने जिले की उपायुक्त माधवी मिश्रा, एसएनएमएमसीएच के अधीक्षक डॉ एसके चौरसिया, एसएनएमएमसीएच के प्राचार्य डॉ केके लाल समेत तमाम चिकित्सकों एवं प्रध्यापकों से प्राचार्य कक्ष में बैठक की।

बैठक के पश्चात स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि यहां बने सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल को अगले छह माह में शुरू करने की योजना है। इसमे कार्डियो, न्यूरो और ऑन्कोलॉजी का ट्रीटमेंट और ऑपरेशन के कार्य भी इस वर्ष से यहां शुरू हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि योजना ये है कि जो मरीज यहां से रांची रिम्स रेफर किये जाते थे अब उन्हें कही जाने की जरूरत नहीं पड़े और उनका इलाज इस साल से यही पर हो। इसके लिए डॉक्टर और पैरा मेडिक्स और सिक्युरिटी की जो भी दिक्कते है उसको दूर करने के लिए कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि एसएनएमएमसीएच के ओपीडी में होने वाले मरीजों के भीड़ को कम करने के लिए नए भवन में व्यवस्था की जाएगा। साथ ही अस्पताल की बिल्डिंग को नवीनीकरण और जो भी मशीन लगेंगे उनकी खरीद को लेकर भी जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि एसएनएमएमसीएच में अभी एमबीबीएस की 100 सीट है, जो आने वाले एक-दो वर्षों में 200 तक किया जाएगा। इसके साथ ही अभी यहां पीजी की सीट 9 है उसे भी अगले दो वर्षों में बढ़ा कर 100 तक किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि अगर ये एमबीबीएस, पीजी की सीटें बढ़ जाती है और सुपर स्पेशलिटी अस्पताल शुरू हो जता है तो यहां के मरीजों को कहीं जाने की जरूरत नही पड़ेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि खरमास खत्म होते ही ऑपरेशन इरफान शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि एसएनएमएमसीएच में थोड़ी सफाई की कमियां पाई गई है जिसे दुरुस्त करने को कहा गया है। उन्होंने कहा आने वाले दिनों में झारखंड के तमाम सरकारी अस्पतालों में परिवर्तन देखने को मिलेगा।

# बेहतर इलाज के लिए कड़िया मुंडा दिल्ली एम्स रेफर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भाजपा के वरिष्ठ नेता और लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा को बेहतर इलाज के लिए दिल्ली के एम्स अस्पताल में रेफर किया गया है। उन्हें एयर एंबुलेंस से दिल्ली रवाना किया गया। उनके साथ परिजनों के अलावा मेडिका अस्पताल के एक चिकित्सक को भी दिल्ली भेजा गया है।

मकर संक्रांति के दिन केन्द्रीय मंत्री जुएल ओरांव ने रांची के मेडिका अस्पताल में कड़िया मुंडा से मुलाकात की थी और हाल-चाल जाना था। जुएल ओरांव द्वारा सारी व्यवस्थाएं देखने के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए एम्स भेजा गया है।

उल्लेखनीय है कि सात जनवरी को कड़िया मुंडा की तबीयत खराब होने पर उन्हें मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कड़िया मुंडा



झारखंड की खूंटी लोकसभा सीट से आठ बार सांसद रहे हैं। वह पद्मभूषण से सम्मानित हैं। सबसे अधिक 12 लोकसभा चुनाव लड़ने का रिकॉर्ड इनके नाम है। खूंटी लोकसभा सीट वर्ष 1967 में अस्तित्व में आई। 1971 में पहली बार कड़िया मुंडा ने चुनाव लड़ा। 2014 में उन्होंने अंतिम लोकसभा चुनाव लड़ा था। इस दौरान उन्होंने आठ लोकसभा चुनावों में जीत दर्ज की। चार लोकसभा चुनावों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। 1977 के चुनाव में उन्हें पहली बार जीत मिली थी।

## एक नजर

### जीआडा की आवंटन जमीन का सदर अंचलाधिकारी के द्वारा किया गया सीमांकन



**हजारीबाग** : सदर प्रखंड के चानो मौजा में जीआडा को व्यवसाय करने के लिए सरकार के द्वारा खाता संख्या 15 प्लॉट 1096 की जमीन 58 डिसमिल आवंटित किया गया था,सदर अंचल को लगातार शिकायत मिल रही थी कि आस पास के कुछ भू माफिया तपका के लोग उस जमीन पर कब्जा करते आ रहे है, मिली शिकायत के बाद सदर अंचला अधिकारी मयंक भूषण दल बल के साथ आवंटित जमीन चानो में पहुंचे और उनके द्वारा जमीन का सीमांकन किया गया और जीआडा के द्वारा आवंटित जमीन को बाउंड्री किया गया ।

### बादम के मकर संक्रांति मेला से मोटरसाइकिल की चोरी

**बड़कागांव** : बड़कागांव थाना क्षेत्र के बादम में मकर संक्रांति मेला में एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी। इस संबंध में भुक्तभोगी ग्राम सांढ निवासी चंद्रशेखर कुमार ने बड़कागांव थाने में 16 जनवरी को आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन में बताया गया है कि चंद्रशेखर कुमार पूरे परिवार के साथ अपने हीरो एचएफ डीलक्स जे एच 02 एएन 9120 लाल रंग से मेला देखने पहुंचा था ,जो की अपना मोटरसाइकिल पीपल पेड़ के पास खड़ा किया था । मेला घूमने लगा था ।वापस आकर देखा तो उसकी गाड़ी गायब थी। इसके बाद चंद्रशेखर कुमार अपने मोटरसाइकिल को विभिन्न स्थानों में खोजबीन किया। परंतु कहीं नहीं मिला। ग्रामीणों का कहना है कि बादम के पंच वाहिनी मेले में हर साल मोटरसाइकिल चोरी की घटना सामने आती है।

### फरार अभियुक्त को आत्मसर्पण को लेकर पुलिस ने चिपकाया इश्तहार



**चौपारण** : चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पॉक्सो केस के आरोपी के घर पर इश्तहार चिपकाए जाने की जानकारी दी गई। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि चौपारण थाना कांड संख्या 368/24 पॉक्सो केस के आरोपी संदीप यादव उर्फ मधु, पिता राजेंद्र यादव ग्राम भगहर के घर पर इश्तहार चिपकाया गया। इश्तहार चिपका कर अभियुक्त को आत्मसर्पण के लिए एक सप्ताह का समय दी गई है। यदि अभियुक्त न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करता है तो अगली कारवाई कुर्की जप्त की होगी।

### मुखिया की अध्यक्षता में ग्राम सभा का हुआ आयोजन

**विष्णुगढ़** : हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत ग्राम चलांगा के पंचायत चेडरा में ग्राम सभा का आयोजन मुखिया निर्मल कुमार की अध्यक्षता में की गई। श्री कुमार ने बताया कि जितनी भी योजनाएं स्वीकृत की जाएगी उसे ग्राम सभा में पारित करना अति आवश्यक है , ग्राम सभा के माध्यम से ही योजनाओं की प्राथमिकता तय किया जा सकता है। तदोपरांत ग्रामीणों के द्वारा विभिन्न योजनाओं को ग्राम सभा में प्रस्ताव के रूप में पारित किया गया मौके पर पंचायत समिति सदस्य मुन्नी देवी, वार्ड सदस्य रिता कुमारी, रामदास राम इत्यादि ग्रामीण उपस्थित थे।

# सांसद सामूहिक विवाह उत्सव- 2025 के तहत क्षेत्र के 101 निर्धन बेटियों का करेंगे कन्यादान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल द्वारा सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 के तहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के 101 निर्धन जोड़ों के सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी गई है। सांसद मनीष जायसवाल खुद इस कार्यक्रम को सफल और ऐतिहासिक बनाने में जुटे हुए हैं। गुरुवार को इसकी तैयारी को लेकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल अपने टीम के साथ विवाह स्थल हजारीबाग स्टेडियम ( कर्जन ग्राउंड) पहुंचे और शादी स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और शादी की तैयारी में जुटे लोगों को कई प्रकार के दिशा- निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि पिछले साल भी उन्होंने हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र की 25 निर्धन बेटियों का कन्यादान किया था और गृहस्थ बसाने के साथ गृहस्थ चलाने के लिए बेरोजगार दूल्हों को टोटो या दुल्हन के नाम पर फिक्स- डिपोजिट कराया था। उसी तर्ज.पर आगामी 02 फरवरी 2025 को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के 101 जोड़े का सामूहिक विवाह करवाने जा रहें हैं ।

**101 जोड़े के नवजीवन की शुरूआत के साथ उनके गृहस्थ का जरूरी समान भी करेंगे भेंट: मनीष जायसवाल**

सांसद मनीष जायसवाल ने सामूहिक विवाह स्थल का निरीक्षण करने के पश्चात यहां मीडिया से बात करते हुए बताया कि पिछले वर्ष 25 जोड़े की जिंदगी की एक नई शुरूआत करने में हम सहभागी बन सके थे और मुझे इस नेक कार्य से बेहद आत्मसंतुष्टि मिली थी। मैंने वचन लिया था कि सामाजिक सहयोग रहा तो यह पहल बरकरार रहेगी। उसी पहल को बरकरार रखने की कोशिश में जुटा हूं और सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 के तहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की 101 निर्धन जोड़ें का सामूहिक विवाह शाही शादी के तर्ज कराने का प्रयास कर रहा हूं। ये सभी जोड़े समाज के आर्थिक रूप से निचले तबके के हैं और इसमें दिव्यांग, बेसहारा जोड़े के साथ समाज के ऐसे जरूरतमंद निर्धन जोड़ें हैं जिन्हें लगता है कि उनकी शादी परिवार के लिए किसी बोझ से कम नहीं है। आर्थिक कठिनाइयों के कारण जो परिवारजन अपने बच्चों का शादी का सपना पूरा कर पाने में असक्षम हो रहें थे ऐसे परिवार के लोगों का चयन और उनका सम्मानजनक तरीके से विवाह संपन्न कराने का हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि ऐसे पुनीत कार्यों के लिए समाज के अन्य सक्षम लोगों को भी आगे आने की जरूरत है ताकि किसी जरूरतमंद पिता को कन्यादान में मदद मिल सकें। उन्होंने यह भी कहा कि इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम को उत्सव के स्वरूप में मनाने की तैयारी है और जोड़ों को नवजीवन की शुरूआत करने में उनके गृहस्थ का जरूरी समान भी भेंट किया जाएगा ।

## मशरूम की खेती एवं उत्पादन को लेकर आईसेक्ट विश्वविद्यालय में कार्यशाला शुरु




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कृषि विभाग की ओर से मशरूम की खेती एवं उत्पादन को लेकर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत गुरुवार को विश्वविद्यालय सभागार में हुई। बता दें कि इस तीन दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मशरूम के अलग-अलग प्रकार के पहचान की तकनीक और मशरूम की पैदावार को बेहतर बनाने के आवश्यक तत्वों को विस्तार पूर्वक बताया जाएगा। साथ ही सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान की जाएगी। इससे पूर्व कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन गुरुवार को कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि आत्मा हजारीबाग के परियोजना निदेशक विल्सन आनंद कुजूर, मुख्य वक्ता राष्ट्रीय चावल अनुसंधान हजारीबाग के वरीय वैज्ञानिक डॉ अनीता बनर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार, कृषि संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार, विभागाध्यक्ष डॉ सत्यप्रकाश विश्वकर्मा सहित अन्य के हाथों दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विषय प्रवेश कराते हुए कृषि संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार तीन दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा बतायी और कहा कि झारखंड की जलवायु मशरूम की खेती के लिए उपयुक्त है। साथ ही मशरूम के पैदावार के नए तकनीक से घर के अंदर भी मशरूम का उत्तम पैदावार की जा सकती है।

## किसानों के लिए बैंक ऑफ इंडिया ने दिया नए साल का सौगात : नरेंद्र कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग :** बैंक ऑफ इंडिया हजारीबाग आंचलिक शाखा में आंचलिक प्रबंधक नरेंद्र कुमार ने एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया इस प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि बैंक ऑफ इंडिया देश का अग्रणी बैंक है और भारत कृषि प्रधान देश है किसानों के हित के लिए बैंक ऑफ इंडिया हमेशा से सुलभ और सरल रूप से सेवा के लिए प्रतिबद्ध रहा है प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एनपीए केसीसी ऋण खातों में बीओआई समझौता स्कीम के तहत भारी राहत 70 से 90% तक की भारी छूट मिलेगी इस समझौता के बाद भी किसान के सी सी लोन ले सकते हैं । आगे उन्होंने बताया कि जिन किसान भाइयों का केसीसी खाता किसी कारणवश एनपीए ( खराब ) हो गया है और वे अपने केसीसी खाते में पैसा जमा करने में असमर्थ हैं साथ ही उनके खाते को खराब हुए दो साल से अधिक हो चुका है उन पुराने केसीसी खातों मे 70 से 90% तक की भारी छूट बीओआई स्टार संजीवनी स्कीम के अन्तर्गत किसानों को दी जानी है। सभी ऐसे किसानों से अपील किया है कि अपने नजदीकी बीओआई शाखा में जाकर पुराने केसीसी ऋण को चुकाकर नए केसीसी लिमिट नए वित्तीय पैमाने के तहत 3.00 लाख रुपये तक राशि निम्न प्रकार से प्राप्त कर सकते हैं उन्होंने इस दौरान जानकारी दिया कि एक लाख रुपये से कम की राशि बिना किसी प्रतिभूति और बिना एल पी सी के , एक लाख से दो लाख रुपये की राशि एल पी सी के साथ , दो लाख रुपये से अधिक की राशि झ्र एल पी सी व प्रतिभूति बंधक के साथ स्वीकृत होगा।

## कुलपति ने महाविद्यालय के प्राचार्यों के साथ की बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार पोद्दार ने 16 जनवरी को विश्वविद्यालय के अंतर्गत अंगीभूत तथा संबद्ध महाविद्यालय के प्राचार्यों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। पूर्वाहन 11:30 को आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलपति ने सभी महाविद्यालयों के नैक प्रत्यायन की प्रस्थिति की समीक्षा की। कुलपति ने कहा कि पहले दौर में विश्वविद्यालय की यह कोशिश रही की सभी महाविद्यालय नैक प्रत्यायन की प्रक्रिया को पूर्ण करें। अब हमारी यह प्राथमिकता होनी चाहिए कि नैक के अगले प्रत्यायन में हमें बेहतर से बेहतर अंक प्राप्त हो। उन्होंने नैक प्रत्यायन के संबंध में महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश देते हुए कहा कि इस कार्य को बहुत कठिन नहीं समझना चाहिए। परंतु इसकी तैयारी हेतु एक सतत प्रक्रिया को अपनाने की आवश्यकता है। प्रोफेसर पोद्दार ने कहा कि शीघ्र ही इस दिशा में विश्वविद्यालय के द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रत्येक महाविद्यालय के प्राचार्य निश्चित रूप से उपस्थित होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के लिए एक विशेषज्ञ को आमंत्रित किया जाएगा जो क्राइटेरिया अनुसार प्रशिक्षण उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि सभी प्राचार्य आपस में समन्वय बनाकर एमओयू की संभावनाओ का तलाश करें। उन्होंने परामर्श दिया कि वर्चुअल कक्षाओं के द्वारा शिक्षकों की कमी की समस्या से अस्थाई, अपितु तात्कालिक, हल निकाला जा सकता है। इस दिशा में किए गए किसी भी पहल को विश्वविद्यालय पूर्ण सहयोग उपलब्ध कराएगी। प्राचार्य ने अपने स्तर पर शिक्षकों की घोर कमी की समस्या के तरफ कुलपति का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने आवश्यकता आधारित शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया को शीघ्र संपन्न करवाने का आग्रह किया। उन्होंने इसी कमी को नैक प्रत्यायन के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा बताया।

बैठक का संचालन विश्वविद्यालय के नैक समन्वयक डॉ गंगानन्द सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ सादिक रज्जाक ने किया। इस अवसर पर छात्र कल्याण संकायअध्यक्ष डॉ विकास कुमार कुलानुशासक डॉ मिथिलेश कुमार सिंह, विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्राचार्यगण, सहायक कुलसचिव कुमार विकास तथा सहायक जागेश्वर मुंडा उपस्थित थे।

## थाना प्रभारी ने सुरक्षा को लेकर मोटरसाइकिल जांच अभियान चलाया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** अपराधिक घटना को लेकर सीकरी ओपी प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने मोटरसाइकिल जांच अभियान चलाया। इस दौरान दोपहिया वाहन चालकों के हेलमेट, ड्राइविंग, लाइसेंस, और वाहनों के कागजात की जांच पड़ताल की गई। सीकरी ओपी प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि हेलमेट, ड्राइविंग, लाइसेंस और अपडेट कागजात नहीं रहने वाले लगभग 28 मोटरसाइकिल वाहन चालकों के विरुद्ध चालान के लिए अग्रेतर कार्रवाई के लिए सूची भेजी गई। मोटरसाइकिल जांच अभियान लगातार चलाए जा रहा है जिससे अवैध ड्राइविंग लाइसेंस , अपडेट कागजात रखने की हिदायत दी जा रही है। बड़कागांव केरेडारी मुख्य सड़क से गुजरने वाले दोपहिया वाहन चालकों में हेलमेट ड्राइविंग लाइसेंस दर्जनो वाहनों के कागजात अपडेट देखने को मिल रहा है। वहीं कई दो पहिया वाहन के कागजात ड्राइविंग लाइसेंस इत्यादि अपडेट नहीं रहने के कारण उनके विरुद्ध करवाई को लेकर सूची भेजी गई है।आगे श्री सिंह ने विशेष कर स्थानीय लोगों से अपील करते हुए कहा है कि आप सभी लोग सहयोग करें और हेलमेट पहनकर एवं वाहन का अपडेट कागजात लेकर ही चलें।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा सिर्फ एक संगठन नहीं बल्कि यह एक परिवार है : संजीव बेदिया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग :** झामुमो हजारीबाग नगर कमिटी का एक दिवसीय सम्मेलन गुरुवार को हजारीबाग शहर के स्टेशन क्लब में आयोजित किया गया। नगर कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा एवं बतौर विशिष्ट अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव एवं झारखंड राज्य परिवहन प्राधिकार के सदस्य सह झामुमो हजारीबाग जिला संयोजक मंडली के मुख्य संयोजक संजीव कुमार बेदिया , केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य कमलनयन सिंह शामिल हुए ' कार्यक्रम की अध्यक्षता नवीन प्रकाश एवं मंच संचालन पूर्व कोषाध्यक्ष नईम रही ने की। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को गुलदस्ता देकर किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि फागू बेसरा ने कहा कि आज पूरा देश झारखंड के हेमंत सोरेन मॉडल को फॉलो कर रही है। भाजपा के शासन काल में राज्य का दोहन हुआ यहां की सत्ता दिल्ली के रिमोट से चलती थी। सरकार की अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं हैं जिन्हें अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना होगा। कार्यकताओं को जिम्मेदारी लेनी होगी संगठन को मजबूत कर अभी से हम लोगों को 2029 के चुनाव की तैयारी में लगना होगा। झामुमो नगर कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय सचिव एवं झारखंड परिवहन प्राधिकार के सदस्य सह झामुमो हजारीबाग के मुख्य संयोजक संजीव कुमार बेदिया ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा सिर्फ एक संगठन नहीं बल्कि यह एक परिवार है। जो सभी लोगों को सम्मान देने का काम करता है। उन्होंने झारखंड सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि झारखंड में चहुंमुखी विकास किया जा रहा है। जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे तौर पर जनता को मिल रहा है उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता कमर कसकर तैयारी कर ले आने वाला समय पूरे हजारीबाग में झामुमो का परचम लहराएगा हजारीबाग के लोकसभा सहित सभी विधानसभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक जीत का परचम लहराएंगे। सभी झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकताओं का यही लक्ष्य होना चाहिए। इसके लिए सभी कार्यकताओं को कमर कसकर सदस्यता अभियान और संगठन मजबूती के लिए जमकर तैयारी करनी है। धन्यवाद ज्ञापन युवा नेता गौरव पटेल के द्वारा दिया गया। सर्व सहमति से झामुमो हजारीबाग नगर कमिटी का चयन किया गया जिसमें अध्यक्ष नवीन प्रकाश उपाध्यक्ष राजू केसरी, शादाब हाशमी, सचिव मोहम्मद निसार, कोषाध्यक्ष - विक्की लकड़ा को बनाया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### विधायक मनोज यादव ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण



**बरही** : बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने ठंड के मौसम में जरूरतमंदों की सहायता करने के उद्देश्य से करसो पंचायत के खैराटीला में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने 40 लाभुकों को कंबल वितरित किए और उनकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मदद का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विधायक मनोज यादव ने कहा कि ठंड के इस मौसम में गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद करना हमारा दायित्व है। मेरी कोशिश है कि हर जरूरतमंद तक सहायता पहुंचे। सरकार और प्रशासन के माध्यम से भी गरीबों को हरसंभव सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक ने आगे कहा कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने स्थानीय जनता से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को समझने और समाधान के लिए निरंतर प्रयास करने का वादा किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, मुखिया समशेर आलम, करसो मुखिया प्रतिनिधि मुकेश राम, मुखिया प्रत्याशी राजकुमार केशरी, राजकुमार यादव, अमित कुमार उर्फ पम्पम, सचिन यादव, संतोष निषाद, अजित रविदास, टिंकू आलम, ज्योतिष यादव, युगल यादव, अशोक यादव, बुधन भुइयां समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे। इस कंबल वितरण कार्यक्रम ने न केवल जरूरतमंदों को राहत पहुंचाई, बल्कि विधायक मनोज यादव की सामाजिक और संवेदनशील छवि को और मजबूत किया।

### जवाहर नवोदय का 569 फार्म भरे जाने पर बीईईओ को किया गया सम्मानित



**चौपारण** : जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा छठी में दाखिले के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 7 अक्टूबर 2024 थी। जिसमें चौपारण प्रखंड के बीईईओ राकेश कुमार सिंह के देखरेख व कुशल नेतृत्व में चौपारण, विष्णुगढ़ व टाटीझरिया प्रखण्ड में आशा से अधिक बच्चों ने फॉर्म को भरा। जिसमे चौपारण से 569, बिष्णुगढ़ से 406 और टाटीझरिया से 159 बच्चों ने नामांकन के लिए फॉर्म भरा है। जिसका इंट्रेंस टेस्ट 18 जनवरी को विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आयोजित होगी। इधर सबसे अधिक फॉर्म भरवाने के लिए चौपारण एवं अतिरिक्त प्रभार बिष्णुगढ़ व टाटीझरिया प्रखण्ड के शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह को नवोदय विद्यालय के प्रिंसिपल बिनोद कुमार ने हजारीबाग के डीईओ ऑफिस में शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किए और इनके बेहतर कार्य की सराहना किये। वहीं हजारीबाग जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन ने भी इनके बेहतर कार्य की सराहना करते हुए इन्हें शुभकामनाएं दी।

### महिला गैंग सक्रिय, लोगों से जबरन वसूल रही पैसा



**हजारीबाग** : हजारीबाग के शहर में इन दोनों महिला गैंग सक्रिय है। जो सुनसान इलाकों में लोगों से पैसा वसूल रही हैं। हजारीबाग के विभिन्न इलाकों में इन्हें देखा जा रहा है। जिनकी संख्या 6 है। देखने से ही यह महिला बाउंसर जैसी लगती है। लंबी चौड़ी गोरी कद-काठी कि लड़कियों को देखकर कोई भी गाड़ी भय से रोक देता है। सड़क के बीचो-बीच ये खड़ा होकर गाड़ी रुकवाती है। चार पहिया हो या दो पहिया सभी गाड़ी इनके टारगेट में रहता है। जब गाड़ी रुकता है तो उनसे वह पैसा वसूलते हैं। इसे लेकर वह एक कागज भी रखी हुई है और कहती है कि किसी एनजीओ के लिए पैसा वसूल रही है। यहां सवाल खड़ा होता है कि गुजरात की बताने वाली यह युवती झारखंड में पैसा क्यों वसूल रही है। कुछ दिन पहले इन्हें निर्मल महतो पार्क के आसपास भी पैसा वसूलते हुए देखा गया। वहीं गुरुवार को कटकमदाग थाना क्षेत्र अंतर्गत सुलताना में बीच सड़क पर यह पैसा वसूल रही थी। खड़ी हिंदी और गोरी चट्टी लंबी कद कि यह युवतियों का पहनावा भी थोड़ा अलग है अगर कोई व्यक्ति उनकी तस्वीर लेना चाहता है तो वह उसे पर हावी हो जाती है यही कारण है कि भय के कारण भी लोग पैसा दे देते हैं। सुलताना में जब यह पैसा वसूल रही थी तो कुछ स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना थाना प्रभारी को दिया। थाना प्रभारी ने पेट्रोलिंग गाड़ी भेजा तो वहां युवती वहां से जाने की बात करने लगी। जब उनसे कड़ाई से पूछताछ की गई तो उन्होंने कुछ कागज दिखाया। बताया कि एनजीओ के लिए पैसा जमा के लिए हजारीबाग पहुंची हूं। सभी युवतियों को थाना प्रभारी पंकज कुमार ने थाना बुला लिया। उनसे जानकारी ली गई और सभी का आधार कार्ड भी लिया गया है।

### मध्य विद्यालय बेंदगी प्रबंधन समिति का हुआ पुनर्गठन परमेश्वर प्रसाद अध्यक्ष व खुशबू देवी बनीं उपाध्यक्ष

**बरही** : मध्य विद्यालय बेंदगी में प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। इस सभा की अध्यक्षता रसोईया धमना पंचायत के मुखिया गोविंद प्रसाद ने की, जबकि संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद रिजवान ने किया। चुनाव प्रक्रिया में सर्वसम्मति से परमेश्वर प्रसाद को अध्यक्ष और खुशबू देवी को उपाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा, अन्य सदस्यों में रिजवान अंसारी (प्रधानाध्यापक), महेश प्रसाद यादव, ज्योति कुमारी, किरण देवी, मोहम्मद हबीब अंसारी, विजय पांडे, सुरेंद्र साहू, चिंता देवी, रीना देवी, मंजू देवी, और यशोदा देवी का चयन हुआ। बैठक में सैकड़ों ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। प्रमुख उपस्थिति में जिला परिषद सदस्य प्रीति कुमारी, पंचायत समिति सदस्य मो. तैयब और कलावती देवी, उप मुखिया वीरेंद्र कुमार, नंदकिशोर कुमार, तबरेज अंसारी, मोहम्मद तौकीर राजा, भुनेश्वर साहू, जमनी देवी, हीरामन साहू, रघुनंदन यादव, प्रयाग साव, हरि यादव, नितेश कुमार, शंकर कुमार, महेश प्रसाद, और मोहम्मद इस्लाम अंसारी शामिल रहे।

## एक नजर

### झारखंड सहित सभी राज्यों में लगे जयप्रकाश की प्रतिमा : पंकज मिश्र

रांची : जेपी जनता के राष्ट्रीय सचिव पंकज मिश्र ने झारखण्ड सहित सभी राज्यों में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा लगाने की मांग की है। झारखण्ड के सीएम हेमंत सोरेन से व्यक्तिगत रुप से मिलकर राजधानी रांची के महत्वपूर्ण चौराहे पर लोकनायक की प्रतिमा लगाने का आग्रह करने की बात कही। श्री मिश्र ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्वंय में एक संस्था रहते हुए भी सबसे मशविरा के बाद ही निर्णय तक पहुंचते थे। वह मानते थे कि समरस समाज की स्थापना करनी है तो सबों को बराबर का मौका देना होगा। वर्तमान राजनीतिज्ञों में इस की कमी देखी जा रही हो। जेपी जनता दल अपनी भूमिका महज एक राजनीतिक दल तक ही सीमित नहीं रखना चाहती, वह लोकनायक के आदर्शों और नीतियों से समाज में को खास कर युवा वर्ग को अवगत कराना चाहती। भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश देश के युवा वर्ग पर शुरू से भरोसा और उम्मीद थी। उन्होंनें कहा कि सभी राज्य इकाईयों से आग्रह किया कि वह अपनी राज्य सरकारों को पत्र लिखकर जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा लगाने का आग्रह करें।

### क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन पांच फरवरी को

रांची : झारखंड मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन के पूर्व सचिव नारायण साहू की पुण्यतिथि पर क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन पांच फरवरी की सुबह सात बजे अरगौड़ा चौक पर किया जाएगा। झारखंड मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव लक्ष्मण राम, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद साहू और चंदन साहू ने संयुक्त रूप से गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में 18 साल के युवक और युवती के लिए 10 किलोमीटर, जूनियर ब्वॉय और जूनियर गर्ल्स (12-17 वर्ष) के लिए पांच किलोमीटर, 30 साल से 55 साल तक व्यक्तियों के लिए तीन किलोमीटर की कंट्री दौड़ आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए प्रथम पुरस्कार पांच हजार, द्वितीय पुरस्कार 3000 हजार और तृतीय पुरस्कार 2000 रुपये रखा गया है। चौथे, पांचवे और छठे स्थान पर आने प्रतिभागियों को एक हजार रुपये से सम्मानित किया जाएगा। सभी प्रतिभागी के लिए रजिस्ट्रेशन फीस 50 रुपये निर्धारित है। सभी का आधार कार्ड होना अनिवार्य है।

### '100वें रोज शो' में राज भवन उद्यान के गुलाब ने हासिल की सफलता, राज्यपाल ने किया सम्मानित

रांची : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज यानी गुरूवार 16 जनवरी को राज भवन उद्यान में कार्यरत कर्मियों को गुलाब की 'एलिना वेराइटी' को '100वें रोज शो' में 'क्वीन ऑफ द शो' और 'विनर ऑफ द शो' के पुरस्कारों से सम्मानित किया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 'रोज सोसाइटी ऑफ रांची' द्वारा आयोजित की गई थी। इस शो में राज भवन के गुलाब ने अपनी उत्कृष्टता का परिचय देते हुए 22 श्रेणियों में से 8 श्रेणियों में प्रथम स्थान और 8 श्रेणियों में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राज्यपाल ने की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना इस अवसर पर राज्यपाल ने उद्यान कर्मियों की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज भवन उद्यान, नागरिकों के लिए एक आकर्षण का केंद्र बन चुका है। यहां लोग विभिन्न गुलाब की प्रजातियों की सुंदरता का आनंद लेते हैं। राज्यपाल ने कर्मियों को उत्साहित करते हुए उन्हें अपने कार्य में और अधिक निपुणता और समर्पण के साथ जुटे रहने के लिए प्रेरित किया।

# राजस्व संग्रहण में लोगों की सुविधाओं का रखें ध्यान : मंत्री दीपक बिरुआ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : झारखंड के भू राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि जमीन संबंधित मुद्दों पर लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राजस्व संग्रहण किया जाए। इसलिए म्यूटेशन समेत अन्य जमीन संबंधित कार्यों को राइट टू सर्विस एक्ट के दायरे में लाएं। अधिकारी ऐसे कार्यों को समय पर पूरा कराने की दिशा में काम करें, ताकि लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके और सरकार को राजस्व संग्रहण बढ़ें।

मंत्री दीपक बिरूआ प्रोजेक्ट भवन स्थित अपने विभागीय कार्यालय में गुरुवार को सभी प्रमंडलीय आयुक्त और विभागीय सचिव के साथ वर्चुअल बैठक में निर्देश देते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अपनी ही जमीन की रसीद कटवाने के लिए भी लोगों को कचहरी और कर्मचारियों के कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। इसलिए अब राज्यवासी बार कोड की सुविधा मिलेगी। जिसके माध्यम से लोग मोबाइल से ही अपनी जमीन की रसीद कटा सकेंगे। विभाग इस पर आगे की कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि बार कोड के जरिए रसीद कटने पर लोगों को रसीद कटवाने के लिए यहां वहां जाने की जरुरत नहीं होगी। बैठक में चाईबासा आयुक्त के जरिये जमशेदपुर जिले की कंपनियों से दो हजार करोड़ राशि के बकाया वसूली करने का प्रस्ताव सामने आया। जिसपर मंत्री ने तत्काल मामले पर संज्ञान लेते हुए उसपर आगे की कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि ऐसे कई मामले हैं जहां से रेवेन्यू वसूली होने पर राज्य की राजस्व में बढ़ोतरी होगी। लेकिन इस पर काम करने की जरुरत है।

मौके पर मंत्री ने सरकारी जमीन के कब्जे मामले में भी सख्ती दिखाते हुए निर्देश दिया है कि सरकारी जमीन पर जमाबंदी कायम है या नहीं इसपर ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि हरमू नदी किनारे भी अनावश्यक रूप से कब्जा कर नदी को समाप्ति के कगार पर छोड़ा जा रहा है। इसपर विभागीय स्तर पर चर्चा कर आगे की कार्रवाई करने की रणनीति तय की जाए।

बैठक में इसके अलावे लंबित म्यूटेशन की कठिनाईयों को दूर कर जमीन संबंधित राजस्व संग्रहण को सहूलियत बनाने, खासमहल जमीन के रिन्यूअल कराने के सुझाव पर अमल किए जाने, सैरात की वसूली को सुविधाजनक बनाने, नीलाम पत्र वाद के निष्पादन पर खास निर्देश देने, लंबित कोर्ट केस की नियमित समीक्षा कर वरीय पदाधिकारियों के जरिये उसके अविलंब निष्पादन किए जाने, अंचल कार्यालयों में निरीक्षण करने समेत राजस्व बढ़ाने जैसे अन्य महत्वपूर्ण मामलों में दिशा निर्देश दिया।

## बिजली वितरण निगम : 10 हजार से अधिक बकाएदारों की कटेगी बिजली

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम का घाटा बढ़ता ही जा रहा है। इस समस्या से निपटने के लिए वितरण निगम ने राजस्व बढ़ाने पर जोर दिया है। साथ ही 10 हजार से अधिक बिजली बिल बकाएदारों का लाइन काटने का निर्देश दिया है। घरेलू उपभोक्ता के पुराने बिजली माफ होने के बाद अब ज्यादातर शहरी क्षेत्र में ही कुछ बड़े बिजली बिल बकाएदार हैं। इन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा बड़े बकाएदार खासकर कॉमर्शियल कन्ज्यूमर और सरकारी विभागों के ऊपर बकाया राशि को वसूलने का निर्णय लिया गया है।

### सालाना 8975 करोड़ की खरीदी जाती है बिजली

झारखंड बिजली वितरण निगम सालाना 8975 करोड़ की बिजली विभिन्न पावर कंपनियों से खरीदता है। इसके एवज में वितरण निगम को सालाना 7311 करोड़ का विभिन्न स्त्रोतों से राजस्व की प्राप्ति होती है। इसका खुलासा बिजली वितरण की ऑडिट रिर्पोट में हुआ है। इस हिसाब से लगभग 1663 करोड़ का सालाना रेवेन्यू गैप रह जाता है।

### एचईसी का 245 करोड़ बकाया

एचईसी के ऊपर 245 करोड़ बकाया है, जिसके लिए जेबीवीएनएल ने नोटिस भेजकर जल्द भुगतान करने की चेतावनी दी है। राज्यभर में जेबीवीएनएल का बकाया करीब 8000 करोड़ है।

## झारखंड में 21 जनवरी तक न्यूनतम तापमान में बदलाव की संभावना नहीं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : झारखंड में ठंड का कहर जारी है। राज्य में 21 जनवरी तक न्यूनतम तापमान में बदलाव की संभावना नहीं है। हालांकि गुरुवार को राजधानी रांची में सुबह में कोहरा और धुंध के बीच बादलों की लुका छिपी बनी रही। मौसम विभाग के अनुसार 17 जनवरी से 21 जनवरी तक सुबह में कोहरा और आंशिक रूप से बादल छाये रहने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र रांची से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.1 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में डाल्टेनगंज का अधिकतम तापमान 20.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 23.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 09.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस संबंध में रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने गुरुवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 6.0 डिग्री सेल्सियस हजारीबाग में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियसचाईबासा में रहा। पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा और कहीं-कहीं हल्का कोहरा भी देखा गया।

## आईओटी और इंडस्ट्री 4.0 के अनुरूप ज्ञान में वृद्धि करने की जरूरत है : अनूप कुमार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : सेल सुरक्षा संगठन (एसएसओ) द्वारा एमटीआई, रांची में सुरक्षा और अग्निशमन सेवाओं के प्रमुखों की एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अनूप कुमार, कार्यकारी निदेशक (एसएसओ) ने की। सेल की एकीकृत इस्पात संयंत्रों और इकाइयों के साथ-साथ खदानों के सीजीएम और सुरक्षा प्रमुखों ने इसमें भाग लिया।

कार्यशाला के आरंभ में, ईडी (एसएसओ) ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और उल्लेख किया कि हर दिन, हम ज्ञात से अज्ञात की ओर बढ़ रहे हैं, और जो अज्ञात है उससे लगातार विकसित होने वाले खतरों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए गहन ज्ञान और समझ के साथ पहचानने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे उल्लेख किया कि उभरते खतरों को ध्यान में रखते हुए एसओपी और एसएमपी की समय-समय पर समीक्षा की जानी चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि संयंत्र की जनसांख्यिकी तेजी से बदल रही है, जिसमें संविदा कर्मियों की संख्या बढ़ रही है, जिनके पास कम कार्य अनुभव होता है। इसके लिए संविदात्मक कार्यबल के प्रशिक्षण पर उचित जोर देने की आवश्यकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नई और उभरती प्रौद्योगिकियों यानी आईओटी और इंडस्ट्री 4.0 के अनुरूप ज्ञान में लगातार वृद्धि करने की जरूरत है, रिमोट संचालन और सहयोगी रोबोट (कोबोट्स) का उपयोग करके मानव-मशीन संपर्क को कम किया जा सकता है। कार्यशाला के दौरान, सेल की सभी इकाइयों के प्रतिभागियों के बीच सुरक्षा में डिजिटल हस्तक्षेप पर जोर देने के साथ, अच्छी सुरक्षा कार्य-प्रणालियों सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

## राहुल गांधी का बयान भारत के खिलाफ : बाबूलाल मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय भवन के उद्घाटन के मौके पर दिये गये बयान पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का बयान भारत के खिलाफ है।

मरांडी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि राहुल गांधी का हालिया बयान, जिसमें उन्होंने कांग्रेस की लड़ाई केवल आरएसएस और भाजपा के खिलाफ नहीं, बल्कि भारत के खिलाफ भी बताया है, बेहद चिंताजनक और विभाजनकारी है। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट संकेत है कि कांग्रेस पार्टी और उनके नेता बाहरी शक्तियों, जैसे जॉर्ज सोरोस और उनके समर्थकों के प्रभाव में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बयान भारतीय राजनीति में एक खतरनाक मोड़ है, जो यह दशार्ता है कि कुछ नेता देश के हितों से अधिक अपनी राजनीति और बाहरी ताकतों के दबाव को प्राथमिकता दे रहे हैं। मरांडी ने आगे लिखा कि मैं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से अपील करता हूं कि वे इस प्रकार की देशविरोधी और विभाजनकारी बयानबाजी पर सख्त कदम उठाएं। यह सुनिश्चित करना अनिवार्य है कि भविष्य में इस तरह के बयान न दिए जाएं और देश के खिलाफ बोलने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अगर आज ही इस पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो यह एक खतरनाक प्रवृत्ति का रूप ले सकता है। उन्होंने कहा कि भारत की एकता और अखंडता के खिलाफ किसी भी प्रकार की बयानबाजी को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए।

# झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने की महाप्रबंधक से मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में विद्युत आपूर्ति क्षेत्र रांची के महाप्रबंधक (तकनीकी) से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने महाप्रबंधक मनमोहन कुमार से मुलाकात कर अवैध बहाली और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की। इस दौरान संघ ने महाप्रबंधक को एक लिखित ज्ञापन भी सौंपा।

इस पर महाप्रबंधक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि गुमला अधीक्षण अभियंता के माध्यम से पूरे मामले की जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी होगी। जानकारी हो कि संघ का आरोप है कि गुमला और सिमडेगा डिवीजन में बिना नई सीट आवंटन के अवैध तरीके से मानव दिवस कर्मियों की बहाली की गई है। इस मामले में संघ ने कई गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा है कि:- बिना नई सीट आवंटन के नए कर्मियों से काम लिया जा रहा है। जबकि पुराने कर्मियों की सैलरी काटकर उन्हें केवल 22 दिन का भुगतान किया जा रहा है।

सिमडेगा के विभागीय पदाधिकारी राम नंदन राम ने अपने रिश्तेदार के नाम से एजेंट कोड आवंटित किया है। इससे सभी मानव दिवस कर्मियों की तनख्वाह काटी जा रही है। साथ ही उन्हें छक्ड पॉलिसी लेने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

ऐसे कर्मचारी जिनके पास पहले से दक्षता और अनुभव है, उन्हें वर्तमान सीट के अभाव में काम से हटा दिया गया है। उनकी जगह नए कर्मियों को नियुक्त किया गया है। विभाग ने न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 में किए गए संशोधन के तहत कर्मचारियों को 30-31 दिन का भुगतान सुनिश्चित किया था। लेकिन उन्हें 22-23 दिन का भुगतान ही किया जा रहा है। संघ ने महाप्रबंधक से इन समस्याओं का समाधान करने की अपील की है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि इन मुद्दों का समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। इस प्रतिनिधिमंडल में अजय राय के साथ अनिकेत कुमार सिंह, प्रवीण टोप्पो, मुकेश साहू, अमित कुमार, आनंद कुमार आदि सदस्य भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अपर नगर आयुक्त के निधन पर नगर आयुक्त ने जताया शोक



रांची : रांची नगर निगम के अपर नगर आयुक्त फिलबियुस बारला के निधन पर नगर आयुक्त संदीप सिंह सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने गुरुवार को शोक प्रकट किया है। सिंह ने अपने शोक संदेश में कहा कि रांची नगर निगम परिवार दु:ख की इस घड़ी में फिलबियुस बारला के परिवार के साथ है। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए हम सभी ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। अपर नगर आयुक्त फिलबियुस बारला का बुधवार को निधन हो गया। उनकी तबियत खराब होने के बाद उन्हें दोपहर को ऑर्किड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान बुधवार को देर शाम को उनका निधन हो गया।

### ट्रांसफार्मर खराब होने से सोनाजोरी गांव में बिजली संकट : बाबूलाल मरांडी



रांची : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बरहेट प्रखंड के सोनाजोरी गांव में ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीणों को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। ट्रांसफार्मर की खराबी के साथ-साथ गांव में बिजली के तार भी जर्जर अवस्था में हैं। मरांडी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि उक्त समस्याओं के कारण ग्रामीण न केवल बिजली से वंचित हैं, बल्कि उनकी रोजमर्रा की जिंदगी भी प्रभावित हो रही हैं। डीसी साहिबगंज इस मामले का संज्ञान लेकर तुरंत बिजली विभाग के अधिकारियों को ट्रांसफार्मर बदलने व जर्जर तारों की मरम्मत के लिए निर्देशित करें।

### जैक बोर्ड : मैट्रिक और इंटर की तैयारी पूरी, 11 फरवरी से परीक्षा, बनाए गए 2100 परीक्षा केंद्र




रांची : झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मैट्रिक और इंटर परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली है। इस वर्ष परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है। इस वर्ष मैट्रिक और इंटर की परीक्षा के लिए 2100 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। मैट्रिक के लिए राज्यभर में 1305 केंद्र व इंटर के लिए 795 केंद्र बनाये गये हैं। इस वर्ष मैट्रिक और इंटर मिलाकर कुल 7,83,711 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। वर्ष 2024 की तुलना में इस वर्ष मैट्रिक में 12208 व इंटर तीनों संकाय में परीक्षार्थियों की संख्या में 5267 की वृद्धि हुई है। जैक ने 10वीं (मैट्रिक) और 12वीं (इंटरमीडिएट) की बोर्ड परीक्षाओं की तारीखों की घोषणा कर दी है। यह परीक्षाएं 11 फरवरी 2025 से शुरू होकर 3 मार्च 2025 को समाप्त होंगी। कक्षा 10 (मैट्रिकुलेशन) की परीक्षाएं 11 फरवरी से शुरू होकर 3 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। मैट्रिक परीक्षा के पेपर सुबह के सत्र में होंगे और परीक्षा का समय सुबह 9:45 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। झारखंड बोर्ड परीक्षा 2025 के लिए एडमिट कार्ड और अन्य संबंधित जानकारी जल्द ही जैक की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

### रांची में कैसे रुके नशे का कारोबार, विभाग पुलिस कर्मियों को दे रहा विशेष प्रशिक्षण




रांची : झारखंड की राजधानी रांची में 16 जनवरी को अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय होटवार और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की संयुक्त टीम ने गुरुवार को एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन रांची के नये पुलिस केन्द्र में NDPS एक्ट पर किया गया। इसका उद्घाटन पुलिस उप महानिरीक्षक और वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने किया। बताया जा रहा है कि इस कार्यक्रम में अफीम की अवैध खेती की रोकथाम के लिए सैटेलाइट इमेज तकनीक के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक, पुलिस अवर निरीक्षक और सहायक पुलिस अवर निरीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को दिया गया। जानकारी हो कि इससे पहले विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत चतरा, पश्चिम सिंहभूम चाईबासा और खूंटी जिले में पदस्थ पुलिस अधिकारियों को भी प्रशिक्षित किया जा चुका है। पुलिस अधीक्षक ITS रांची ने जानकारी दी कि भविष्य में राज्य के अन्य जिलों में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### भारतीय स्टार्टअप एसोसिएशन ने लिया संकल्प, छात्र उद्यमियों की करेंगे सहायता

रांची : भारतीय स्टार्टअप एसोसिएशन ने झारखंड में उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वाकांक्षी पहल की घोषणा की है। इसके तहत रांची विश्वविद्यालय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, विनोबा भावे विश्वविद्यालय और अन्य इच्छुक विश्वविद्यालयों को इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित करने में सहायता दी जाएगी। यह कदम उभरते छात्र उद्यमियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराकर सशक्त स्टार्टअप इकोसिस्टम बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। इनक्यूबेशन सेंटर प्रशिक्षण, मार्गदर्शन, फंडिंग और अत्याधुनिक तकनीक तक पहुंच प्रदान करने वाले केंद्र के रूप में कार्य करेंगे। ये केंद्र अकादमिक और उद्योग के बीच एक सेतु का काम करेंगे, जिससे छात्र और शोधकर्ता अपने विचारों को व्यावसायिक रूप से उपयोगी उद्यमों में बदल सकें। ISUA का लक्ष्य स्थानीय विश्वविद्यालयों, उद्योगों और नीति-निमार्ताओं के साथ मिलकर स्टार्टअप्स के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना है। ISUA के राष्ट्रीय अध्यक्ष रथिन भद्र ने कहा, झारखंड में कृषि, खनन और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में उद्यमिता की अपार संभावनाएं हैं। ये इनक्यूबेशन सेंटर स्टार्टअप्स द्वारा सामना की जाने वाली बुनियादी ढांचे, मार्गदर्शन और फंडिंग की चुनौतियों को हल करेंगे और युवाओं को स्थानीय समस्याओं के अभिनव समाधान तलाशने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। इसके साथ ही ISUA ने उद्यमियों को धोखाधड़ी करने वाले तृतीय पक्षों से सतर्क रहने की चेतावनी दी है। ऐसे धोखेबाज निवेशकों द्वारा अग्रिम भुगतान के नाम पर पैसा लेने और फिर गायब हो जाने की घटनाओं में वृद्धि देखी गई है। इस तरह की धोखाधड़ी न केवल वास्तविक निवेशकों की साख को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि युवा उद्यमियों को भी हतोत्साहित करती है।

## एक नजर

### अंचल में एक सप्ताह से आनलाईन कामकाज है ठप

**चास** : चास अंचल में एक सप्ताह से आनलाईन कामकाज ठप है। जिसमें संशोधन, पिछला भुगतान, दाखिल खारीज, लगान रसीद भुगतान, खाता का प्रकार आदि कामकाज नहीं हो पा रहा है। लोगों को न तो नक्शा-खसरा मिल रहा है और न ही आवेदित आवेदनों पर निपटारा हो पा रहा है। वहीं प्रमाण पत्रों के नहीं मिलने से किसान लगातार कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। अंचल का सर्वर कब तक ठीक होगा पदाधिकारी भी सही से नहीं बता पा रहे हैं। जिससें आमजनों में काफी आक्रोश है।

### तालाब में कार गिरने से मचा हड़कंप



**बोकारो**: बोकारो के टूटेंन गार्डन तालाब में घुसी कार। बाल बाल बचा चालक, मौके से फरार हुआ कार चालक सहित अन्य लोग। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस। गाड़ी को निकालने का प्रयास है जारी। बोकारो के सिटी थाना क्षेत्र के टूटेंन गार्डन की है घटना। घटना के बारे में बताते चले की बोकारो की सिटी थाना क्षेत्र के एडीएम बिल्डिंग के पास स्थित टूटन गार्डन तालाब में एक कार अचानक तालाब में घुस गई। तालाब के पानी में घुसने के बाद भी कार चालू अवस्था में ही था। संभवतह यह अनुमान लगाया जा रहा है कि इसमें सवार ड्राइवर कार के पानी में घुसते ही रफुचक्कर हो गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची सिटी थाना पुलिस ने बताया की प्रथम दृष्टिया कोई प्रत्यक्ष दर्शी इस मामले में नहीं मिला है,सूचना पाकर पहुंचे है पूरे मामले की जांच कर रहे है और जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि आखिर कार कैसे तालाब के पानी में घुस गई। साथ ही उन्होंने कहा की कार के असली मालिक को भी खोजकर पूरे मामले की जांच करेंगे।

### जिला अधिवक्ता संघ ने विधायक को सौंपा मांग पत्र



**बोकारो** : जिला अधिवक्ता संघ के अधिवक्ताओ का एक प्रतिनिधि मंडल श्री दिनेश प्रसाद शर्मा के अगुवाई मे चंदनकियारी विधायक उमाकान्त रजक जी से मुलाकात कर अधिवक्ताओ का एक हस्ताक्षर युक्त मांग पत्र सौपा । जिसमे एस डी ओ कोर्ट चास परिसर में अधिवक्ताओं के बैठने की व्यवस्था सूनिशचित करने की मांग को रखा गया है, जिसपर उमाकान्त रजक ने उक्त मसले को उपायुक्त के समक्ष रखने और समाधान करने का भरोसा दिलाया । इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने श्री रजक से अधिवक्ता हित में चंद्रपुरा, दुगदा, जारीडीह थाना को बोकारो कोर्ट से जोड़ने के लिए सरकार से पहल करने की अपील की। अधिवक्तावो के प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा से अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने के लिए जोरदार पहल करने की मांग की है। अधिवक्ता प्रतिनिधिमंडल में शंकर डे, राजश्री, और अतुल रवानी मौजूद थे ।

# मधुबन कांड का मुख्य आरोपी कारु यादव अपने साथी के साथ गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : बीसीसीएल एरिया तीन के बाबुडीह में संचालित हिलटॉप आउटसोर्सिंग में 9 जनवरी को हुए हिंसक झड़प और बाघमारा एसडीपीओ पर हमला की घटना की जांच लगातार जारी है। इस मामले में धनबाद पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। धनबाद पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपित कारु यादव को इसके तीन अन्य साथियों के साथ बिहार के जमुई जिला से गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार को इस संबंध में धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दन ने जानकारी देते हुए कहा कि घटना का मुख्य अभियुक्त कारू यादव और घटना के दौरान गोलियां चलाने वाले उसके साथी रौशन यादव को पुलिस ने बिहार के जमुई जिले से गिरफ्तार मार लिया है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही इस मामले में दो अन्य नरेश कुमार यादव और बजरंगी पासवान उर्फ धर्मेंद्र कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि कारू यादव और रौशन यादव ने कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर लिया है। उन्होंने बताया कि इनकी निशानदेही पर मधुबन थाना क्षेत्र के आशकुटी में छापेमारी कर एक देशी कट्टा, 3 जिंदा कारतूस, एक देशी पिस्टल, 4 मोबाइल फोन और कुल 7 लाख 85 हजार 900 रुपये नगद बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक इस मामले में कुल 45 लोगों से पूछताछ की गई और कुल 18 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। साथ ही इस मामले में 120 से अधिक लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं मामले में शामिल लोगों की गिरफ्तारी को लेकर आगे भी पुलिस की छापेमारी जारी रहेगी। उन्होंने घटना के कारणों को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि हिलटॉप कंपनी द्वारा शेख गुड्डू नामक व्यक्ति के साथ कार्य शुरू करने की बात थी, लेकिन जब काम शुरू हुआ तो अचानक काम कारू यादव ग्रुप को दे दिया गया। इसके बाद से वहां वर्चस्व को लेकर दोनो ग्रुप में विवाद शुरू हो गया था, लेकिन स्थानीय दोनो थानेदार इस मामले की गंभीरता को समय रहते समझ नही सके। इस वजह से उन दोनों थाना प्रभारियों को भी निलंबित किया गया है। अब उनपर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने बताया कि कारू यादव पर विभिन्न मामलो में अलग-अलग थानों में कुल 37 मामले दर्ज है। ऐसे अपराधी को आखिर कंपनी ने कैसे काम दिया गया। इसको लेकर भी बीसीसीएल के स्थानीय जीएम और हिलटॉप आउटसोर्सिंग प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## 300 वर्ष पुराने खेलाय चंडी मंदिर में श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : शहर के सेक्टर 4 एलआईसी मैदान के सामने स्थित खेलाय चंडी मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए सुबह से ही भीड़ उमड़ पड़ी। मां चंडी के इस मंदिर में बंगला पंचाग के अनुसार माघ माह के पहले दिन प्रत्येक वर्ष विधिवत पूजा अर्चना की जाती रही है। इस संबंध में जनकारी देते हुए महुआर के राजा का बेटा कुंअर राजन ने बताया कि इस मंदिर के 10 फीट नीचे गर्भ गृह में मां चंडी की प्रतिमा आपरूपी है। यहां पर प्रतिमा स्थापित नहीं की गई है बल्कि लगभग ,300 वर्ष पूर्व से ही मां चंडी की पूजा अर्चना की जा रही है। प्रतिमा को देखने के बाद यहां पर मंदिर का निर्माण कर विधिवत पूजा अर्चना की जाने लगी। जिले का यह सबसे पुराना चंडी मंदिर होने के कारण लोग दूरदराज से यहां पर पूजा कर मन्नत मांगने आते हैं। मंदिर के पुजारी की ओर से सुबह में कलश स्थापना कर विधिवत पूजा अर्चना की गई। जिसमें फूल व फल समेत अन्य प्रसाद का भी चढ़ावा किया गया।

**मन्नत पूरा होने पर बकरा का देते हैं बलि**

इस चंडी मंदिर में श्रद्धज्ञलुओं की ओर से मन्नत मांगने के बाद उसके पूरा होने पर दूसरे वर्ष यहां पर बकरा बलि देने की प्रथा है। जिसमें मंगलवार को पूजा अर्चना के बाद लगभग 150 बकरा पाठा का बलि दी गई।

## प्रवासी मजदूरों के निबंधन व लाभ हेतू प्रखंड में कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : गुरुवार जिले के धनबाद सदर प्रखंड में प्रवासी मजदूरों से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सहायक श्रमायुक्त प्रवीण कुमार ने प्रवासी श्रमिकों से संबंधित समस्याओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वैसे श्रमिक जो रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों, देशों में रोजगार के बेहतर तलाश में जाते हैं वे अनिवार्य रूप से श्रमाधान. झारखंड.जी0ओ0भी0.कॉम पोर्टल पर प्रवासी मजदूर अधिनियम 1979 के अंतर्गत निबंधन कराकर जाएं ताकि श्रमिकों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उनके द्वारा बताया गया कि सामान्य मृत्यु, दुर्घटना या प्राकृतिक आपदा के कारण जिले के प्रवासी श्रमिक की मृत्यु/अशक्त होने पर उन्हे अपने घर तक लाने के लिए 50 हजार तक की राशि मुख्यमंत्री झारखण्ड प्रवासी श्रमिक दुर्घटना कोष से दी जायेगी, प्रवासी श्रमिक की दुर्घटना में दो अंग या दोनों ऑख या अंग की हानि होने पर एवं दुर्घटना/प्राकृतिक आपदा में श्रमिक की मृत्यु होने पर पंजीकृत एवं अपंजीकृत प्रवासी श्रमिकों को 75 हजार से दो लाख रुपए तक का भुगतान किया जायेगा। सहायक श्रमायुक्त के द्वारा श्रम विभाग के संचालित सभी योजनाओं का जानकारी विस्तृत रुप में प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया गया एवं सभी आगन्तुकों से अपील किया गया कि जो भी मजदुर अपने राज्य से दूसरे राज्य में कार्य करने जाते है वे अपना निबंधन प्रवासी मजदूर के रुप में श्रम विभाग में जरुर करवायें। साथ ही सहायक श्रमायुक्त द्वारा बिभाग से संचालित झारखंड असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा योजना/झारखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में निबंधन तथा मुख्यमंत्री सारथि योजना अंर्तगत संचालित योजनाओ की विस्तृत जानकारी दी गई।

## संचु रजवार द्वारा देखे गए आदर्श समाज की सपने को पुरा करने की जरूरत : जगन्नाथ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : रजवार समाज सुधार समिति के संस्थापक सह प्रथम केन्द्रीय महासचिव सह अधीक्षक केंद्रीय सीमा शुल्क एवं उत्पाद शुल्क स्वर्गीय संचु रजवार की छठवीं पुण्य तिथि के अवसर पर वृहस्पतिवार को चन्दनकियारी प्रखण्ड के घोड़ागाड़ा में स्थापित उनके मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। वहीं समिति के पुर्व केन्द्रीय अध्यक्ष जगन्नाथ रजवार ने कहा कि स्वर्गीय रजवार एक साधारण परिवार में जन्में उनकी प्रारंभिक शिक्षा गांव के विद्यालय से हुई। वे बरमसिया हाई स्कूल से मैट्रीक व आर.एस. कॉलेज झरिया से इण्टर पास तथा पटना से राजनीतिक शास्त्र स्नातक पास करने के बाद वे मलेरिया विभाग, अवर अवर प्रादेशिक नियोजनालय बोकारो की नौकरी जैसी कई नौकरी छोड़कर वे केन्द्रीय उत्पाद एवं शुल्क के अधिक्षक बने। वे बचपना में झेले संघर्ष व समाज में देखे बाल विवाह, नशाखोरी, अशिक्षा, दहेज प्रथा जैसी समाज में फैली कुरितियां को खत्म करने की संकल्प से 80 के दशक में वे रजवार समाज सुधार समिति की स्थापना किये.और शोषित पीड़ितों की हक अधिकार आत्मिय सम्मान सुरक्षित कर समाज को मुख्य धारा से जोड़ने कि अथक प्रयासों से समिति की वृहद संगठन स्थापित में उनका बहुमूल्य योगदान रही। उनके बहुमुल्य योगदानों से समाज उन्हें समिति की पहला अधिवेशन में केन्द्रीय महासचिव बनाए। श्री रजवार ने आगे कहा कि वे अपने नौकरी कि दूसरे जिले में स्थानांतरण के साथ प्रन्नोति भी समाज सेवा के लिए स्वीकार नहीं किया। उनके अथक प्रयासों से लोगों को जागरूक मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया। स्वर्गीय रजवार की प्रयासों को कभी भुलाया नहीं जा सकता उनके दिखाए मार्ग पर चलकर आदर्श समाज का निर्माण करने की जरुरत है.मौके पर उनके बड़े पुत्र प्रभारी प्राचार्य अनादी रजवार, कुमुद महतो, हिमांशु रजवार, असीम रजवार, हिमेन्द्र रजवार, उनके पोता वर्ल्ड कराटे चैम्पियन में भारतीय प्रतिनिधि राज संचु, काली रजवार, शान्ति राम रजवार, निताई रजवार आदि शामिल हुए।

## बाल तस्करी की शिकार बच्ची को डालसा ने किया रेस्क्यू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : बाल तस्करी की शिकार गुमला की एक बच्ची को डालसा ने आज रेसक्यू किया। पीड़ित बच्ची को अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन के आदेश पर सीडब्ल्यूसी ने होप होम को सुपुर्द किया। वहीं इस मामले में श्रम अधीक्षक को भी कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। इस बाबत जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव राकेश रोशन ने बताया कि धनबाद की एक महिला अधिवक्ता को रणधीर वर्मा चौक के समीप गुमला की एक बच्ची असहाय हालत में घूमती हुई मिली। अधिवक्ता ने नालसा के टॉल फ्री नम्बर 15100 पर पर फोन कर सहायता की गुहार लगाई। जिस पर फौरन कार्रवाई करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने महिला थाना के माध्यम से बच्ची को रेस्क्यू किया। तत्काल सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन उत्तम मुखर्जी, श्रम अधीक्षक प्रवीण कुमार, डीसीपीओ साधना कुमारी डालसा कार्यालय पहुंची जहां सभी कागजी कार्रवाई की प्रक्रिया पूरी की गई। तत्काल बच्ची के चाचा भाई जो गुमला में रहते हैं से बात की गई। बच्ची ने पूछताछ के क्रम में बताया कि उसे पढ़ाने के नाम पर एक पुलिस अधिकारी अपने साथ लेकर आई थी उससे बाल श्रम कराया जा रहा था और काफी प्रताड़ित किया जा रहा था। विवश होकर बच्ची वहां से भाग गई और भटक रही थी। तभी एक महिला अधिवक्ता की नजर उस पर पड़ गई। वहीं इस बाबत जानकारी देते हुए सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन उत्तम मुखर्जी ने बताया कि पीड़ित बच्ची को डीसीपीओ के सहयोग से होप होम में रख दिया गया है। जहां बच्ची की काउंसलिंग की जाएगी और उसके पढ़ाई लिखाई से सम्बन्धित सभी कार्रवाई जल्द पूरी कर ली जाएगी ताकि बच्ची पढ़ लिखकर अपना भविष्य संवार सके. वहीं श्रम अधीक्षक प्रवीण कुमार ने भी इस विषय को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच कर संबंधित व्यक्ति पर कार्रवाई की बात कही है।

# उपायुक्त ने शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने आज स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अजय कुमार सिंह तथा उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के साथ संयुक्त रूप से शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। निरीक्षण करने के बाद उन्होंने अस्पताल प्रबंधन के साथ बैठक कर स्वास्थ्य सेवा को सुदृढ़ करने के लिए विचार विमर्श किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में स्वास्थ्य सेवा को बेहतरीन बनाना है। धनबाद जिला संथाल परगना का जोन है। आसपास के जिलों से मरीज को धनबाद रेफर किया जाता है। इसलिए यहां की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है। उन्होंने कहा कि बैठक में सभी स्पेशियलिस्ट चिकित्सकों के साथ अस्पताल को बेहतर बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव ने कहा कि रांची के सदर अस्पताल मॉडल को एसएनएमएमसीएच में अपनाया जाएगा। जिसके अंतर्गत धनबाद में भी निजी चिकित्सकों की सेवाएं ली जाएंगी। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को आने वाले 6 माह में शुरू करना है। यहां कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी एवं ऑकोलॉजी की सेवा भी शुरू करनी है। इससे यहां के मरीजों की यहीं ट्रीटमेंट की जा सकेगी। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि एसएनएमएमसीएच में बड़ी तादाद में मरीज पहुंचते हैं। जिस कारण यह ओवर क्राउडेड हो जाता है। इसलिए नए परिसर में ओपीडी, आईपीडी को शिफ्ट कर नई सेंट्रल लैब बनाई जाएगी। वहीं अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग को बेहतरीन तरीके से मेंटेन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में एसएनएमएमसीएच में एमबीबीएस की 100 सीट है। जिसे वर्ष 2026-27 में 150 और उसके बाद 200 तक करने का प्रस्ताव है। जबकि पीजी के लिए अभी 9 सीट है जिसे 59 करने का और 2 वर्ष के अंदर 100 तक करने का प्रस्ताव है। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री के साथ-साथ रांची के स्पेशलिस्ट कार्डियोलॉजिस्ट, ऑकोलॉजिस्ट एवं न्यूरोलॉजिस्ट की टीम भी साथ में आई है। सभी ने मिलकर एसएनएमएमसीएच के चिकित्सकों और विभिन्न विभागों के एचओडी के साथ बैठक कर स्वास्थ्य सेवा को बेहतरीन बनाने के लिए विभिन्न पहलुओं पर विचार विमर्श किया।बैठक में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अजय कुमार सिंह, उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, एसएनएमएमसीएच के प्राचार्य डॉक्टर कृष्ण कुमार लाल, डॉक्टर डीपी भूषण, डॉ यूके ओझा, डॉ बीके पांडेय, डॉ प्रकाश कुमार, डॉक्टर सुनील कुमार वर्मा, डॉ राज लक्ष्मी के अलावा अन्य चिकित्सक मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पाटलिपुत्र हॉस्पिटल में पहला ऑर्बिटल अथेरेक्टोमी एंजियोप्लास्टी से मरीज का हुआ सफल ऑपरेशन



**धनबाद**: धनबाद के प्रसिद्ध एवं सबसे पुराने अस्पताल पाटलीपुत्र हॉस्पिटल में हार्ट में कैल्सिफाइड ब्लॉकेज को नई तकनीकी से खोला गया। जोड़ा फाटक स्थित पाटलिपुत्र हॉस्पिटल में प्रेस वार्ता आयोजित कर डॉक्टर राहुल कुमार, (इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी, डॉ. निर्मल ड्रोलिया व डॉ. निखिल निखिल ड्रोलिया ने बताया कि धनबाद का यह पहला और झारखण्ड का चौथा ऑपरेशन है जिसे ऑर्बिटल अथेरेक्टोमी प्रक्रिया से किया गया है। यह ऑर्बिटल अथेरेक्टोमी एंजियोप्लास्टी की नई तकनीक है, जो कि धनबाद मनईटांड़ निवासी विजय कुमार लाल, उम्र 63 वर्षीय वृद्ध जो पिछले कई वर्षों से हृदय रोग से ग्रसित थे। उनका सफलता पूर्वक इलाज किया गया। विजय को एंजियोग्राफी से पता चला की उनके हृदय की बांया कोरोनरी आर्टरी में कैल्शियम का अधिक जमाव होने के कारण नार्मल एंजियोप्लास्टी संभव नहीं हो सकती थी। इसका दूसरा विकल्प बाईपास सर्जरी है। डॉ. राहुल कुमार की टीम ने अत्याधुनिक तकनीक से काम्प्लेक्स एंजियोप्लास्टी कर के मरीज की जान बचाई। बताया की इस विधि में नए उपकरण से एक्स्ट्रा कैल्शियम को हटा कर स्टेंट लगाया गया। जिसमें मरीज को बड़े ओपरेशन की आवशकता नहीं पड़ी, और मरीज कम समय में स्वस्थ हो गए और छुट्टी भी हो गयी। यह प्रोसीजर डॉ. राहुल कुमार एवं उनकी टीम के द्वारा सफलता पूर्वक की गई। डॉ.राहुल कुमार ने बताया की अब धनबाद में भी ऐसे जटिल ओपरेशन करना संभव है जिसके लिए मरीजों को बड़े शहरों में जाना पड़ता था। इस तरह का इलाज अब धनबाद के पाटलीपुत्र हॉस्पिटल में भी संभव हो गया है।

### नियोजन, मुआवजा और जनहित के मुद्दों को लेकर दीप नारायण ने महाप्रबंधक से की वार्ता



**धनबाद** : क्षेत्रीय कार्यालय गोविन्दपुर में केआईएमपी केंद्रीय सचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने नियोजन, मुआवजा और जनहित के मुद्दों को लेकर महाप्रबंधक बीसीसीएल गोविन्दपुर क्षेत्र गणेश चंद्र साहा से वार्ता किया। वार्ता के दौरान श्री सिंह ने कहा कि पिछले 20-25 वर्ष पूर्व सोनारडीह,कोरीडीह और भागाबस्ती के रैयतों का जमीन बीसीसीएल ने ले लिया। परन्तु,आज भी कई रैयत नियोजन और मुआवजा के लिए दर-दर भटक रहे हैं। और रैयतों को अपना हक - अधिकार के लिए दर-दर भटक रहे है। जिसपर बीसीसीएल प्रबंधन ने कहा कि जिन-जिन रैयतों को नियोजन और मुआवजा नहीं मिला है,वे सभी लोग अपना-अपना जमीन से संबंधी कागजात मेरे कार्यालय में जमा करें, नियोजन और मुआवजा हेतु मुख्यालय को नोटसिट बनाकर रैयतों को हक-अधिकार दिलाया जाएगा। विदित हो कि श्री सिंह ने 21 जनवरी से रैयतों की मांगों को लेकर गोविन्दपुर क्षेत्र का उत्पादन ठप करने की चैतावनी दी थी। बीसीसीएल प्रबंधन से सार्थक वार्ता के बाद श्री सिंह ने आंदोलन को वापस लेने की घोषणा की। वार्ता में केआईएमपी के क्षेत्रीय सचिव राजिव रंजन त्रिवेदी, गोकुल रवानी, अशोक कुमार दास, पंकज कुमार, गंगा शर्मा, बीसीसीएल प्रबंधन की ओर से क्षेत्रीय परियोजना पदाधिकारी एस के शरण, क्षेत्रीय कार्मिक पदाधिकारी अमीत कुमार महतो,स्टेट अधिकारी संदीप कुमार झा, आदि उपस्थित रहे।

### विधायक रागिनी सिंह ने सक्रिय सदस्यता का दिया आवेदन



**धनबाद**: गुरुवार को झरिया विधायक रागिनी सिंह ने संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के तहत बिहार बिल्डिंग कार्यालय में अपनी सक्रिय सदस्यता का आवेदन जिला सदस्यता प्रभारी मानस प्रसून को सुपुर्द किया। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा महानगर जिलाध्यक्ष नित्यानंद मंडल,बस्ता कोला मंडल मंडल अध्यक्ष सह शक्ति केंद्र के प्रभारी तरुण राय, बप्पी बाउरी, संतोष रवानी आदि मौजूद रहे।

### सेवानिवृत कर्मियों को बेवजह परेशान कर रहा बोकारो प्रबंधन : रणधीर



**बोकारो** : राष्ट्रवादी इस्पात मजदूर संघ की बैठक आवासीय कार्यालय सेक्टर 9 में हुई बैठक को संबोधित करते हुए संघ के महामंत्री रणधीर सिंह ने कहा कि कुछ दलाल यूनियन के लोग बोकारो प्रबंधन की चापलूसता कर रहे हैं लाइसेंस धारी को बेवजह गुमराह कर रहे हैं 1000 किराया की मांग बिल्कुल नाजायज है अगर उनकी मनसा साफ है तो रिम्स की जो मांग है सभी लाइसेंस के आवासों को लीज किया जाए इस मांग पर अपनी एक जूटता प्रदर्शित करें अन्यथा सेवानिवृत्त कर्मियों को गुमराह करने की प्रयास न करें बोकारो प्रबंधन ऐसे ही सेवानिवृत्त कर्मियों को शोषण कर रही है ऐसे में प्रबंधन की दलालता करते हुए सेवानिवृत कर्मी लाइसेंस धारी को परेशान ना करें अगर मनसा साफ है तो लीज की मांग रखें अन्यथा उनको गुमराह करके वसूली करने का काम ना करें राष्ट्रवादी इस्पात मजदूर संघ शीघ्र ही बोकारो प्रबंधन की काली मानसिकता के खिलाफ बिजली काटने के खिलाफ उग्र आंदोलन की आगाज करती है आने वाले समय में बोकारो प्रबंधन के लिए लीज की मांग को लेकर आंदोलन के लिए रिम्स तैयार करेगी सेवानिवृत्त कर्मियों से आग्रह है लाइसेंस धारी से आग्रह है कि दलालों के साथ जो बीएसएल की चापलूसी करते हैं उनके साथ अपनी सामर्थ्यता और एकता ना रखें इस बैठक में मुख्य रूप से केपी सिंह, ओलेटली ,रामेश्वर बैठा, कामेश्वर बैठा ,दिन दलाल उपाध्याय ,रामनारायण शाह रामनारायण शर्मा, जय तिवारी ,न पांडे आदि के अलावे सैकड़ो की संख्या में सेवानिवृत कर्मी और लाइसेंस धारी उपस्थित थे।

# भारत के लिये खतरा है पाक-बांग्लादेश की नजदीकियां


ललित गर्ग

**बांग्लादेश की यूनुस सरकार पाकिस्तान के इशारों पर पुराने मुद्दे उछाल कर विवाद को हवा दे रही है। निश्चित ही पाक से उसकी नजदीकियां लगातार बढ़ी हैं और वहां पाक सेना के अधिकारियों की सक्रियता देखी गई है, ऐसी जटिल होती स्थितियों में भारत को अपनी सुरक्षा चिंताओं के लिये कदम उठाने ही चाहिए एवं अपनी सीमाओं को सुरक्षित बनाना ही चाहिए।**

बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार प्रधानमंत्री शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद से लगातार भारत विरोधी गतिविधियों एवं कारगुजारियों एवं षडयंत्रों में संलग्न है, लगता है पाकिस्तान के शह पर बांग्लादेश का भारत विरोधी रवैया बढ़ रहा है। बांग्लादेश में लगातार भारत विरोधी मुहिम व अल्पसंख्यक हिन्दुओं एवं हिन्दू धर्मस्थलों पर हिंसक हमलों के बाद अब भारत सीमा पर बाड़बंदी को लेकर बेवजह का विवाद खड़ा किया जा रहा है। जबकि इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच पहले ही सहमति बनने के बाद बड़े हिस्से पर बाड़बंदी हो चुकी है। लेकिन टकराव मोल लेने को तैयार बैठे बांग्लादेश के हुक्मरान विवाद के नये-नये मुद्दे तलाश रहे हैं एवं दोनों देशों की आपसी संबंधों को नेस्तनाबूंद कर रहे हैं। बांग्लादेश भारत की शांति व सद्भाव की कामना एवं सहनशीलता को उसकी कमजोरी न माने, ऐसी भूल बांग्लादेश के लिये बहुत भारी पड़ सकती है। दोनों देशों की शांति, सद्भावना एवं सौहार्द के लिये किसी तीसरे देश के दखल को बढ़ने न दिया जाये।

2015 में शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ढाका पहुंचे। यहां दोनों नेताओं ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किया। इसे लैंड बाउंड्री एग्रीमेंट कहते हैं। इसी के अन्तर्गत भारत ने अब तक 3271 किलोमीटर सीमा कर बाड़बंदी कर दी है। अब केवल 885 किलोमीटर खुली सीमा की बाड़बंदी बाकी है। भारत बचे इलाके की बाड़बंदी कर रहा है लेकिन बांग्लादेश भारत की कोशिशों में अड़ंगा डाल कर दोनों देशों के बीच हुए समझौते को नकार रहा है। बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने ढाका में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को बुलाकर विरोध व्यक्त किया तो इसके जवाब में भारत ने भी जवाबी कार्रवाई की और बांग्लादेश के डिप्टी हाईकमिश्नर नूरूल इस्लाम को तलब कर अपना विरोध जताया। भारत अपनी सीमाओं को अभेद्य बना रहा है। सीमाओं के खुले रहने से बांग्लादेश से लगातार अवैध घुसपैठ, हथियारों की तस्करी, ड्रग स्मगलिंग, नकली नोटों का कारोबार और आतंकवादी गतिविधियां लगातार हो रही हैं। विशेषतः पाकिस्तान अब अपनी आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिये बांग्लादेश का उपयोग कर रहा है। दरअसल, बांग्लादेश की युनूस सरकार पाकिस्तान के इशारों पर पुराने मुद्दे उछाल कर विवाद को हवा दे रही है। निश्चित ही पाक से उसकी नजदीकियां लगातार बढ़ी हैं और वहां पाक सेना के अधिकारियों की सक्रियता देखी गई है, ऐसी जटिल होती स्थितियों में भारत को अपनी सुरक्षा चिंताओं के लिये कदम उठाने ही चाहिए एवं अपनी सीमाओं को सुरक्षित बनाना ही चाहिए।



पाकिस्तान पंजाब, जम्मू-कश्मीर व नेपाल के रास्ते आतंकवादियों को भारत भेजने की कोशिशें लगातार करता रहा है, अब उसने बांग्लादेश को भी इन गतिविधियों के लिये चुना है एवं बांग्लादेश से लगी भारत की खुली सीमा का दुरुपयोग कर रहा है तो भारत को सतर्क एवं सावधान होना ही चाहिए। पाकिस्तान से लगती सीमा पर तमाम चौकसी के बाद भी सीमा पार से जिस तरह जब-तब आतंकियों की घुसपैठ होती रहती है, वह गंभीर चिंता की बात है। जब पाकिस्तान से लगती सीमा भारत की सुरक्षा के लिए खतरा बनी हुई है, तब यह शुभ संकेत नहीं कि बांग्लादेश से लगी सीमा भी भारत के लिए चिंता का कारण बने।

बड़ी सच्चाई है कि पाक का जन्म ही भारत विरोधी मानसिकता से हुआ है। ऐसे में अतीत से सबक लेते हुए भारत को अपनी सीमाओं की सुरक्षा को लेकर किसी तरह की चूक नहीं करनी चाहिए। किसी भी तरह की ढिलाई भारतीय सुरक्षा पर भारी पड़ सकती है। भारत की उदारता को बांग्लादेश हमारी कमजोरी न मान ले, इसलिए उसे बताना जरूरी है कि भारत से टकराव की कीमत उसे भविष्य में चुकानी पड़ सकती है। यह भी कि संबंधों में यह कसैलापन, दोगलापन एवं टकराव लंबे समय तक नहीं चल सकता। उसकी यह कटुता उसके लिये ही कालांतर घातकएवं विनाशकारी साबित हो सकती है। यह विडंबना ही है कि नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस से क्षेत्र में शांति व सद्भाव की जो उम्मीदें थी, उसमें उन्होंने मुस्लिम कट्टरपंथ को आगे करके निराश ही किया है। उनकी सरकार लगातार विघटनकारी, अड़ियल व बदमिजाजी का रुख अपनाए हुए है, दोनों देशों के संबंध बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका को साफ-साफ देख जा रहा है। जबकि शेख हसीना शासनकाल में भारत और बांग्लादेश के संबंध सामान्य थे तो भारत बांग्लादेश को विश्वास में लेकर बाड़बंदी कर रहा था लेकिन अब यूनुस सरकार लगातार उकसाने वाली कार्रवाई कर रही है। उसने पाकिस्तानियों का बांग्लादेश में प्रवेश आसान कर दिया है तो पाक के बांग्लादेश को भारत विरोधी प्लेटफॉर्म के रूप में इस्तेमाल करने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी के चलते बांग्लादेश की भारत विरोधी बयानबाजी और कारगुजारी से दोनों देशों के संबंधों में जबरदस्त कड़वाहट आ चुकी है। बावजूद इसके गत दिसम्बर में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने अपनी ढाका यात्रा के दौरान बांग्लादेश को आश्वस्त किया था कि भारत उसका दोस्त बना हुआ है और व्यापार, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी के मामलों में रिश्ते पहले की तरह बरकरार रहेंगे। उस समय ऐसा लगा था कि दोनों पक्षों ने सीमा पर स्थिति को शांत कर लिया है।

यूनुस सरकार ने भारत विरोधी तत्वों को न केवल हवा दी है बल्कि उनको उग्र कर दिया है। जेल में बंद कई भारत विरोधी तत्वों को बेल दे दी गयी है, ये ही तत्व भारत में अस्थिरता फैलाने की साजिश रच रहे हैं। लिहाजा भारत के लिये बॉर्डर पर घेराबंदी अत्यावश्यक हो गयी है। राजनीतिक आग्रह, पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह के चलते यूनुस सरकार शेख हसीना के पिता की विरासत को निपटाने एवं धुंधलाने की कोशिशों में लगी हुई है। कट्टरपंथी तत्व जनाक्रोश के चलते अपनी सुविधा का मुहावरा गड़ने का प्रयास कर रहे हैं। भारत में पहले से ही लाखों बांग्लादेशी अवैध रूप से रह रहे हैं लेकिन ढाका द्वारा आतंकवादियों और दोषी ठहराए गए इस्लामी कट्टरपंथियों की रिहाई के बाद भारत द्वारा बॉर्डर पर कंटीले तारों को लगाने की कोशिश का बांग्लादेश ?सरकार द्वारा कड़ा विरोध दर्शा रहा है कि पाकिस्तान की तरह बांग्लादेश भी भारत में अस्थिरता, अशांति एवं अराजकता फैलाना चाहता है।

बांग्लादेश बाड़ लगाने के समझौते का सम्मान करने के बजाय उसकी समीक्षा करने की बात करके उसमें रौड़ा अटकाना चाह रहा है। वह उन स्थानों पर कंटीले तारों वाली बाड़ लगाने का खास तौर पर विरोध कर रहा है, जहां से बड़े पैमाने पर घुसपैठ और तस्करी होती है और यही से आतंकवादी गतिविधियों को संचालित करने की संभावनाएं हैं। इसके कुछ पुष्ट प्रमाण भी मिले है। इस संदर्भ में बांग्लादेश वैसे ही कुतर्क एवं बेतूके तथ्य प्रस्तुत कर रहा है, जैसे सीमा सुरक्षा के भारत के प्रयत्नों पर पाकिस्तान करता रहता है। हैरानी नहीं कि यह बांग्लादेश से पाकिस्तान की हालिया नजदीकी किसी बड़ी दुर्घटना या आतंकी हमले का सबब बन जाये। भारत इसकी अनदेखी नहीं कर सकता। भारत को यह देखना होगा कि कहीं ये दोनों देश मिलकर उसके खिलाफ कोई ताना-बाना तो नहीं बुन रहे हैं? निश्चित रूप से पिछले दिनों बांग्लादेश से रिश्तों में जिस तरह से अविश्वास एवं कडवाहट उपजी है, उसके चलते भारत अपनी सुरक्षा चिंताओं को नजरअंदाज नहीं कर सकता। भारत के लिए यही उचित है कि वह पाक-बांग्लादेश के संभावित गठजोड़ से सावधान रहे। भारत को अपनी सुरक्षा चिंताओं के लिये कदम उठाने ही चाहिए। बीएसएफ और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश यानी बीजीबी में कई बार बातचीत के बाद बाड़बंदी मुद्दे पर सहमति बन चुकी है। लेकिन बांग्लादेश भारत की सदाशयता एवं उदारता के बावजूद टकराव के मूड में नजर आता है। ऐसा ही रवैया उसका अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भी रहा है, जिस बारे में वह अब दलील दे रहा है कि हालिया बांग्लादेश में हिन्दुओं से जुड़ी हिंसक घटनाएं सांप्रदायिक नहीं बल्कि राजनीतिक कारणों से हुई हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दोनों देशों के संबंध बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका हो। जिस बांग्लादेश को पाकिस्तानी क्रूरता से मुक्त कराकर एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत ने तमाम कुर्बानियों के बाद जन्म दिया, उसका यह रवैया दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, बल्कि विडम्बनापूर्ण कहा जाएगा।

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

## संपादकीय

### हल नहीं है ड़ॉट ड़ॉट ड़ॉट

आतंकवाद के मुद्दे को लेकर पाकिस्तान को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नसीहत और चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि जम्मू-कश्मीर पीओके के बिना अधूरा है। इस क्षेत्र को आतंकवाद के केंद्र के रूप में इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगाते हुए रक्षा मंत्री ने इसकी भूमि प्रशिक्षण शिविरों और घुसपैठ गतिविधियों के लॉन्च पैड के तौर पर करने की बात कही। रक्षा मंत्री ने जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सशस्त्र बल वयोवृद्ध दिवस रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इसकी पक्की जानकारी भारत के पास है, पाकिस्तान को यह बीमारी खत्म करनी होगी, नहीं तो ड़ॉट-ड़ॉट-ड़ॉट। पीओके के लोगों को सम्मानजनक जीवन से वंचित रखने और धर्म के नाम पर उनका शोषण करने की भी उन्होंने चर्चा की। पीओके के प्रधानमंत्री की टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा कि यह जिया-उल-हक के समय से पोषित भारत विरोधी एजेंडा का हिस्सा है। पीओके यानी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक ने बीते हफ्ते जिहादी संस्कृति को फिर जीवित करने की घोषणा की है। जिहाद की वकालत कर, अल-जिहाद के नारे लगवाने के पीछे उनकी मंशा इलाके की शांति भंग कर स्थिरता को ठेस लगाने की है। भारत-पाकिस्तान के दरम्यान 1965 में अखनूर में ही युद्ध लड़ा गया था। 1948, 1965, 1971 से लेकर 99 तक पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी परंतु घुसपैठ की घटनाएं रुकी नहीं हैं। न ही लगातार अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन देने की नीति छोड़ रहा है। सरकार का दावा है कि धारा 370 को हटाने के बाद से जम्मू-कश्मीर में महत्त्वपूर्ण बदलाव नजर आ रहा है। राज्य की अब्दुल्ला सरकार ने भी लचीला रुख अख्तियार किया है। सरकार इस इलाके को भारत के माथे के मुकुट का मणि बताते हुए लंबे समय से दावा कर रही है कि वह पीओके को वापस लेने के प्रति गंभीर है। पाकिस्तान का भारत विरोधी रुख किसी से छिपा नहीं है। शांति के प्रति उदासीन इस पड़ोसी मुल्क के पास आंतरिक समस्याओं का इतना अंबार है कि वह अंतरराष्ट्रीय मसलों के प्रति उपेक्षा भाव अपनाए रहने को मजबूर लगता है। सैनिकों की हौंसलाफजाई तक तो ठीक है परंतु जब उस पर ड़पट काम नहीं करती तो यूं ड़ॉट-ड़ॉट-ड़ॉट जैसे हर्फों का क्या असर हो सकता है। कोरी धमकियों की बजाय अब सरकार को स्पष्ट तौर पर उंगली टेढ़ी करने से परहेज नहीं करना चाहिए।

## चिंतन-मनन

### द्वंद्व के बीच शांति की खोज

केवल ज्ञान की बातें करों। किसी व्यक्ति के बारे में दूसरे व्यक्ति से सुनी बातें मत दोहराओ। जब कोई व्यक्ति तुम्हें नकारात्मक बातें कहे, तो उसे वहीं रोक दो, उस पर वास भी मत करो। यदि कोई तुम पर कुछ आरोप लगाये, तो उस पर वास न करो। यह जान लो कि वह बस तुम्हारे बुरे कर्मो को ले रहा है और उसे छोड़ दो। यदि तुम गुरु के निकटतम में से एक हो तो संसार के सारे आरोपों को हंसते हुए ले लोगे। द्वंद्व संसार का स्वभाव है और शांति आत्मा का स्वभाव है। द्वंद्व के बीच शान्ति की खोज करो। द्वंद्व समाप्त करने की चेष्ठा द्वंद्व को और ज्यादा बढ़ाती है। आत्मा की शरण में आकर विरोध के साथ रहो। जब शान्ति से मन ऊबने लगे तो सांसारिक क्रिया-कलापों का मजा लो। और जब इनसे थक जाओ तो आत्मा की शान्ति में आ जाओ। यदि तुम गुरु के करीब हो, तो दोनों क्रिया कलाप साथ-साथ करोगे। ईश्वर व्यापक हैं। और अन्नत काल से ईश्वर सभी विरोधों को संभालते आए हैं। यदि ईश्वर सारे विरोधों को ले सकते हैं, तो निश्चित ही तुम भी ऐसा कर सकते हो। जैसे ही तुम विरोध के साथ रहना स्वीकार कर लेते हो, विरोध स्वतः समाप्त हो जाता है। शान्ति चाहने वाले लोग लड़ना नहीं चाहते और इसके विपरीत लड़ाई करने वाले शान्ति पसन्द नहीं करते। शान्ति चाहने वाले लड़ाई से बचना चाहते हैं। आवश्यक यह है कि मन को शांत करें और फिर लड़ें। गीता की यही मूल शिक्षा है। कृष्ण अजरुन को उपदेश देते हैं कि अजरुन युद्ध करो मगर हृदय को शान्त रखकर। संसार में जैसे ही तुम एक विरोध को समाप्त करते हो तो दूसरा खड़ा हो जाता है। उदाहरण के लिए जैसे ही रूस की समस्या समाप्त हुई, बोस्निया की समस्या खड़ी हो गई। एक समस्या हल होती है, तो दूसरी शुरू हो जाती है। तुम्हें जुकाम हुआ। वह जरा ठीक हुआ नहीं कि फिर कमर में दर्द शुरू हो गया। फिर यह ठीक हो गया। और तो और, शरीर ठीक ठाक है तो मन अशान्त हो जाता है। बिना किसी इरादे के गलतफहमियां पैदा होती हैं, उलझन पैदा होती है। यह तुम्हारे ऊपर नहीं कि तुम उनका समाधान करो।

# आस्था का महापर्व बाजारवाद के हवाले


सनत जैन

प्रयागराज के त्रिवेणी तट पर आस्था का सबसे बड़ा महाकुंभ हो रहा है। संसार का यह सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है, जिसमें करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। देश और विदेश से कुंभ मेले में शामिल होने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बड़े पैमाने पर इंतजाम किया जाता है। कुंभ मेला लगातार एक माह से ज्यादा दिनों तक चलता है। नागा साधु कुंभ मेले में सबसे बड़े आकर्षण का केंद्र होते हैं। इस बार किन्नर साधु भी बड़े पैमाने पर कुंभ मेले में पहुंचे हैं। धार्मिक आस्था के इस महाकुंभ में पहली बार बाजारवाद भी देखने को मिल रहा है। साधु, सन्यासी भी इससे अछूते नहीं दिख रहे हैं। जो साधु, सन्यासी कुंभ मेले में पहुंच रहे हैं उनमें से अधिकांश नेशनल मीडिया और सोशल मीडिया में धूम मचा रहे हैं। गंगा, जमुना और सरस्वती की इस त्रिवेणी में सब अपने-अपने पाप धोकर ज्यादा से ज्यादा पुण्य पाने की लालसा लिए आते हैं। वहीं बाजारवाद के पोषक हर वह हथकंडा अपना रहे हैं जिससे वो ज्यादा से ज्यादा अर्थ कमा सकें। वहीं दूसरी तरफ धार्मिक आस्था के इस महापर्व पर अनेक साधू, सन्यासियों द्वारा जिस तरह से अपने भक्तों को लुभाया जा रहा है, जिस तरह से कुंभ मेले में साधु, सन्यासी अपनी शान-शौकत का प्रदर्शन कर रहे हैं, साधु सन्यासी के पंडाल और उनके पंडाल में भक्तों के लिए जिस तरह के आधुनिक इंतजाम किए गए हैं वो भी सभी का ध्यान खींच रहे हैं। एक-एक रात रुकने का खर्चा लाखों रुपया बताया जा रहा है। साधु-संतों को उनके भक्त चढ़ावे में वह सब दे रहे हैं जिसकी कल्पना करना धार्मिक आयोजनों में संभव नहीं होता है।

इसके अतिरिक्त सरकार भी इस अर्थतंत्र के युग में महाकुंभ के इस आयोजन से पुण्य के रूप में वह सब कुछ पा लेना चाहती है जो शायद इसके बाद संभव न हो। सरकार ने दावा किया है कि एक दिन में त्रिवेणी के तट पर 3.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर अपने पापों को धोया है। तड़के शुरू हुआ यह स्नान रात तक चलता रहा। कुंभ के आयोजकों और सरकार के द्वारा एक ही दिन में 3.50 करोड लोगों के स्नान करने की बात पूरे देश और दुनिया में चर्चा का विषय बन गई है। कुंभ मेला क्षेत्र में साढ़े 3 करोड़ श्रद्धालु होने का जो दावा किया जा रहा है उस पर कोई भी विश्वास करने के लिए तैयार नहीं है। कहा जा रहा है कि मेला क्षेत्र के लिए जिस तरह का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है उसमें सरकारी मशीनरी इंतजाम के नाम पर भारी भ्रष्टाचार कर रही है, लेकिन इस तरह से यदि सरकारी प्रचार किया जाता है तो जिस पर लोगों को विश्वास ही ना हो तो वह चर्चा का विषय बन जाता है। अब सच्चाई अपनी जगह है और दावे-प्रतिदावे अपनी जगह, जिस पर लगातार बात होती रहेगी।

बहरहाल कुंभ के मेला क्षेत्र में साधु, संतों और सन्यासियों द्वारा सनातन की शक्ति और वैभव का प्रदर्शन किया जा रहा है। अखाड़े और नागा साधु-संतों को लेकर जिस तरह से श्रद्धालुओं के बीच में उनका आकर्षण बना हुआ है वह काबिले जिक्र तो हो ही गया है। देसी और विदेशी श्रद्धालु भी कुंभ के मेले में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। विश्व के कई देशों से वहां के नागरिक जो सनातन परंपरा से प्रभावित हैं वह हिंदी और संस्कृत के मंत्रों के साथ कुंभ मेले में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। उसको लेकर कुंभ मेले का आकर्षण अपने आप में अनूठा है। सारी दुनिया के देशों में इतनी बड़ी संख्या में कहीं पर श्रद्धालु एकत्रित नहीं होते हैं। यह अपने आप में एक रिकॉर्ड है। कुंभ के मेले में जाकर साधु-संतों की शोभायात्रा, तरह-तरह की ध्वजा, घोड़े-हाथी पर सवार धर्मगुरु, नागा साधुओं का त्रिशूल, भाला, गदा, तलवार और विभिन्न वेशभूषा में जो प्रदर्शन किए जाते हैं उसको श्रद्धालु देखकर रोमांचित हो उठते हैं। इस बार के कुंभ मेले में एप्पल के को-फाउंडर स्टीव जॉब्स का एक पत्र 4.32 करोड रुपए में नीलाम हुआ है। 1974 में उन्होंने अपने जन्मदिन पर अपने दोस्त को यह पत्र भेजा था,



जिसमें उन्होंने कुंभ मेले में शामिल होने की इच्छा जताई थी। उनकी पत्नी लॉरेन पावेल अपने पति स्टीव के निधन के 12 साल के बाद कुंभ मेले में पहुंची हैं, वह यहां पर रहकर कल्पवास करने जा रही हैं। यह आस्था है और महाकुंभ ऐसी ही आस्थाओं का महापर्व है। यहां आस्था के साथ ही करोड़ों-खरबों रुपयों का व्यापार भी हो रहा, जिसके और बढ़ने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही हैं, जो बाजारवाद को रेखांकित करता है। ऐसे में यह ध्यान रखने वाली बात है कि आस्था का महापर्व कुंभ पूरी तरह बाजारवाद के हवाले न होने पाए और अपनी परंपराओं को बनाए रखे, जिसके लिए पूरी दुनियां में भारत पहचाना जाता है।

# मुद्दाः तृणमूल में 'खेला' तो होगा


कुमार समीर



इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति ने एक साल पहले युवाओं को हफ्ते में 70 घंटे काम करने की सलाह दी थी और अब निर्माण कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एल एंड टी) के अध्यक्ष एस. एन. सुब्रमण्यम ने अपने कर्मचारियों से कहा है कि कामगारों को हफ्ते में 90 घंटे काम करने को तैयार रहना चाहिए। इतने पर ही नहीं रुके, आगे कहा कि एक्स्ट्रा रिजल्ट के लिए एक्स्ट्रा काम करना होगा और इसके लिए रविवार को भी काम करना चाहिए। आखिर, घर में रह कर मजदूर बीवी का मुंह कितनी देर तक निहारते रहेंगे। अदानी ग्रुप के अध्यक्ष गौतम अदानी ने भी उनकी बातों का समर्थन करते हुए कहा कि अगर काम ही नहीं रहा तो बीवी घर से भाग जाएगी और फिर क्या होगा?

एल एंड टी के चेयरमैन के बयान के बाद देश में फिर से मजदूरों के काम के घंटे को लेकर बहस शुरू हो गई है। कॉरपोरेट जगत के अंदर भी इसका विरोध हो रहा है। आरपीजी ग्रुप के चेयरपर्सन हर्ष गोयनका ने एल एंड टी चेयरमैन के बयान की आलोचना करते हुए कहा, एक हफ्ते में 90 घंटे काम? रविवार को 'सन-ड्यूटी' क्यों न कहा जाए और 'छुट्टी' को एक मिथकीय अवधारणा क्यों न बना दिया जाए! वर्क-लाइफ बैलेंस वैकल्पिक नहीं, बल्कि जरूरी है। यह भी सवाल उठाया जा रहा है कि जब भारत में पहले से ही लोग सबसे ज्यादा काम करते हैं, तो क्यों कामगारों के घंटे बढ़ाने की बात उठती रहती है? अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया की 10 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारतीय सबसे ज्यादा काम करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रति सप्ताह 46.7 घंटे, चीन में 46.01, ब्राजील में 39, अमेरिका में 38, जापान में 36.6, इटली में 36.3, ब्रिटेन में 35.5, खंस में 35.9, जर्मनी में 34.2 और कनाडा में 32.5 घंटे मजदूरों से काम कराया जाता है। इन आंकड़ों के बावजूद भारत में काम के घंटे बढ़ाने के लिए जब-तब शिगूफा छोड़ा जाता रहा है।

सच तो यह है कि पूरी बहस को इसलिए संचालित किया जा रहा है ताकि मोदी सरकार द्वारा मार्च, 2025 में लाए जाने वाले लेबर कोड, जिसमें काम के घंटे 12 कर दिए जाने हैं, की सामाजिक स्वीकृति हासिल की जा सके। इसके लिए बीच-बीच में इस तरह की चचाएं शुरू करवाने का ताना-बाना बुना जाता है। सच तो यह है कि दुनिया में काम के घंटे बढ़ाने के तर्कों के विरुद्ध आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के दौर में काम के घंटे कम करने की कवायद- कार्रवाई हो रही है। तमाम देशों में सप्ताह में चार दिन काम की पद्धति शुरू हुई है। जूम के मालिक एरिक युवान जैसे एआई इनोवेटर्स का मानना है कि एआई हर कंपनी के लिए चार दिन का कार्यसप्ताह हासिल करने की कुंजी होगा। उनके अनुसार चार दिन के वर्किंग में 92 प्रतिशत की सफलता दर है। जापान जैसे देशों में काम के घंटे लगातार कम किए जा रहे हैं। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, जहां जापान में वर्ष 2000 में 1839 घंटे सालाना काम के थे वहीं उसे 2022 में घटा कर 1629 घंटे सालाना कर दिया गया। इससे लगभग वार्षिक काम के घंटे में 11.6 प्रतिशत की गिरावट आई। बेल्जियम, आइसलैंड, यूएई, स्पेन और नीदरलैंड जैसे देशों में चार दिन के कार्य दिवस सप्ताह में कर दिए गए हैं। जापान की रिक्रूट वर्क्स इंस्टिट्यूट के विश्लेषक ताकाशी सकामोटो के निष्कर्ष के अनुसार, देश में अब कई यूरोपीय देशों की तरह काम के घंटे कम किए जा रहे हैं।

ऑटोनॉमी की एक रिपोर्ट के अनुसार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने के बाद ब्रिटेन में 88 प्रतिशत कंपनियां अपने कर्मचारियों के काम के घंटे 10 प्रतिशत तक कम कर रही हैं यानी कुल मिला कर कहा जाए तो दुनिया में काम के घंटे कम करने की दिशा में काम हो रहा है वहीं भारत, जहां पहले से ही काम के घंटे ज्यादा हैं, में उन्हें बढ़ाने की वकालत की जा रही है। दरअसल, देश में भीषण बेरोजगारी और महंगाई में मजदूरों की मजबूरी का फायदा उठा कर काम के घंटे 12 करने का कानून बनाया जा रहा है। दुखद यह है कि इस सबसे उत्पादन क्षमता पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। संवैधानिक दृष्टि से देखें तो काम के घंटे बढ़ाने को जो कुछ भी किया जा रहा है, वह स्पष्ट तौर पर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21, 42 और 43 का उल्लंघन है। हमारे संविधान की प्रस्तावना में ही व्यक्ति की गरिमा की बात कही गई है, जिसकी मौलिक अधिकार और नीति-निर्देशक तत्वों में व्याख्या की गई है। अनुच्छेद 42 जहां काम की न्यायसंगत और मानवोचित दशाओं के लिए राज्य की जवाबदेही तय करता है वहीं अनुच्छेद 43 मजदूरों को काम, निर्वाह मजदूरी, शिष्ट जीवन स्तर और अवकाश की संपूर्ण उपभोग सुनिश्चित करने वाली काम की दशाएं, सामाजिक और सांस्कृतिक अवसर प्राप्त करने के लिए राज्य को जिम्मेदार बनाता है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के दौर में जब दुनिया बड़े पैमाने पर बेरोजगारी के खतरे को महसूस कर रही है, तब भारत में काम के घंटे बढ़ाने के कारण बेरोजगारी और भी बढ़ेगी, यह तय है।

## एक नजर

### जिला परिवहन पदाधिकारी ने चलाया वाहन जांच अभियान



**बरहरवा :** बुधवार की देर शाम जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार, राजमहल प्रभारी एसडीओ विमल सोरेन, बरहरवा अंचल अधिकारी रामजी वर्मा व थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह द्वारा ज्वाइंट वाहन जांच ऑपरेशन के तहत बरहरवा फरक्का मुख्य मार्ग स्थित फूटानीमोड़ चेक नाका के समीप संघन वाहन जांच अभियान चलाकर अधिक भार लेकर परिवहन करने वाले एक हाइवा व एक स्मार्ट टर्बो मिनी ट्रक को जब्त कर बरहरवा थाना में सुरक्षित रखा गया है। इस संबंध में जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार ने बताया हाइवा पंजीयन संख्या जेएच 04 एक्स 2335 एवं स्मार्ट टर्बो पंजीयन संख्या डब्ल्यूबी 93 1396 बरहरवा की ओर से फरक्का की ओर जाने के क्रम में मिजार्पुर फूटानीमोड़ के पास दोनों वाहन को रोक कर कागजात की जांच किया गया। जांच के क्रम में एक वाहन में चिप्स व दूसरा में धान लोड था। जहां क्षमता से अधिक भार पाया गया। दोनों वाहन को जुमार्ना हेतु चालान काट कर बरहरवा थाना के पास सुरक्षित रखा गया।

### दो अलग-अलग जगह आपसी विवाद में हुए मारपीट में दो लोग घायल

**साहिबगंज/राजमहल :** थाना क्षेत्र के पश्चिमी जामनगर प्राण टोला गांव में बीते रात्रि आपसी विवाद में हुए मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। जानकारी के अनुसार लाखी मंडल 56 वर्षीय का पड़ोसी के साथ किसी बात को लेकर कहा सुनी होते-होते बात मारपीट तक पहुंच गया। जिसमें उक्त व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया। वहीं दूसरी तरफ थाना क्षेत्र के कन्हैया स्थान गांव में आपसी विवाद में हुई मारपीट में दुलाल मंडल 64 वर्षीय घायल हो गया। दोनों को अपने-अपने परिजनों की मदद से इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल राजमहल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों के द्वारा दोनों का इलाज किया गया। दोनों घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी।

### एसएमसी के सदस्यों को दिया सशक्तिकरण प्रशिक्षण

**साहिबगंज/बोरियो :** प्रखंड के यूएमएस चालधोवा संकुल के यूएमएस जीतपुर में तीन विद्यालयों के एसएमसी के सदस्यों को सशक्तिकरण हेतु गुरुवार को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सीआरपी ईश्वर पंडित ने दिया। एसएमसी के अध्यक्ष एवं सदस्यों को उनके कार्य एवं दायित्व का प्रशिक्षण दिया गया। एसएमसी की बैठक प्रतिमाह बुलाने, विद्यालय के विकास, बच्चों का नामांकन, ठहराव एवं विद्यालय संचालन की जानकारी दी गई। मौके पर जीतपुर के प्रधान शिक्षक बाबूजी हेंब्रम आदि थे।

### चोरी करने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने तीन अभियुक्त को चोरी करने के मामले में गिरफ्तार कर भेजा जेल। मिली जानकारी के अनुसार अखिलेश कुमार भगत साकिन हबीबपुर पाइप रोड, सोनू सिंह साकिन नया टोला पुरानी साहिबगंज, तारिक हुसैन उर्फ लालू साकिन अंजुमन नगर, तीनों साहिबगंज जिला के रहने वाले को चोरी करने के मामले में कांड संख्या 210/24 दिनांक 28 दिसंबर 2024 के धारा 331 (4) 305 बीएनएस के तहत पुलिस ने गिरफ्तार कर साहिबगंज सदर अस्पताल में चिकित्सा जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# दो दिवसीय कृषि मेला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** संयुक्त जिला कृषि भवन परिसर में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि मेला, फल/सब्जी प्रदर्शनी, उद्यानिकी संगोष्ठी और मत्स्यकी कार्यशाला ने किसानों, उद्यमियों और वैज्ञानिकों के लिए एक ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक मंच प्रदान किया। इस कार्यक्रम का आयोजन कृषि, मत्स्य, उद्यान विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों किसान, विशेषज्ञ और शोधकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन और उद्देश्य कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक बोरियो धनंजय सोरेन, जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का द्वारा सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत भाषण के द्वारा स्वागत किया गया।



**जिला दंडाधिकारी -सह-उपायुक्त हेमंत सती का संबोधन**

अपने संबोधन में उन्होंने किसानों को प्रेरित करते हुए कहा, कृषि क्षेत्र में प्रगति के लिए नई तकनीकों और नवाचारों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। यह मेला किसानों को उन्नत तकनीकों, जैविक खेती और उद्यानिकी के साथ-साथ मत्स्य पालन के क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करने का एक उत्कृष्ट कार्यशाला है। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसान इन जानकारियों का लाभ उठाकर अपनी उपज में सुधार कर सकते हैं और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से उत्पादकता बढ़ा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार किसानों की भलाई के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिनका अधिकतम लाभ लेने के लिए जागरूकता आवश्यक है। उपायुक्त ने भविष्य में ऐसे आयोजनों की निरंतरता की आवश्यकता पर बल दिया और किसानों को प्रोत्साहित किया कि वे तकनीकी नवाचारों के साथ अपनी कृषि प्रथाओं को मजबूत कराएं।

**विधायक, उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त ने कार्यशाला में स्टालों का लिया जायजा**

दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि मेला-सह-फल/सब्जी प्रदर्शनी, उद्यानिकी संगोष्ठी एवं मत्स्यकी कार्यशाला के दौरान विधायक, उपायुक्त, उप विकास आयुक्त ने कार्यशाला में लगे सभी स्टालों का बारी-बारी से जायजा लिया।उन्होंने प्रत्येक स्टाल पर प्रदर्शित कृषि उपकरण, तकनीकी नवाचार, जैविक उत्पादों, फसलों, फल, फूल और सरकारी योजनाओं की जानकारी को गहनता से समझा। स्टाल संचालकों और विशेषज्ञों से संवाद करते हुए उन्होंने किसानों की जरूरतों और उनके हित में प्रस्तुत तकनीकों की उपयोगिता पर चर्चा की। उपायुक्त ने कहा, इन स्टालों के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और संसाधनों की जानकारी मिल रही है, जो उनके उत्पादन को बढ़ाने और लागत कम करने में सहायक होगी।

फल और सब्जी प्रदर्शनी नवाचार फल और सब्जी प्रदर्शनी में किसानों को उनकी फसलों के बेहतर उत्पादन और संरक्षण के नए तरीकों से परिचित कराया। इस प्रदर्शनी में जैविक उत्पादों, स्थानीय सब्जियों और फलों की विभिन्न प्रजातियों का प्रदर्शन किया गया। उद्यानिकी संगोष्ठी नवाचार और समाधान संगोष्ठी में वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने किसानों को पॉलिहाउस तकनीक, जल संरक्षण, और सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों के बारे में जानकारी दी। मत्स्यकी कार्यशाला एक नया आयाम मत्स्यकी कार्यशाला में किसानों को मत्स्य पालन के उन्नत तरीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यशाला में किसानों को आधुनिक तकनीकों जैसे रीसकुर्लेटिंग एक्वाकल्चर सिस्टम और जैविक मत्स्य पालन की बारीकियां सिखाई गईं। किसानों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस तरह उन्होंने सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने उत्पादन में बढ़ोतरी की।

### क्रिकेट लीग कम नॉक आउट टूर्नामेंट में न्यूबीज ने 32 रनों से जीत दर्ज की

**साहिबगंज :** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में गुरुवार को न्यूबीज बनाम यंग स्टार क्रिकेट क्लब, राजमहल के बीच मैच खेला गया। न्यूबीज टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 21.4 ओवर में 176 रन बना कर ऑल आउट हो गई। सुमन कुमार ने 48, शहनवाज ने 22, समीर ने 21, आदित्य रंजन ने 12, अभिषेक पाठक ने 22 रनों की पारी खेली। यंग स्टार क्रिकेट क्लब, राजमहल के गेंदबाज प्रबीर घोष ने 3, मो राजा, रोहित व हलीम ने 2-2 एवं मुशर्रफ ने 1 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी यंग स्टार क्रिकेट क्लब, राजमहल की टीम 22 ओवर में 144 रन बना कर ऑल आउट हो गई।

# टुसू मेला सह एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** नामकुम नामकुम प्रखण्ड के ग्राम जारेया में टुसू मेला, एक दिवसीय फुटबॉल खेल प्रतियोगिता एवं आधुनिक नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टुसू मेला सह एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खिजरी विधायक सह कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप मेला में क्षेत्र से आये मेला प्रेमियों को मकर संक्रांति एवं टुसू मेला का शुभकामनाएं देते हुए कहा कि टुसू मेला हमलोगों के झारखण्डी सांस्कृतिक से जुड़ा हुआ है। हमारी संस्कृति को बचा रखना है। हमारी खान पान, पहनावा, नाच और गान से ही हमारी संस्कृति पहचान होती है। क्षेत्र के अनुसार ही पहचान होती है।विशिष्ट अतिथि के रूप में



उपस्थित कांके विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश कुमार बैठा ने टुसू मेला में उपस्थित मेला प्रेमियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेला हमलोगों के सांस्कृतिक के साथ जुड़ा हुआ है। हम मेला में एक दुसरो से मिलते जुलते है और बधाई देते हैं। मेला में उपस्थित विशिष्ट अतिथि खूंटी विधानसभा विधायक राम सूर्या मुण्डा ने अपने संबोधन में कहा कि टुसू मेला हमलोगों के सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत आता है। सभी को टुसू मेला का हार्दिक बधाई दिया। टुसू मेला, एक दिवसीय फुटबॉल खेल प्रतियोगिता एवं आधुनिक नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम जारेया में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार में रांची टाइगर्स को एक लाख पचास हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार दीपक ब्रदर्स को एक लाख रुपए, तृतीय पुरस्कार बी एम सी रांची को पचास हजार रुपए एवं एम टी सी रांची को पचास हजार रुपए दिया गया। मेला में कुल आठ चौड़ल सम्मिलित हुआ। जिसमें प्रथम पुरस्कार अनगड़ा चन्द्र टोली के सरिता देवी को सात हजार एक रुपए, द्वितीय पुरस्कार पांचा के प्रिया कुमारी को पांच हजार एक रुपए, तृतीय पुरस्कार बुंडू बेड़ा के अनीता लकड़ा को चार हजार एक रुपए एवं बाकी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। मौके पर बुण्डू प्रखण्ड प्रमुख राजकुमार सिंह गंझु, खूंटी जिला परिषद सदस्य गुलशन सिंह मुण्डा उर्फ गांधी, रामपुर मुखिया सरस्वती देवी, आयोजन समिति में मुख्य रूप से सदस्य पूर्व मुखिया महादेव मुण्डा, विकास मुण्डा, सोनुराम मुण्डा, शिलास टुटी, उषा देवी, उतम गोप अजीत मुण्डा, मनु मुण्डा, तुलसी मुण्डा, प्रेमचंद मुण्डा एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# झामुमो कार्यकर्ताओं ने की प्रखंड स्तरीय बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** प्रखंड अंतर्गत इस्लामपुर स्थित गफूर शेख के गार्डन में गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी का प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। बैठक के दौरान विगत लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी कार्यकताओं के द्वारा किए गए जीतोड़ मेहनत के प्रति आभार व्यक्त किया गया एवं पूर्व के बैठक की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कार्यकताओं को संबोधित करते हुए अब्दुल कादिर ने बताया कि जिस तरह से आप सभी ने अपने मेहनत और लगन के साथ पार्टी के उम्मीदवार को जीताने के लिए जीतोड़ मेहनत किया है, ठीक उसी तरह गांव घरों के लोगों के समस्या के प्रति भी प्राथमिकता के साथ ध्यान देंगे तथा उसका निदान करेंगे, इसके अलावा सांसद प्रतिनिधि संजीव सामू, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल



गफूर, नरगिस बेगम आदि ने भी कार्यकर्ता का मेहनत और लगन की सराहना की, और बताया कि आप सभी का मेहनत का ही फल है कि आज हम लोगों को लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव में इतनी बड़ी कामयाबी मिली है। शांति सरोजिनी मुर्मू ने बताया कि जनता की समस्या का समाधान के लिए आने वाले हर मंगलवार से बरहरवा प्रखंड मुख्यालय में पार्टी के प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता उपलब्ध रहेंगे ताकि गांव घरों के लोगों के छोटे-बड़े समस्याओं का निदान किया जा सके। बैठक के समापन पर उपस्थित सभी पंचायत तथा प्रखंड स्तरीय कार्यकताओं ने सम्मिलित रूप से वन भोज का आनंद भी उठाया। नए साल के अवसर पर एक दूसरे को बधाई दिया। इस दौरान रोशनी टुडू, प्रदीप टोप्पो, प्रवीण कुमार, धनलाल शाह, सफीकुल इस्लाम, वेद शेख, सलाम शेख, धर्मवीर कुमार, महतो इस्माइल शेख, उप मुखिया आलमगीर आलम, मंजर उल हक, सफीकुल इस्लाम, मोकका शेख, के अलावे काफी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# चौका आदारडीह में दो दिवसीय टुसू मेला का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के चौका आदारडीह में मकर पर्व के अवसर पर दो दिवसीय टुसु मेला सह संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व जिप उपाध्यक्ष अशोक साव व ईचाडीह पंचायत के मुखिया चित्तरंजन सिंह मुंडा ने फीता काटकर किया। टुसु मेला के अंतिम दिन बंगला एल्बम के मशहूर सिंगर कुंदन कुमार एवं कनिका ने लोगों को अपने गानों से झमकर झूमाया। जहां इनके साथ एक्टर शैलेन्द्र कुमार एवं ऋतू मेहता और उनकी टीम ने भी एक से बढ़कर एक बंगला गानों पर डांस किया। जहां दर्शकों ने इसका जमकर लुत्फ उठाया। हालांकि मेला मेला मेलाए टुसु कम देखा गया। मेला में पहुंचे टुसु को कमिटी के द्वारा पुरस्कृत भी किया। पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक साव ने कहा कि टुसु मेला हमारी संस्कृति है। इस संस्कृति को बचाए रखना जरूरी है। संस्कृति ही हमारी पहचान है। मौके पर प्रताप महतो, अरुण महतो, मंगल सिंह मुंडा, बासु गोप आदि उपस्थित थे।

# जमीन विवाद में घर में घुसकर पूरे परिवार के साथ पड़ोसी ने की मारपीट, कई घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत जमीनी विवाद में पड़ोसी ने घर में घुसकर पूरे परिवार को मार कर किया लघु लुहान। घायल सुगली बिन उम्र 65 वर्षीय पिता स्वर्गीय सुंदर बिन, साकिन छोटी कोदरर्जन्ना गंगा प्रसाद पश्चिम टोला से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि पहले से ही जमीनि विवाद चल रहा था जहां आज दिनांक 16 जनवरी 2025 को मेरे घर में 8 से 10 लोग अचानक आंगन में घुसकर पूरे परिवार को डायन डायन बोलकर बुरी तरह लाठी डंडा से मार कर लहू लुहान कर दिया।



सुगली बिन के पत्नी, बेटा और परिवार के अन्य सदस्य बुरी तरह घायल है सभी के शरीर में गहरी चोटे लगी है, उनके बेटे का सर बुरी तरह घायल है। वही सुगली बिन के घर में घुसकर घटना को अंजाम देने वाला, छेदी, छेदी का बाप रामेश्वर, मुन्ना, सुखड़ी सिंह, सुखड़ी सिंह का बेटा कल्याण सिंह और करीमन सिंह के पत्नी चिंता देवी, करीबन सिंह की मां, दिनेश का कन्या और दो, तीन आदमी छत से ईट चला चला कर पूरे परिवार को मार रहा था। 6 महीना पहले जमीन विवाद को लेकर रास्ता घेर लिया था जहां सुगली बिन ने मुफस्सिल थाना को लिखित आवेदन दिया था। सुगली बिन के दादा के नाम पर कई कट्ठा जमीन है जो की घर में घुसकर मारने वाले ने पूर्व में जमीन को जबरदस्ती अपने कब्जे में कर लिया है और रास्ता का जमीन भी डेड कट्ठा घेर लिया है। घायल पीड़ित ने मुफस्सिल थाना को लिखित आवेदन दिया है मुफस्सिल थाना ने आवेदन लेकर केस दर्ज कर दिया है और इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज भेज दिया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने पूरे परिवार का इलाज किया है और अपने देखरेख में अस्पताल में ही भर्ती कर लिया है। वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### धूमधाम से मनाया गया हरिहर मेला



**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत कोचो गांव में हरिहर मेला का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस मेले में दुर दराज से ग्रामीणों ने बड़े-बड़े विशाल बने आकार के टुसू लेकर नाचते गाते हुए डीजे बॉक्स के साथ मेले में पहुंचे वही मेले कमेटी के द्वारा टुसू में प्रथम विजेता को एवं द्वितीय विजेता को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मेले में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक अमित कुमार महतो पूर्व विधायक सीमा देवी उपस्थित थे। बताते चले की हरिहर मेला का उद्देश्य रहा है कि पक्ष एवं विपक्ष के नेता दोनों ही एक मंच पर एक साथ नजर आते हैं मगर इस बार वह नजारा देखने को नहीं मिला। इस मेले में एक से एक खिलौने के दुकान, घरेलू समान, सब्जी, चाट पुचका, ईख, कपड़े आदि की दुकान लगे हुए नजर आते हैं वही ग्रामीणों को खरीदारी करने में सामान की सुविधा होती है।

### कामरेड राम साहु का निधन, माकपा एवं किसान सभा ने दी श्रद्धांजलि



**मुरी :** सिल्ली गत 25 वर्षों से माकपा के सदस्य सह किसान सभा के नेता कामरेड राम साहु 50 वर्ष के हार्ट एटेक से बुधवार की रात्रि मौत हो गई । मौत की सूचना मिलते ही सिल्ली मुरी में शोक की लहर फैल गई। कामरेड राम साहु के विशाल शवयात्रा में माकपा झारखंड राज्य राज्य सचिव मंडल सदस्य सह, झारखंड राज्य किसान के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो, माकपा जिला कमिटी सदस्य अमर महली, अरूण महतो, सिल्ली माकपा संस्थापक सह माकपा नेता बद्री नारायण साहु,लोकल कमिटी सदस्य संतोष कुम्हार, सदानंद सोनार,रबि सोनार, शशि शंकर सोनार, हिरा साहु,कमल साहु, सुधीर साहु सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। वही गुरुवार को मुरी स्वर्ण रेखा नदी तट पर दो मिनट मौन रख कर श्रद्धांजलि देने के साथ सम्मान पूर्वक दाह संस्कार किया गया। माकपा झारखंड राज्य सचिव मंडल सदस्य,सह झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने कहा कामरेड गत 25 वर्षो से पार्टी सदस्य ,व किसान सभा के जुझारू व संघर्ष शील सदस्य रहे, पार्टी एवं किसान सभा के प्रति उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा।युवा काल में माकपा के प्रति उनका जबरजस्त अभिरुचि रहने के कारण कई बार नंगे बदन ही लाल झंडा लेकर जुलूस में शामिल हुए थे। कामरेड राम साहु के एक ईमानदार, संघर्षशील छवि के कारण लोग उनके हमदर्द थे। इस दु:ख की घड़ी में माकपा एवं किसान सभा उनकी पत्नी एवं एक मात्र पुत्र के प्रति गहरी संवेदना प्रगट करतीं हैं।

### बीडीओ ने तालझारी पंचायत भवन का किया निरीक्षण



**साहिबगंज/तालझारी :** पंचायत दिवस के अवसर पर गुरुवार को तालझारी प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार ने तालझारी पंचायत भवन का 10:48 में औचक निरीक्षण करने पहुंचे। जहां पंचायत भवन पर ताला लटका मिला। जिसके बाद बीएलओ पहुंचे वहीं बीएलओ के द्वारा चाबी मगवाकर खोला गया। जिसके बाद मुखिया को फोन कर बुलाया गया। वहीं कुछ देर बाद मुखिया दुर्गा किस्कू व रोजगार सेवक रेनुका रजक पहुंची। वहीं रोजगार सेवक के पहुंचते ही बीडीओ ने फटकार लगाया और समय पर पहुचने का निर्देश दिया। साथ ही निरीक्षण के दौरान पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया इस दौरान बीडीओ ने देखा कि पुस्तकालय के लिये दि गई सभी समाग्री बक्सा में बंद है। टीवी, कंप्यूटर, पुस्तक, अलमारी आदि समान बंद है। वहीं बक्सा में बंद देख बीडीओ ने नराजगी जताते हुए दो दिनों के अंदर में दो कमरे में पुस्तकालय को शिफ्ट करने का निर्देश दिया। साथ ही जहां-तहां बिखरे सामान को देखकर बीडीओ ने फटकार लगाते हुए कहा कि सभी सामान को एक स्टोर रूम में रखें और जगह को साफ सुथरा रखें। वहीं बीडीओ ने रोजगार सेवक एवं मनरेगा से संचालित योजनाओं का अभिलेख जांच किया। वहीं बीडीओ ने प्रतिदिन पंचायत को समय से खोलने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि खास कर पंचायत दिवस हर हाल में खोलना है। इस दौरान पंचायत के विभिन्न गांवों के लोगों व मजदूरों को योजना की जानकारी दी जाती है। जिसके बाद बीडीओ पवन कुमार ने हरिजन टोला गांव में संचालित आंगनबाड़ी नर्सरी प्रि स्कुल केंद्र का भी निरीक्षण किये।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला परिवहन मोटरयान विभाग की हुई बैठक

**साहिबगंज:** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला परिवहन मोटरयान विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक कार्यालय प्रकोष्ठ में संपन्न हुई, जिसमें विभागीय कार्यों की समीक्षा, परिवहन सेवाओं की गुणवत्ता, एवं नागरिकों को सुविधाजनक सेवा उपलब्ध कराने के उपायों पर चर्चा की गई। बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया और प्राप्त लक्ष्यों के मुकाबले अब तक की उपलब्धियों पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिए निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। हिट एंड रन मामलों की जानकारी ली और उनके निष्पादन की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसे मामलों में तेजी से कार्रवाई सुनिश्चित करें और पीड़ित परिवारों को शीघ्र सहायता प्रदान करें। मौके पर परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी, मोटर यान निरीक्षक विमल किशोर सिंह, अभिषेक सिंह व अन्य उपस्थित थे।

### हिंडालको सीएसआर विभाग की ओर से कंबल का किया गया वितरण



**मुरी/सिल्ली:** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत गुरुवार के दिन बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए हिंडालको सीएसआर विभाग की ओर से छोटामुरी मस्जिद मोहल्ला में वृद्ध, गरीब और असहाय लोगों के बीच लगभग 80 कंबलों का वितरण किया गया। कंबल मिलते ही लोगों ने राहत की सांस ली और लोगों ने हिंडाल्को का आभार व्यक्त किया। मौके पर हिंडालको सीएसआर विभाग के हेड अनिल सिंह, सुधांशु कुमार, महताब आलम, भरत सिंह, पंचायत समिति सदस्य (पूर्वी) अरविंद कुमार समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# एन.डी.ए कार्यकर्ता सम्मेलन में गठबंधन की मजबूत एकता का संदेश

## जे.डी.यू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा बोले- नीतीश कुमार ने बिहार का किया चौमुखी विकास

### डॉ. जायसवाल ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद पर तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है।

### केन्द्रीय राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विकास की नई गाथा लिखी गयी है।





**बेतिया।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में गठबंधन की मजबूत एकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। बेतिया नगर के महाराजा स्टेडियम में आयोजित सम्मेलन में जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने राजद के 19 साल के शासनकाल की आलोचना की। इसमें उन्होंने कहा है कि नीतीश कुमार ने बिहार का चौमुखी विकास किया है। उन्होंने बताया कि सड़क, बिजली, पानी की बेहतर व्यवस्था के साथ रोजगार सृजन में भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी ने एनडीए के कार्यकताओं की एकजुटता पर जोर दिया। लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने साल 2025 के विधानसभा चुनाव में 225 सीटें जीतने का दावा किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में बिहार तेजी से प्रगति कर रहा है। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं डॉ. जायसवाल ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद पर तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। उन्होंने जनता से आगामी चुनाव में एनडीए को मजबूत जनादेश देने की अपील की। सभी दलों के नेताओं ने एक स्वर में कहा कि एनडीए की एकता चट्टान की तरह मजबूत है और बिहार के विकास के लिए यह गठबंधन प्रतिबद्ध है। एनडीए के नेतृत्व में एक कारवां चला है। पहले बिहार में स्कूल-कॉलेज नहीं था, सड़क की हालत खराब थी, नहरों में पानी नहीं था, बिहार में गुंडा राज था, लेकिन नीतीश के सरकार में बिहार में माहौल बदला, सुशासन का राज कायम हुआ।सांसद संजय जायसवाल ने कहा कि देश में जब भी किसी नई चीज की शुरूआत होती है, तो इसका आगाज चंपारण से होता है। आज फिर चंपारण एक बार इतिहास रचेगा। एनडीए के पांचों घटक दल एक है। नौ के नौ सीट जीतेगी एनडीए साल 2025 के विधानसभा चुनाव के बाद महागठबंधन टूट जाएगा। यहां के नौ के नौ सीट एनडीए जीतेगी। केन्द्रीय राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विकास की नई गाथा लिखी गयी है। आरजेडी के शासन में कोई सुरक्षित नहीं था। एनडीए के सरकार में पशुपालन जैसा घोटाला नहीं होगा। वाल्मीकिनगर सांसद सुनील कुमार ने कहा कि पहले चंपारण में अपराध का बोलबाला था। बिहारी कहलाना अपमान का विषय था, लेकिन आज बिहार का मान देश और दुनिया में बढ़ा है। मत्स्य एवं पशुपालन संसाधन मंत्री रेणु देवी ने कहा कि एनडीए की सरकार आम लोगों की सरकार है, यह पत्नी, बेटा-बेटी की सरकार नहीं है। आज हर क्षेत्र में बिहार तरक्की कर रहा है। महिलाओं को आरक्षण मिला है। प्रभारी मंत्री जनक राम ने कहा कि महागठबंधन के नेता महापुरुषों के नाम तो लेते है, लेकिन उनके बताएं रास्ते पर नहीं चलते है। नरेन्द्र मोदी और नीतीश कुमार ने अपने परिवार और बेटा-बेटी परिवार के लिए कुछ नहीं किया है। लालू प्रसाद के सरकार में शिक्षा, सड़क, पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं भी लोगों को नहीं मिलती थी। नीतीश कुमार ने सबकुछ किया है। कार्यक्रम को विधायक विनय बिहारी, उमाकांत सिंह, नारायण साह, रश्मि वर्मा, विधान पार्षद वीरेन्द्र नारायण यादव, पूर्व विधायक दिलीप वर्मा, प्रकाश राय, प्रदीप सिंह, बिरबल यादव आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा अध्यक्ष रुपक श्रीवास्तव व संचालन जदयू अध्यक्ष शत्रुघ्न कुशवाहा ने किया। मौके पर एनडीए के घटक दलों के जिलाध्यक्ष मुकेश मिश्रा, दीपक मिश्र, शैलेश कुशवाहा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, दीपेन्द्र सराफ, डॉ. एनएन शाही, राहुल कुमार, मुकेश सहाय उर्फ गांधी बाबा, वीरेन्द्र कुमार उपाध्याय, राहुल चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### बिहार में नशे के बड़े कारोबार का भंडाफोड़



**मोतिहारी।** बिहार के रक्सौल में पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त कार्रवाई में नशे का बड़ा कारोबार पकड़ा गया है। हरदीया पंचायत के गम्हरिया नहर नवका टोला में की गई छापेमारी में पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया गया है। दोनों लंबे समय से घर से ही नशीले पदार्थों का अवैध धंधा चला रहे थे। पुलिस निरीक्षक राजीव नंदन सिन्हा के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में आबकारी विभाग के पुलिस निरीक्षक लालू प्रसाद यादव और भुवन रंजन भी शामिल थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नवका टोला निवासी अबुलैश मियां और उनके बेटे राजा हुसैन के रूप में हुई है। छापेमारी में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। आरोपियों के घर से 1 किलो 700 ग्राम चरस, 590 ग्राम गांजा (152 पाउच में), नाइट्रेजपाम की 140 टैबलेट, सेमप्लटेक्स की 40 टैबलेट, ऑनरेक्स कफ सिरप की 19 बोतलें और 15 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। बरामद सभी नशीले पदार्थों को जब्त कर लिया गया है और दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक यह कार्रवाई क्षेत्र में नशे के बढ़ते कारोबार पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मामले की जांच जारी है।

### अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल से पहले कर्मचारी संघ का प्रदर्शन



**पूर्णिया।** वेतन विसंगतियों को दूर करने, विशेष न्यायिक कैडर लागू करने, अनुकंपा में वरीयता प्रदान करने और कर्मचारियों को जल्द प्रमोशन देने समेत 4 सूत्री मांगों को लेकर कल 16 जनवरी से सिविल कोर्ट के कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल में थर्ड और फोर्थ ग्रेड के सभी कर्मी शामिल होंगे। इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए बुधवार कर्मचारी संघ के सदस्यों ने हाथों में बैनर लिए प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। हड़ताल के संबंध में बिहार सिविल कोर्ट कर्मचारी संघ के पूर्णिया इकाई के सदस्य कोर्ट परिसर पर गोलबंद हुए। आंदोलन को सफल बनाने को लिए व्यापक रणनीति बनाई। इसके बाद संघ के पदाधिकारियों और कर्मियों ने विरोध-प्रदर्शन और नारा लगाकर हड़ताल का आह्वान किया।16 जनवरी से कलमबंद हड़ताल अध्यक्षता कर्मचारी संघ के पूर्णिया शाखा के अध्यक्ष अध्यक्ष महेश पासवान ने की। अध्यक्ष, कार्यकारी सचिव अभिषेक भारती और सदस्य सोनू कुमार ने बताया कि बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ अपनी 4 सूत्री मांगों को लेकर 16 जनवरी से कलमबंद हड़ताल करेगा। राज्य कर्मचारी संघ के फैसले और आह्वान पर सभी कर्मी एकमत हैं। कर्मचारियों की सहमति से सामूहिक रूप से अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल को सफल बनाने का निर्णय लिया गया है। हर स्तर की वार्ता और बैठक के विफल हो जाने, किसी भी प्रकार सकारात्मक आश्वासन नहीं मिलने पर हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया है। कर्मचारी संघ की ओर से सरकार के समक्ष चार सूत्री मांग रखी गई है। इसमें सभी तृतीय और चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों की वेतन विसंगति को जल्द से जल्द दूर करने, तृतीय और चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को शीघ्र पदोन्नति किए जाने, अनुकंपा पर शत-प्रतिशत बहाली और विशेष न्यायिक कैडर (स्टेट कैडर) लागू किए जाने की मांग शामिल है।

### बसंत पंचमी में मूर्तियां की कॉस्ट 5 साल से दोगुनी

**भागलपुर।** बसंत पंचमी आने में अभी 17 दिन बचे हैं, लेकिन इससे पहले ही शहरी से लेकर ग्रामीण इलाकों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्वरूप में आने लगी है। मूर्तिकार का कहना है कि ऑर्डर तो मिल रहा है, लेकिन प्रतिमा निर्माण पर भी महंगाई की मार है। पांच साल में दो गुना खर्च बढ़ने से परेशानी बढ़ गई है। शहर में सैकड़ों जगह पर मां सरस्वती की प्रतिमा तैयार की जा रही है। प्रतिमा तैयार कर रहे मूर्तिकार रणजीत पंडित का कहना है कि प्रतिमा निर्माण में रस्सी बांस पुआल मिट्टी आदि से किया जाता है। रस्सी की कीमत 2 साल में 8000 से बढ़कर 12000 प्रति क्विंटल हो गई है। 5 साल में 150 से बढ़कर 300 हो गए। पुआल की कीमत डेढ़ सौ रुपए प्रति सैकड़ा से बढ़कर 400 हो गया है। मिट्टी 500 से 800 से बढ़कर 3 हजार प्रति टेलर हो गए। इसके अलावा कपड़ा, रंग व साज की कीमत भी 5 साल में दोगुनी से अधिक हो गई। प्रतिमा के लिए उपयुक्त मिट्टी मिलना कम हो गया। दूसरे मूर्तिकार का कहना है कि जब से हार्वेस्टर से धान की कटाई हो रही है। तभी पुआल की कीमत अधिक बढ़ गई। हार्वेस्टर वाले धान फसल की पुआल खराब हो जाता है। जो कि प्रतिमा निर्माण में उपयुक्त नहीं है। पुआल भी हम लोग को आसानी से नहीं मिलता है। ढूंढना पड़ता है। सुल्तानगंज में भी सरस्वती पूजा को स्थानीय मूर्ति कलाकार अन्नु पाल द्वारा जोर शोर से सरस्वती प्रतिमा को अंतिम रूप देने की तैयारी में जुट गए हैं। मूर्ति कलाकार अन्नु पाल इस बार 25 सरस्वती प्रतिमा ही बना पाए हैं। जो अबतक में आठ सरस्वती प्रतिमा बिक चुकी है। बाकी अभी तक ऑर्डर नहीं मिला है। उसका कहना है कि सरस्वती प्रतिमा अगर कोई लेना चाहें वह हमारे पाल कला केंद्र कुम्हार गली,लाल कोठी के पास आकर संपर्क कर सकते हैं।

## बहन से छेड़छाड़ का विरोध करने पर मारी गोली, घायल



**सुपौल।** में बुधवार की शाम त्रिवेणीगंज बाजार से घर लौट रहे एक युवक को बाइक सवार 3 अपराधियों ने गोली मार दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के बरहकुड़वा वार्ड नंबर 9 की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार गोली युवक के बाएं हाथ में लगी है। जो कि शरीर के अंदर फंसी हुई है। हालांकि स्थानीय लोगों ने युवक को त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। बहन के साथ छेड़छाड़ का विरोध करने पर किया हमला घायल युवक की पहचान लगुनिया वार्ड नंबर 15 निवासी दीनदयाल यादव के 23 साल के बेटे अभिमन्यु कुमार के रूप में की गई है। घायल अभिमन्यु ने बताया कि वह बाजार से घर लौट रहा था। इस दौरान पीछे से आ रहे बाइक सवार 3 अपराधियों ने उसपर गोली चला दी। हमला करने वालों में एक की पहचान ललित मेहता के रूप में हुई है। अन्य 2 की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। उसने आगे बताया कि कुछ दिन पहले आरोपी ने उसकी बहन से छेड़खानी की थी। इसको लेकर अभिमन्यु ने उसकी पिटाई की थी। इसी को लेकर उसने हमला किया है। घटना की सूचना पर त्रिवेणीगंज एसडीपीओ विपिन कुमार और थाना अध्यक्ष रामसेवक रावत अस्पताल पहुंचे। एसडीपीओ ने बताया कि अपराधियों की पहचान कर ली गई है, मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## रेणु देवी के भाई को बेतिया पुलिस का अल्टीमेटम





**बेतिया।** में मंत्री रेणु देवी के भाई पर मजदूर से जबरन जमीन हथियाने का आरोप लगाया गया है। यह घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महनागनी स्थित राइस मिल की है, जहां मजदूर शिवपूजन महतो का पिस्टल के बल पर अपहरण कर लिया गया। घटना का विवरण पुलिस के अनुसार, घटना शनिवार को हुई जब मंत्री के भाई रवि कुमार उर्फ पिन्नू ने मजदूर शिवपूजन को फॉरच्यूनर गाड़ी में अपने होटल ले जाकर जबरन जमीन के कागजात पर अंगूठा लगवा लिया। इसके बाद पीड़ित को एक स्कूल में रखा गया और शाम को छोड़ दिया गया। मामले में एक आरोपी सामनाथ उर्फ श्यामनाथ महतो को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, मुख्य आरोपी रवि कुमार उर्फ पिन्नू और उनकी पत्नी श्रद्धा रवि अभी फरार हैं। एसपी डॉ. शौर्य सुमन ने कहा कि आरोपियों को 24 घंटे के भीतर सरेंडर करने का अल्टीमेटम दिया गया है, अन्यथा उनकी संपत्ति कुर्क की जाएगी। अपराध में प्रयुक्त वस्तुएं अपहरण में इस्तेमाल की गई फॉरच्यूनर गाड़ी और पिस्टल आरोपी की पत्नी श्रद्धा रवि के नाम पर पंजीकृत हैं। पटना के बुद्धा कॉलोनी समेत कई स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। SDPO विवेक दीप के नेतृत्व में पुलिस टीम आरोपियों के रिश्तेदारों और संदिग्ध ठिकानों की तलाशी ले रही है।यह मामला बिहार में राजनीतिक हलचल का कारण बन गया है। विपक्ष ने नीतीश सरकार पर आरोप लगाया है कि सरकार में शामिल लोग कानून का दुरुपयोग कर रहे हैं।आगे की कार्रवाई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ इश्तेहार जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यदि आरोपी समय पर सरेंडर नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

यह मामला न केवल स्थानीय बल्कि राज्य स्तर पर भी चर्चाओं का विषय बन गया है।

## कार्यकताओं को नई जिम्मेदारियों देने पर चर्चा

### जदयू कार्यालय में दही-चूड़ा भोज का आयोजन, विकास कार्यों पर डाला गया प्रकाश




**गया।** मकर संक्रांति पर राजनीति का स्वाद चखने को दही-चूड़ा भोज का आयोजन चर्चा में रहा। जदयू नेता कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने बिसार तालाब मोहल्ला स्थित कार्यालय में इस भव्य भोज का आयोजन किया। कार्यक्रम में पूर्व एमएलसी संजीव श्याम सिंह समेत कई वरिष्ठ नेता और गणमान्य लोग शामिल हुए। इस मौके पर जदयू के नेताओं ने पार्टी कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारी देने की संभावनाओं पर भी चर्चा की। जनता एक बार फिर जदयू को मजबूत जनादेश देगी इस अवसर पर कुमार गौरव ने नए साल की शुभकामनाएं देते हुए कहा, यह वर्ष बिहार के विकास को और रफ्तार देगा। हमारी डबल इंजन सरकार ने सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐतिहासिक काम किए हैं। जनता ने मन बना लिया है कि 2025 में नीतीश कुमार ही फिर मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण और राज्य में हुए विकास कार्यों को सरकार की बड़ी उपलब्धियां बताई। साथ ही भरोसा जताया कि जनता एक बार फिर जदयू को मजबूत जनादेश देगी। भोज में जदयू के वरिष्ठ नेताओं समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। उपस्थित प्रमुख नेताओं में अवध बिहारी पटेल, पूनम कुशवाहा, सोनम दास, विनोद यादव, संजय कुमार सिन्हा, उत्तम कुशवाहा, अजीत शर्मा, बीरेंद्र सिंह, सुल्तान अहमद, धनंजय शर्मा, पप्पू दांगी, शंकर चौधरी और अमरनाथ राय शामिल हैं।

## निमंत्रण देने पहुंचे ससुर को दामाद ने पीटा



**भागलपुर।** में बेटी के ससुराल निमंत्रण देने गए ससुर पर दामाद ने हमला कर दिया। घटना में ससुर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। किसी तरह वहां से स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए मायागंज अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है। पीड़ित ने जानकारी जगदीशपुर पुलिस को दी है। इधर, पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मामला थाना क्षेत्र के खरौनी का है। बताया जा रहा कि झारखंड के टाउन थाना क्षेत्र निवासी अरुण यादव अपनी बेटी के ससुराल जगदीशपुर थाना क्षेत्र के खरौनी गए थे। दामाद को निमंत्रण देने के लिए कार्ड दिया, कार्ड को स्वीकार भी कर लिया। उसके बाद लाठी डंडे से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए।घायल अरुण यादव ने बताया कि बेटी की शादी 2019 में बलुआचक के गांव के रहने वाले अमरेश यादव से हुई थी। शादी के बाद से बेटी के साथ मारपीट की घटनाएं होती थी, जिसके कारण मनमुटाव था। पिता की मौत के बाद दामाद को निमंत्रण देने के लिए बेटी के ससुराल पहुंचे थे। ससुराल वालों ने निमंत्रण स्वीकार करने के बाद हमला कर दिया। घटना की जानकारी जगदीशपुर पुलिस को दी। इधर, पुलिस मामले को लेकर पुलिस छानबीन कर रही है।

## बहू ने ससुर सहित 5 पर कराया मामला दर्ज



**दरभंगा।** दरभंगा शहर के मिर्जापुर मोहल्ला निवासी राजीव झा की पत्नी सरिता कुमारी ने अपने सास-ससुर सहित 5 लोगों पर गाली-गलौज और धमकी का मुकदमा दर्ज कराया है। 3 दिन पहले 12 जनवरी को 75 वर्षीय सास सरोज झा ने 12 जनवरी की सुबह कचरा फेंकने के विवाद के बाद मारपीट का मामला दर्ज कराया था। जिसमें बेटा राजीव झा, उसकी पत्नी सरिता कुमारी पर आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की थी। मिर्जापुर निवासी सरिता कुमारी ने बताया ससुर सतीश नारायण झा पर नगर थाना मामला दर्ज है। सतीश झा न्यायालय से बेल लेकर आए हैं। ससुर सतीश नारायण झा, सास सरोज झा, देवर रंजीत कुमार झा, संजीव झा और देवरानी चंदू झा मुझे और मेरी बेटी के साथ बुरा बर्ताव करते रहते हैं। 13 जनवरी को न्यूज पेपर से पता चला कि हम सब पर एफआईआर हुई है, हमलोगों ने सास-ससुर के साथ मारपीट की है। ससुर एक गार्ड को भी रखे है, जो मुझे और मेरी बेटी के साथ गाली-गलौज करते रहता है। ससुराल के लोग कहते हैं कि पैसा देकर तुमको और तुम्हारे पति को फंसा देंगे। इस बात को लेकर सास-ससुर साथ पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। नगर थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार ने बताया कि पीड़िता के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

## शिलान्यास के 16 साल बाद अनुमंडलीय अस्पताल का होगा उद्घाटन

### निर्माण की राशि 4.91 लाख से बढ़कर 12 करोड़ हुई, 18 को सीएम देंगे सौगात





**बेगूसराय।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तीसरे चरण की प्रगति यात्रा के दौरान 18 जनवरी को बेगूसराय आ रहे हैं। बेगूसराय में वे 600 करोड़ से अधिक लागत की करीब 630 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा कई घोषणा की भी उम्मीद है। उद्घाटन और शिलान्यास किए जाने वाले योजनाओं शिलापट्ट बन रही है।उद्घाटन होने वाला महत्वपूर्ण योजनाओं में एक है मंझौल में बना अनुमंडल स्तरीय अस्पताल। 75 बेड वाले इस अस्पताल का शिलान्यास 2008 में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री चंद्र मोहन राय ने किया था। शिलान्यास के बाद काम शुरू भी हो गया, लेकिन काम को पूरे होने में 16 साल लग गए। प्राक्कलन राशि भी करीब 3 गुना बढ़ गई। अब मुख्यमंत्री प्रगति यात्रा पर मटिहानी विधानसभा क्षेत्र के मनियप्पा गांव में आ रहे हैं। वे चेरिया बरियारपुर विधानसभा क्षेत्र के मंझौल में बने अनुमंडलीय अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। इसके लिए तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है। शताब्दी मैदान में दो हेलीपेड बनाकर बांस-बल्ले से घेराबंदी की जा रही है।इस अस्पताल के शुरू होने से जिले के सुदूरवोर्ती छौड़ाही, खोदावंदपुर, चेरिया बरियारपुर, गढ़पुरा और नावकोठी प्रखंड के लोगों को भी काफी फायदा होगा। उन्हें समुचित स्वास्थ्य सेवा नजदीक में ही उपलब्ध होगा, इसको लेकर लोगों में खुशी है, लेकिन यह चर्चा हो रही है कि यह अस्पताल आखिर क्यों 16 साल तक राजनीति की भेंट चढ़ा रहा।2010 में काम ठप हो गया स्थानीय लोग बताते हैं कि मंझौल में पुराने समय से रेफरल अस्पताल था, लेकिन उसकी स्थिति खराब होती जा रही थी। संयोग से 2007 में स्वास्थ्य मंत्री रहे चंद्रमोहन राय का ननिहाल मंझौल ही था, वहां के लोगों ने उनसे संपर्क किया और अस्पताल बनवाने की गुहार लगाई। चंद्रमोहन राय के नाना ने भी इसके लिए प्रयास किया तो अनुमंडलीय अस्पताल बनाने की स्वीकृति मिली। कहा गया कि अनुमंडल अस्पताल रेफरल अस्पताल कैंपस में ही बनेगा, लेकिन चंद्रमोहन राय के नाना के प्रयास से दूसरी जगह इसके लिए जमीन चिह्नित कर वहां शिलान्यास किया गया। उस समय अनिल चौधरी विधायक थे, उन्होंने काफी प्रयास किया, लेकिन 2010 में अनिल चौधरी चुनाव हार गए और जदयू की मंजू वर्मा विधायक बन गईं। विधायक बनने के बाद उन्होंने काम शुरू करवाने के लिए कोई पहल नहीं की दो-तीन ठेकेदार भाग गए। जमीन को लेकर मामला कोर्ट में भी चला गया, बाद में प्राक्कलन राशि बढ़ाकर फिर से काम शुरू कराया गया, लेकिन स्थानीय स्तर पर विधायक सहित किसी भी जनप्रतिनिधि ने इसे पूरा करवाने का प्रयास नहीं किया। 2020 में विधानसभा में मामले को उठाया गया 2020 में जब राजवंशी महतो चेरिया बरियारपुर के विधायक बने तो उन्होंने इस पर पहल की। 17 महीने के लिए जब राजद की सरकार बनी तो राजवंशी महतो ने विधानसभा में इस मामले को उठाया। कई स्तर पर प्रयास किया, इसके बाद फिर से इस अस्पताल की शुरूआत करने की प्रक्रिया की गई और अब काम पूरा हो गया है। स्थानीय निवासी महेश भारती कहते हैं कि यह अस्पताल इलाके के लिए लाइफ लाइन बनेगा, यह सच है। लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण शिकार बना है, इसकी दास्तां भी बेहद पीड़ादायक है। 2007 में यहां अस्पताल बनाने के लिए राज्य सरकार की ओर से स्वीकृति मिली, 2009 से काम शुरू हुआ। दो-तीन वर्षों के बाद काम बंद हो गया। सरकार की राशि बढ़ती गई। 4 करोड़ 91 लाख से बनना शुरू हुआ और वह राशि 12 करोड़ पहुंच गई, लेकिन अस्पताल बनकर तैयार नहीं हुआ। यह अस्पताल चुनावी मुद्दा रहा, जब अस्पताल बन रहा। बिहार में विधानसभा का चुनाव होने वाला था। इसलिए 2010 से पहले इसका शिलान्यास करवा कर काम शुरू कराया गया। 4 करोड़ 91 लाख की राशि स्वीकृत कराई गई। ठेकेदार ने काम शुरू किया। 2015-16 में फिर काम शुरू हुआ।

राशि बढ़कर 9 करोड़ हो गई, लेकिन काम फिर रुक गया। 2022 में इस पर मंथन शुरू हुआ, लोकसभा चुनाव से पहले इलाके के लोगों को लुभाने के लिए काम शुरू किया गया। अतिरिक्त राशि दी गई, तब फिर से निर्माण शुरू हुआ और यह बहुत बड़ा चुनावी मुद्दा है।

## हाई और लो ब्लड शुगर लेवल वाले डायबिटीज मरीजों के लिए औषधि से कम नहीं है यह पत्ता

अंजीर एक ऐसा फल है, जो स्वास्थ्य और सेहत दोनों के लिए लाभदायक होता है. वर्षों से यह फल बेहद स्वास्थ्यवर्धक सूखे मेवे के रूप में भी लोगों को खूब भाता रहा है. अंजीर को अंग्रेजी में फिग के नाम से भी जाना जाता है. अंजीर के फायदे तो हम सभी जानते हैं, इस फल को खाने से कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं. अंजीर की सबसे बड़ी खासियत यही है कि, यह ताजे फल से ज्यादा ये सूखे मेवे के रूप में ज्यादा पौष्टिक होता है.

अभी तक आपने अंजीर के कई फायदों के बारे में पढ़ा होगा या सुना होगा, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि अंजीर की पत्तियों के भी कई फायदे होते हैं.

### डायबिटीज मरीजों के लिए वरदान

दरअसल, अंजीर के पत्तों में भरपूर मात्रा में एंटी-डायबिटिक गुण मौजूद होते हैं, जो ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल में रखने में मददगार साबित होते हैं. कई अध्ययनों से पता चला है कि यह हाइपरग्लेसेमिया और हाइपोग्लाइसीमिया दोनों स्थितियों में काम करता है और ग्लूकोज के लेवल को सामान्य बनाए रखने में दद करता है. स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि अंजीर की पत्तियों का जूस बनाकर सेवन करने से शरीर में इंसुलिन के लेवल को प्राकृतिक तरीके से नियंत्रण में रखा जा सकता है.

### अंजीर के पत्तों के औषधीय गुण कब्ज की समस्या से राहत दिलाते हैं

अंजीर की तरह पत्तियों में भी पोटेशियम, सोडियम, फॉस्फोरिक एसिड, आयरन और विटामिन जैसे कई पोषक तत्व होते हैं. इसीलिए पत्तियों का काढ़ा, चाय, जूस, पाउडर के रूप में सूखी पत्तियों का उपयोग विभिन्न बीमारियों के इलाज में किया जा सकता है. सिर्फ अंजीर ही नहीं बल्कि पत्तियों से बना काढ़ा, जूस और चाय भी कई तरह से फायदेमंद होता है. नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित मधुमेह से पीड़ित चूहों पर किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि अंजीर की पत्ती के रस में हाइपोग्लाइसेमिक प्रभाव होता है.

### इसका एक चम्मच छाछ में मिलाकर पिएं, आपका वजन और मोटापा कम हो जाएगा

अंजीर की पत्तियों को सुखाकर उसका पाउडर बनाया जा सकता है. आधा चम्मच चूर्ण एक कप पानी में मिलाकर चाय की तरह पियें. दोनों दृष्टिकोणों के अत्यधिक लाभ हैं. हड्डियां कमजोर होने पर अंजीर के पत्तों का सेवन करने से फायदा मिल सकता है. इन पत्तियों से बने पाउडर का सेवन करने से शरीर को पोटैशियम और कैल्शियम मिलता है और कई हड्डियां मजबूत होती हैं. इसके लिए अंजीर के पत्तों का पाउडर इस्तेमाल करना चाहिए.





## अपनी इन 5 अच्छी आदतों से करें अपने दिन की शुरुआत

# बदल जायेगी ज़िन्दगी

**इंटरनेट वजन घटाने और सेहतमंद रहने की जानकारी देने वाली सूचनाओं से अटा पड़ा है। कभी सोशल मीडिया पर वजन घटाने के नए-नए ट्रिक्स दिखने को मिलते हैं, तो कभी वजन घटाने और फिट हो जाने वाली सफलता की कहानियां देखकर या पढ़कर हम भौचक्क हो जाते हैं। पर, कई दफा ज्यादा जानकारी भी हमें पशोपेश में डाल देती है। यह सच है कि वजन को नियंत्रित रखने के लिए कैलोरी पर नजर रखना और शारीरिक रूप से सक्रिय रहना जरूरी है। पर, इन सबके साथ अपनी जीवनशैली में कुछ अच्छी आदतों को शामिल करके भी आप मोटापे के बढ़ते खतरे से खुद को बचा सकती हैं। सुबह की कौन-कौन सी आदतें वजन घटाने और फिट रहने में आपके लिए मददगार साबित हो सकती हैं,**

### गुनगुने पानी से शुरुआत



मोटापे की सबसे मुख्य वजह मेटाबॉलिज्म का धीमा होना है। अपने सुस्त पड़े मेटाबॉलिज्म को अगर आप दुरुस्त करना चाहती हैं, तो अपने सुबह की शुरुआत गुनगुने पानी से करें। सुबह उठने के बाद हर दिन एक से दो गिलास गुनगुना पानी पीने से मेटाबॉलिज्म धीमा नहीं पड़ता है। आयुर्वेद के मुताबिक गुनगुने पानी में नींबू का रस या फिर शहद मिलाकर पीने से मेटाबॉलिज्म और तेज होता है और वजन कम करने में मदद मिलती है।

### व्यायाम से समझौता नहीं



हर दिन कम-से-कम 25 से 30 मिनट का व्यायाम शरीर को सेहतमंद रखने के लिए बहुत ज्यादा जरूरी है। सुबह की शुरुआत हल्के-फुल्के व्यायाम के साथ करने से न सिर्फ शरीर का लचीलापन बरकरार रहता है बल्कि शरीर में सकारात्मक ऊर्जा में भी इजाफा होता है। योग, दौड़ना, स्ट्रेचिंग या फिर जिम में व्यायाम... अपनी फिटनेस को बरकरार रखने के लिए इनमें से कुछ भी चुन सकती हैं, बस इस बात का ध्यान रखें कि जो करें, उसे नियमित रूप से करें।

### सूरज की रोशनी का असर



हम सब की जिंदगी का अधिकांश हिस्सा अब घर के भीतर, स्क्रीन के सामने बीतने लगा है। इसके लिए कुछ हमारा काम जिम्मेदार है, तो कुछ स्क्रीन की हमारी बढ़ती लत। पर, क्या आप जानती हैं कि सेहतमंद रहने की विटामिन-डी बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण है, जिसका सबसे बड़ा स्रोत सूरज की रोशनी है। सुबह के वक्त निकलने वाली सूरज की रोशनी विटामिन-डी के सबसे प्रभावी स्रोतों में से एक है। यह शरीर के साथ-साथ मन को भी सकारात्मक ऊर्जा से भर देता है। आप सुबह के वक्त पार्क में व्यायाम करते वक्त विटामिन-डी भी प्राप्त कर सकती हैं। खास बात यह है कि इन सबके साथ विटामिन-डी वजन घटाने में भी प्रभावी साबित होता है।

### खाने की भी करें प्लानिंग

जो लोग हर दिन के अपने खाने की प्लानिंग करते हैं, वे ज्यादा मात्रा में पोषक तत्वों का सेवन कर पाते हैं। दरअसल, मेन्यू तय करके खाने से हम अपने पोषण के बारे में ज्यादा सतर्क रह पाते हैं। ऐसी स्थिति में सिर्फ पेट भरने की जगह पोषक तत्वों से भरपूर कम कैलोरी वाले खाद्य पदार्थों के सेवन को बढ़ावा मिलता है। ऐसी स्थिति में कैलोरी से भरपूर पैकेट बंद स्नैक्स पर हमारी निर्भरता कम होती चली जाती है, जिससे वजन बढ़ने का खतरा भी कम होता चला जाता है।

### सुबह के नाश्ते से समझौता नहीं

अमूमन लोग सुबह का नाश्ता यह सोचकर नहीं करते हैं कि इससे उन्हें वजन घटाने में मदद मिलेगी। पर, सच्चाई यह है कि इसका न सिर्फ शरीर पर बल्कि वजन पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। अपर्याप्त मात्रा में पोषण हमारे शरीर को भीतर से खोखला बना देता है। कई दफा लंबे समय तक भूखा रहने पर वजन कम होने की जगह बढ़ने लगता है। वहीं, लंबी अवधि तक भूखा रहने से ओवरईटिंग की आशंका भी बढ़ जाती है। लंबे समय तक भूखा रहने से शरीर में जरूरी पोषक तत्वों की कमी होने लगती है, जिसका संपूर्ण सेहत पर नकरात्मक असर पड़ता है।





## शरीर में इन 5 जगहों पर दर्द होना

# हार्ट अटैक का संकेत

वर्तमान समय में अचानक ही दिल के दौरे के मामलों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है. बड़ी संख्या में युवा भारतीयों में दिल का दौरा, कार्डियक अरेस्ट और अन्य हार्ट डिजीज चिंता का एक प्रमुख कारण बनता जा रहा है. कम उम्र (35-50 साल) के करीब 75 फीसदी आबादी को दिल का दौरा पड़ने का खतरा है. वास्तव में दिल का दौरा एक घातक चिकित्सा स्थिति है. विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दुनिया भर में हर साल 17.9 मिलियन लोगों की मृत्यु हृदय रोगों की वजह से होती है.

अध्ययन बताते हैं कि हर पांच में से 4 मौतें दिल के दौरे के कारण होती हैं, चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि दिल के दौरे हृदय की रक्त वाहिकाओं में ब्लड सर्कुलेशन में बाधा, रक्त वाहिकाओं में रुकावट, हृदय को ठीक से रक्त की आपूर्ति न हो पाना आदि के कारण होते हैं. वर्तमान समय में अव्यवस्थ?त दिनचर्या, तनाव, गलत खान-पान, पर्यावरण प्रदूषण और अन्य कारणों के चलते हृदय की समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं. छोटी उम्र से लेकर बुजर्गों तक में हृदय से जुड़ी समस्याएं होना अब आम बात हो गई है.

ऐसे में आज इस खबर के माध्यम से जानते है कि दिल का दौरा पड़ने से पहले आपका शरीर क्या संकेत देता है. याद रखें कि यदि आपको बिना किसी स्पष्ट कारण के किसी भी हिस्से में दर्द या असुविधा महसूस होती है, तो यह दिल का दौरा पड़ने का संकेत हो सकता है. हालांकि, चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि अगर इन जगहों पर दर्द होता है तो इसे पेन किलर दवाओं से दबाना घातक हो सकता है...

### सीने में दर्द या दबाव

दिल का दौरा पड़ने का सबसे आम लक्षण सीने में दर्द या दबाव है. यह दर्द अचानक से शुरू हो सकता है और कंटीन्यूअसली बना रह सकता है. यह दबाव छाती पर भारी बोझ जैसा महसूस होता है. कुछ में यह दर्द बहुत तेज होता है. तो कुछ में हल्का दबाव होता है. हालांकि, इसे कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए.

### कंधे, गर्दन या पीठ में दर्द

कंधे, गर्दन या पीठ में दर्द भी दिल का दौरा पड़ने का संकेत हो सकता है. खासतौर पर अगर यह दर्द सीने में दर्द के साथ हो तो इसे गंभीरता से लेना चाहिए. यह दर्द एक जगह से दूसरी जगह तक फैलता है. कभी-कभी यह एक तरफ या दोनों तरफ भी महसूस हो सकता है.

### बाएं हाथ में दर्द

विशेषकर बायीं बांह में दर्द दिल के दौरे का एक सामान्य लक्षण है. यह दर्द अचानक शुरू होता है और गंभीर होता है. कभी-कभी यह दर्द हल्का या परेशान करने वाला होता है, लेकिन अगर यह लंबे समय तक बना रहे तो इसे नजरअंदाज न करें.

### जबड़े या दांत में दर्द

दिल के दौरे के लक्षणों में जबड़े या दांतों में दर्द भी शामिल हो सकता है. यह दर्द सिर्फ जबड़े में ही नहीं बल्कि गालों, ऊपरी हिस्से तक फैल जाता है. कभी-कभी यह केवल एक तरफ ही तेज होता है. इसे नजरअंदाज न करें.

# अगर तेजी से बढ़ते मोटापे पर लगाना है लगाम तो इस्तेमाल करें नींबू का छिलका, हफ्ते भर में दिखेगा असर



बढ़ते वजन से आज लगभग हर दूसरा इंसान परेशान है। इससे छुटकारा पाने के लिए लोग तरह-तरह की होम रेमेडीज का इस्तेमाल करते हैं। इनमें एक चीज जो बहुत ही कॉमन है वो है लेमन यानी नींबू। नींबू का इस्तेमाल फैट लॉस के लिए बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। महज सुबह गर्म पानी में नींबू डाल कर पीने भर से ही बॉडी डिटॉक्स होती है, जो वेट लॉस में भी काफी मदद करता है। हालांकि नींबू का इस्तेमाल करने के बाद इसके छिलके हम आमतौर पर फेंक देते हैं। जबकि ये छिलके भी वजन घटाने में काफी ज्यादा फायदेमंद हो सकते हैं। तो चलिए आज वेट लॉस के लिए नींबू के छिलकों के इस्तेमाल के बारे में विस्तार से जानते हैं।

अब आपके मन में यह सवाल जरूर उठ रहा होगा कि भला नींबू का छिलका जिसे हम वेस्ट समझकर फेंक देते हैं, वो वेट लॉस में भला कैसे मदद कर सकता है। तो बता दें कि नींबू के छिलके में पेक्टिन नाम का फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो आपके पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखता है। इसके अलावा इसमें पॉलीफेनोल्स भी पाए जाते हैं, जिन्हें फैट बर्निंग के लिए जाना जाता है। नींबू के छिलकों में भरपूर मात्रा में फाइबर, विटामिन सी, कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटैशियम जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो आपकी ओवरऑल हेल्थ को दुरुस्त रखने का काम करते हैं।



### वजन घटाने के लिए ऐसे करें इनका इस्तेमाल

वजन कम करने के लिए आप कई तरह से नींबू के छिलकों का सेवन कर सकते हैं। पहला तरीका है कि आप नींबू के छिलकों की टेस्टी चाय को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इसके लिए कुछ नींबू के छिलकों को पानी में उबालने के लिए रख दें। जब पानी आधा बचे तो इसमें शहद मिलाकर चाय की तरह पीएं। सुबह या शाम आप कभी भी इस चाय को पी सकते हैं। ये बॉडी को डिटॉक्स कर के फैट बर्निंग में हेल्प करेगी।



इसके अलावा आप नींबू के छिलकों को धूप में सूखा सकते हैं। अच्छे से ड्राई होने के बाद इनका एक फाइन पाउडर बना लें। अब गर्म पानी में एक चम्मच ड्राई लेमन पाउडर मिलाकर पानी को अच्छे से उबाल लें। इस तरह से भी आपकी एक फैट बर्निंग टी बनकर तैयार हो जाएगी। इसमें आप एक चम्मच शहद भी मिला सकते हैं। इससे स्वाद के साथ-साथ इसके फायदे भी दोगुने हो जाएंगे फिट लॉस ड्रिंक के अलावा आप नींबू के छिलकों को ग्रेट कर के सब्जी, सलाद या सूप में डालकर खा सकती हैं। नींबू के छिलकों का पाउडर, काली मिर्च और नमक को मिलाकर एक पाउडर बना सकती हैं, जिसे किसी भी सलाद या फल पर स्प्रिंकल कर के खाया जा सकता है। इससे खाने का स्वाद भी बढ़ जाएगा और फैट लॉस में भी मदद मिलेगी।

# एनसीए के सितांशु कोटक भारत के बल्लेबाजी कोच बने, अभिषेक नायर पर दबाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सौराष्ट्र के पूर्व बल्लेबाज सितांशु कोटक को इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला और चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले बृहस्पतिवार को भारत का बल्लेबाजी कोच बनाया गया चूंकि ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सहायक कोच अभिषेक नायर का प्रदर्शन आशातीत नहीं रहा। 52 वर्ष के कोटक लंबे समय से राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में बल्लेबाजी कोच हैं। वह सीनियर और ए टीमों के साथ दौरों पर जा चुके हैं।

बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा ,'यह स्पष्ट है कि अभिषेक नायर से खिलाड़ियों को मदद नहीं मिल पा रही है। कोटक लंबे समय से बल्लेबाजी कोच हैं और खिलाड़ी उन पर भरोसा करते हैं।' ऑस्ट्रेलिया में भारतीय बल्लेबाजों की तकनीकी कमियां उजागर हुई और विराट कोहली आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंदों पर विकेट गंवाते रहे। कोटक ने घरेलू क्रिकेट में 15 शतक समेत 8000 से अधिक रन बनाए हैं। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ 22 जनवरी से पांच टी20 और तीन वनडे मैचों की श्रृंखला खेलेगी।

सूत्र ने कहा, 'भारत ए टीम का दौरा होने वाला है और कोटक आम तौर पर ए टीमों के साथ रहते हैं। वह लेवल तीन के कोच हैं और अतीत में वीवीएस लक्ष्मण के सहायक रह चुके हैं। वह पिछले साल आयरलैंड दौरे पर भारत के कोच थे। चूंकि वह एनसीए स्टाफ हैं तो उन्हें कहीं भी भेजा जा सकता है।'

समझा जाता है कि मुंबई के पूर्व दिग्गज नायर समीक्षा के दायरे में है। ऐसा माना जा रहा है कि वह सिर्फ प्रभावी सीनियर खिलाड़ियों के लिए ही उपलब्ध रहते हैं जिनकी उनकी नियुक्ति में भूमिका रही है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर महान पूर्व बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भारतीय सहयोगी स्टाफ की भूमिका पर यह कहकर सवाल उठाया था कि कोहली जैसे खिलाड़ियों के साथ लगातार तकनीकी समस्या आने के लिये उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। सहयोगी स्टाफ में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज मोर्नी मोर्कल (गेंदबाजी) और नीदरलैंड के रियान टेन डोइशे (फील्डिंग) कोच हैं।



# फेक न्यूज फैलाने वालों पर भड़के जसप्रीत बुमराह, बेड रेस्ट की आई थी रिपोर्ट



**मुम्बई (एजेंसी)।** टीम इंडिया के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को लेकर इन दिनों कई अफवाह आ रही हैं। कई रिपोर्ट में तो ये भी दावा किया जा रहा है कि बुमराह को बेड रेस्ट की सलाह दी गई है। अब इन तमाम मीडिया रिपोर्ट पर खुद बुमराह ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस दौरान कहा कि फेक न्यूज फैलाना आसान है। इसका मतलब है कि बुमराह को बेड रेस्ट नहीं दिया गया है।

बता दें कि हाल ही में ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर खेली गई पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के आखिरी मुकाबले में बुमराह को बैक स्पाज्म हुआ था, जिसके बाद भारतीय गेंदबाज मैच के बीच में स्कैन के लिए गए थे। बुमराह ने इसके बाद मुकाबले में गेंदबाजी भी नहीं कराई थी। बुमराह के गेंदबाजी नहीं कराने से तरह-तरह की अटकलें लगनी शुरू हो गई थीं।

तमाम रिपोर्ट्स में तो ये भी दावा किया जा चुका है कि, बुमराह फरवरी-मार्च में खेली जाने वाली चैंपियंस ट्रॉफी भी मिस कर सकते हैं। हालांकि, बुमराह की चोट पर बीसीसीआई की तरफ से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन खुद बुमराह ने जरूर सबकी क्लास लगा दी।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बुमराह ने अपनी बेड रेस्ट वाली फैलती खबरों पर रिप्लाई करते हुए लिखा कि, मुझे पता कि फेक न्यूज फैलाना आसान है लेकिन इससे मुझे हंसी आती है। सोर्स अविश्वसनीय।

बता दें कि, टीम इंडिया को चैंपियंस ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड के खिलाफ व्हाइट बॉल सीरीज खेलनी है। इस सीरीज में 5 टी20 और 3 वनडे मैच खेले जाएंगे। टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया है। जिसमें जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया है। अब देखना दिलचस्प होगा कि वनडे सीरीज के लिए उन्हें टीम में रखा जाता है या नहीं।

## संन्यास के बाद भी मोटी कमाई कर रहे धवन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद भी मोटी कमाई कर रहे हैं। धवन आजकल फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेल रहे हैं। वह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद नेपाल प्रीमियर लीग और बिग क्रिकेट लीग में खेलते हुए दिखे थे। धवन की कमाई का स्रोत लीग क्रिकेट के साथ ही विज्ञापन हैं। उनकी उनकी नेटवर्थ लगभग सवा सौ करोड़ पहुंच गयी है। धवन एंडोर्समेंट से ही हर महीने लाखों की कमाई करते हैं। उन्होंने कई बड़ी कंपनियों में निवेश भी किया है। धवन के पास दिल्ली में एक आलीशान घर भी है। एक रिपोर्ट के अनुसार धवन की नेटवर्थ लगभग 125 करोड़ रुपये के आसपास है। वह बीसीसीआई के ग्रेड ए अनुबंध में शामिल रहे थे। इसके लिए उन्हें बीसीसीआई की ओर से सालाना 5 करोड़ रुपये मिलते थे। इसके अलावा एक टेस्ट खेलने के उन्हें 15 लाख मिलते थे जबकि एकदिवसीय और टी20 के क्रमशः 6 लाख और 5 लाख रुपये मिलते थे। साल 2010 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर की शुरुआत करने वाले धवन ने टीम इंडिया में सलामी बल्लेबाज के तौर पर खेला है। चैम्पियंस ट्रॉफी 2017 और आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2015 में वह भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शामिल रहे थे। आईपीएल में सबसे पहले दो शतक लगाने का रिकॉर्ड उनके नाम है।



आईपीएल से भी धवन ने करोड़ों की कमाई की है। वह 2014 से 2017 तक आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद फ्रेंचाइजी के साथ रहे। इस दौरान फ्रेंचाइजी ने उन्हें हर साल 12.50 करोड़ रुपये दिए। वहीं 2018 से 2021 तक वह दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़े रहे जिसने उन्हें 5.20 करोड़ हर साल दिए। 2022 से 2024 तक धवन पंजाब किंग्स के साथ रहे. पंजाब ने उन्हें 8.25 करोड़ में अपने साथ जोड़ा था। धवन ने साल 2015 में ऑस्ट्रेलिया में 730,000 डॉलर में घर खरीदा था जो भारतीय मुद्रा में लगभग 7 करोड़ था। गब्बर महंगी महंगी घड़ियों के शौकीन हैं। इसके अलावा उनके पास कई लग्जरी गाड़ियां भी हैं। वह बोट, आईएमजी रिलायंस, एल्सिस स्पोर्ट्स, नेरोलैक पेंट्स, जीएस कैलटेक्स, लेज़ और ओप्पो जैसी बड़ी कंपनियों के लिए विज्ञापन करते हैं।

# फॉर्म हासिल करने के लिए घरेलू क्रिकेट खेलना सबसे अच्छा तरीका : युवराज सिंह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व बल्लेबाज युवराज सिंह का मानना है कि फॉर्म से जूझ रहे खिलाड़ी को राष्ट्रीय टीम में अपने कद की परवाह किए बिना हमेशा घरेलू क्रिकेट में खेलना चाहिए। विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे स्टार खराब फॉर्म में हैं जिससे इस बात पर बहस चल रही है कि उन्हें रणजी ट्रॉफी मैचों में खेलना चाहिए या नहीं।



बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत को ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा जिससे रोहित और कोहली के लाल गेंद की फॉर्म हासिल करने के लिए रणजी ट्रॉफी में खेलने की बात चल रही है। दोनों बल्लेबाज पांच टेस्ट मैचों के दौरान रन बनाने के लिए संघर्ष करते दिखे, विशेषकर रोहित, जिन्होंने सिडनी में अंतिम टेस्ट के लिए खुद नहीं खेलने का फैसला किया।

'सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग' के लांच कार्यक्रम के दौरान युवराज ने कहा, 'घरेलू क्रिकेट महत्वपूर्ण है। मैंने हमेशा महसूस किया है कि अगर आपके पास समय है और अगर आप अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं तो आपको निश्चित रूप से घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए। यह अभ्यास करने और मैच खेलने का सबसे अच्छा तरीका है। मुझे लगता है कि अगर आपके पास समय है और आप चोटिल नहीं हैं तो घरेलू क्रिकेट बहुत महत्वपूर्ण है।'

सुनील गावस्कर, रवि शास्त्री और यहां तक ??कि भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भी भारत के लगातार टेस्ट श्रृंखला गंवाने के बाद घरेलू क्रिकेट के महत्व के बारे में बात की है। रोहित 23 जनवरी से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी मुकाबलों से पहले मुंबई के अभ्यास सत्रों में शामिल हुए, वहीं कोहली ने अभी तक दिल्ली के लिए घरेलू वापसी के कोई संकेत नहीं दिए हैं। ऋषभ पंत, यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल जैसे अन्य स्टार खिलाड़ियों ने अपनी घरेलू टीमों में खेलने के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की है।

बाएं हाथ के बेहतरीन बल्लेबाजों में शुमार युवराज ने रोहित की सराहना की कि उन्होंने खराब फॉर्म के कारण सिडनी टेस्ट से खुद को आराम देने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया में हार के बाद गंभीर की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ गई है, लेकिन युवराज ने अपने दोनों पूर्व साथियों का बचाव किया। उन्होंने कहा, 'मैंने पहले भी कहा है। आप लोग श्रृंखला दर श्रृंखला देखते हैं। अगर भारत श्रृंखला जीतता है तो आप अच्छी बातें करते हैं, अगर हारता है तो आप आलोचना करते हैं।' युवराज ने कहा, 'मैं हमेशा पांच साल या तीन साल की अवधि में टीम के ग्राफ को देखता हूं। गौतम अभी आए हैं, उन्हें और समय चाहिए। अगर आप रोहित की बात करें तो उन्होंने कप्तान के तौर पर टी20 विश्व कप जीता है, जब भारत ने वनडे विश्व कप फाइनल खेला था तब भी वह कप्तान थे। उन्होंने मुंबई इंडियंस को पांच आईपीएल खिताब दिलाए।' उन्होंने पूछा, 'उस खिलाड़ी ने आखिरी मैच से हटकर किसी और को मौका दिया। पहले कितने कप्तानों ने ऐसा किया है? कृपया मुझे बताएं।' उन्होंने दोहराया कि न्यूजीलैंड से घरेलू मैदान पर 0-3 से हारना पचा पाना मुश्किल है।

## इंग्लैंड दौरे में मिल सकता है सरफराज को अवसर

नई दिल्ली ।घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाने वाले सरफराज खान को जून में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से एक बार फिर अवसर मिल सकता है।ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्हें एक भी टेस्ट मैच में खेलने का मौका नही मिला पर वह चोटिल हो गए हैं। ऐसे में अब वह रणजी ट्रॉफी के दूसरे राउंड में भी नही खेल पायेंगे हालांकि उनके नॉकआउट मैचों के लिए फिट होने की संभावना है। उन्हें पसलियों में हल्का फ्रेक्चर है। यह चोट उन्हें ऑस्ट्रेलिया में फील्डिंग करते समय लगी।भारत लौटने पर उनका स्कैन कराया गया जिसमें पसली में हल्का फ्रेक्चर है।भारतीय टीम को अब टेस्ट क्रिकेट जून में खेलना है। तब टीम इंडिया इंग्लैंड दौरे पर जाएगी जहां उसे मेजबानों के साथ 5 टेस्ट की सीरीज खेलनी है। सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से खेला जाएगा। सरफराज ने अपना आखिरी टेस्ट न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले साल नवंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने घर में खेला था।उन्होंने अभी तक भारत के लिए केवल एक टेस्ट में डेब्यू किया है।ऐसे में अब वह तभी भारतीय टीम में नजर आ सकते हैं। सरफराज का घरेलू क्रिकेट में शानदार रिकॉर्ड है। उन्हें घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद साल 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू का मौका मिला। सरफराज ने अब तक 6 टेस्ट खेले हैं जिसमें उन्होंने 371 रन बनाए है जिसमें 1 शतक और 3 अर्धशतक शामिल है। उनका सबसे अधिक स्कोर 150 रन रहा है। इसके अलावा 54 फर्स्ट क्लास मैचों में सरफराज खान के नाम 4593 रन दर्ज हैं।



## पडिक्कल ने लिस्ट ए क्रिकेट में अपने 2000 रन पूरे किये

### -औसत के मामले मे विराट और डिविलियर्स को पीछे छोड़ा

नई दिल्ली। बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल ने विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में अर्धशतकीय पारी खेलकर अपनी टीम कर्नाटक को फाइनल में पहुंचाने के साथ ही एक अहम रिकार्ड भी अपने नाम किया है। पडिक्कल ने हरियाणा के खिलाफ सेमीफाइनल में 86 रन बनाने के साथ ही लिस्ट ए क्रिकेट में अपने 2000 रन भी पूरे कर लिए। उन्होंने ये रन 82.38 की औसत से बनाए। इस प्रकार लिस्ट ए में कम से कम 2000 रन बनाने वाले बल्लेबाजों में सबसे ज्यादा औसत से रन बनाने के मामले में पडिक्कल ने विराट कोहली और एबी डिविलियर्स को दिग्गज बल्लेबाजों का भी रिकार्ड तोड़ दिया है। पडिक्कल ने लिस्ट ए क्रिकेट में 41 मैचों में 2063 रन बनाए हैं।इस दौरान उनका बल्लेबाजी औसत 82.52 रहा है।उनके नाम लिस्ट ए क्रिकेट में 9 शतक और 12 अर्धशतक हैं। इस प्रकार वह सबसे ज्यादा औसत से शुरुआती 2000 रन बनाने वाले बल्लेबाजों में पहले नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने इसके के साथ ही ऋतुराज गायकवाड़ (58.16) ऑस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाड़ी माइकल बेवन (57.86) विराट कोहली (57.05) और एबी डिविलियर्स (53.47) को भी पीछे छोड़ दिया है। पडिक्कल अभी तक एकदिवसीय में डेब्यू नहीं कर पाये हैं।ऐसे में माना जा हरा है कि अपनी इस पारी से उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है।अब देखना है कि उन्हें अवसर मिलता है या नहीं।



# बोलैंड के आने से सीरीज जीता ऑस्ट्रेलिया : अश्विन

**चेन्नई (एजेंसी)।** दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड के टीम में आने से ऑस्ट्रेलियाई टीम को लाभ हुआ था। अश्विन के अनुसार बोलैंड के आने के बाद मैच ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में आ गया था। उन्होंने कहा कि बोलैंड नहीं होते तो ऑस्ट्रेलिया हार जीती क्योंकि भारतीय टीम के कई बल्लेबाज इस गेंदबाज का सामना नहीं कर पाये थे। बोलैंड की राउंड-द-विकेट गेंदें खेलना दाएं हाथ के भारतीय बल्लेबाजों के लिए सबसे मुश्किल साबित हुईं। बोलैंड पूरी सीरीज में जबरदस्त गेंदबाजी करते रहे। उन्होंने अपनी क लाइन और लेंथ से भारतीय बल्लेबाजों को संभलने का कोई अवसर नहीं दिया। विशेष रुप से विराट कोहली के लिए वह किसी बुरे सपने की तरह रहे। विराट चार बार इस गेंदबाज का शिकार बने। उन्होंने तीन मैचों में 13.19 की औसत से 21 विकेट लिए जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/45 रहा। उन्होंने पांचवें टेस्ट में 10 विकेट लिए। वह सीरीज में तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे।



अश्विन ने कहा, सभी ने कहा कि पैट कमिंस ने शानदार गेंदबाजी की पर उन्हें बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा। ऑस्ट्रेलियाई टीम की किस्मता अच्छी थी जो उसने बोलैंड को अवसर दिया। अगर बोलैंड नहीं होते तो भारतीय टीम सीरीज जीत जाती। वहीं अगर वे उसी पारंपरिक आक्रमण के साथ जारी रहते, तो हम जीत जाते। बोलैंड को जोश हेजलवुड के चोटिल होने के कारण टीम में जगह मिली थी।

अश्विन ने यह भी कहा कि क्रिकेट के लिए यह सीरीज बेहतरीन थी। अश्विन ने कहा, सिडनी में आखिरी सत्र तक सीरीज में संघर्ष था। मेजबान टीम ने अंतिम दिन तक कड़ी टक्कर के बाद सीरीज जीती। उस्मान ख्वाजा ने सीरीज के बाद कहा, मुझे बुमराह ने आउट किया इससे पता चलता है कि सीरीज कितनी जोरदार थी।

गौरतलब है कि भारतीय टीम की हार के कारण बने बोलैंड ने 2021 में ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया। हालांकि पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड के होने के कारण वह बहुत अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेल पाये। 13 टेस्ट मैचों में उन्होंने 17.66 की औसत और 6/7 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े के साथ 56 विकेट लिए हैं। उन्होंने 14 एकदिवसीय और तीन टी20 मैच भी खेले हैं, में कुल मिलाकर 19 विकेट लिए हैं।

## स्नेहा सिंह ने महिला पीजीटी टूर्नामेंट में बनाई बढ़त



कोलकाता। स्नेहा सिंह ने दो अंडर 68 का दिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए बृहस्पतिवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के दूसरे दौर के बाद एक शॉट की बढ़त बना ली।ऑर्डर ऑफ मेरिट 2023 जीतने वाली स्नेहा का दो दौर के बाद कुल स्कोर एक अंडर 139 है।स्नेहा एकमात्र खिलाड़ी हैं जिनका दूसरे दौर के बाद अंडर पार स्कोर है।दूसरे दौर में दो ओवर 72 का स्कोर बनाने वाली वाणी कपूर ने अपनी बढ़त गंवा दी है और वह स्नेहा से एक शॉट पीछे दूसरे स्थान पर हैं।पिछले सत्र में अपना पहला पेशेवर खिताब जीतने वाली अविता नरेंद्र 72 का स्कोर बनाने के बाद तीसरे स्थान पर हैं।जैस्मिन शेखर (74-73) और रवजोत के दोसांझ (72-75) संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं।

# पटना में रणजी सत्र के दूसरे चरण में खेलते नजर आयेंगे रिंकू और नीतीश राणा

पटना ।बिहार की राजधानी पटना में 23 जनवरी से शुरू हो रहे रणजी सत्र के दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश से होने वाले मुकाबले में रिंकू सिंह और नीतीश राणा भी खेलते हुए नजर आयेंगे।हाल में भारतीय क्रिकेट बोर्ड(बीसीसीआई) ने सभी खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने को अनिवार्य बनाया था।इसी के तहत ही रिंकू सिंह और नीतीश राणा भी उत्तर प्रदेश रणजी टीम की ओर से खेल रहे हैं।बिहार और उत्तर प्रदेश के बीच मुकाबला 23 से 26 जनवरी के बीच पटना में खेला जाएगा।इसके अलावा यूपी टीम के बल्लेबाज स्वास्तिक चिकारा, माधव कौशिक, प्रियम गर्ग, समीर रिजवी के प्रदर्शन पर भी इस मैच में लोगों की नजरें रहेंगी। ग्रुप सी में खेल रही बिहार टीम को पांच मैचों में से 3 मैचों में पारी से हार मिली है। बंगाल के खिलाफ मुकाबला नहीं खेला जा सका. बिहार के पास अभी 1 अंक है।अब दूसरे चरण में बिहार अपना पहला मैच यूपी से घरेलू मैदान पर खेलेगी।वहीं दूसरा और इस सत्र का अतिम मैच 30 जनवरी से होगा जिसकी मेजबानी केरल करेगा।साल 2022 में प्लेट ग्रुप में चैंपियन बनने के बाद से ही बिहार पिछले दो सत्र से एलीट ग्रुप में खेल रहा है।बिहार को अब हर हाल में अगले दो मैचों में से एक जीतना होगा तभी एलीट ग्रुप में रह पायेगा. बिहार अगर यह दोनों मैच हार जाता है तो एलीट ग्रुप से प्लेट ग्रुप में चला जाएगा।

## विराट-अनुष्का राधावल्लभ जी के दर्शनों के लिए पहुंचे



नई दिल्ली ।भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज विराट कोहली आजकल आध्यात्म में रमे नजर आ रहे हैं। हाल में विराट अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा बच्चों के साथ आध्यात्मिक गुरु प्रेमानंद महाराज से आशीर्वाद लेने पहुंचे थे।वहीं अब विराट और अनुष्का राधावल्लभ जी के दर्शनों में लीन दिखे हैं।इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।उसमें विराट को हाथ जोड़े देखा जा सकता है।वहीं, अनुष्का राधावल्लभ जी को साष्टांग प्रणाम कर रही हैं।इसके बाद अनुष्का-विराट कुछ देर बैठकर सत्संग का भी आनंद लेते हैं. साल 2024 से ही विराट और अनुष्का का झुकाक धर्म की ओर अधिक दिखा है।वह लंदन में भी कृष्णा दास कीर्तन में नजर आये थे।वही भारत आने पर उन्होंने प्रेमानंद महाराज के दर्शन किये थे।इस साल भी दोनो ऑस्ट्रेलिया से वापसी के बाद सीधे ही वृंदावन में प्रेमानंद महाराज के आश्रम में पहुंचे थे।उनके साथ दोनों बच्चे वामिका और अकाय भी थे। प्रेमानंद महाराज से उन्होंने भक्ति प्रेम के बारे में बात करते देखा गया।दोनों को प्रेमानंद महाराज ने आशीर्वाद भी दिया।विराट अभी अपने करियर के सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं ओर ऐसे में उनकी टीम में जगह को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं।इससे भी विराट की इस यात्रा को जोड़कर देखा जा रहा है।

# मैंने पिता को यह खबर नहीं दी क्योंकि उन्हें दिल का दौरा पड़ा था : शैफाली वर्मा

**राजकोट (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर शैफाली वर्मा नवंबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे से ही टीम इंडिया से बाहर चल रही हैं। जब टीम में नाम न होने का पता शैफाली को लगा तो उन्होंने इस खबर को सबसे पहले अपने पिता से छिपाया था क्योंकि दो दिन पहले ही उन्हें दिल का दौरा पड़ा था। सारा परिवार पहले से ही तनाव में था, तो ऐसे में शैफाली ने भी पिता से एक सप्ताह तक यह खबर छिपाकर रखी।

शैफाली ने सीनियर महिला वन डे चैलेंजर ट्रॉफी के मौके पर कहा कि इससे उबरना आसान नहीं है। मैं खुलासा नहीं करना चाहती थी क्योंकि मेरे टीम से बाहर होने से करीब दो दिन पहले मेरे पिता को दिल का दौरा पड़ा था। जब तक वह ठीक नहीं हो गया, मैंने उससे यह खबर छिपाई। वह अस्पताल में थे। मैंने उसे एक हफ्ते बाद बताया। संजीव ने यह खबर मिलते ही खुद को संभाला और शैफाली को अभ्यास के लिए ले जाना शुरू कर दिया। वह उनके पहले कोच थे, जो 5 बजे उठते थे और अभ्यास के लिए पड़ोस में खाली जगह ढूंढने जाते थे।

शैफाली ने कहा कि पिता सब कुछ जानते हैं, कभी-कभी बच्चों के रूप में हम भी अपनी ताकत भूल जाते हैं लेकिन वे नहीं भूलते। उन्होंने मुझे बचपन के वर्कआउट और अभ्यास की याद दिलाई और ऐसा करने में मेरी मदद भी की। जब मैंने शुरुआत की, तो हमारे पास ये नॉकिंग अभ्यास थे - जहां मैं ऑन-ड्राइव, स्ट्रेट ड्राइव खेली थी। मैंने इसी पर काम किया। ये मेरी ताकत हैं और कभी-कभी आपको यह याद रखने के लिए उन पर काम करने की जरूरत होती है कि आप उनमें कितने अच्छे हैं।

राष्ट्रीय टीम से बाहर किए जाने के बाद शैफाली ने जो दो घरेलू टूर्नामेंट खेले हैं, उनमें उन्होंने कुल 12 मैचों में 527 और 414 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और पांच अर्द्धशतक शामिल हैं। उन्होंने स्ट्राइक के रोटेशन पर काम किया है। उन्होंने कहा कि निरंतर काम उन क्षेत्रों पर होता है जैसे जब गेंदें मेरी ताकत के अनुरूप नहीं होती हैं, मैं सिंगल कैसे लेती हूं, मैं स्ट्राइक कैसे रोटेट करती हूं, मैं अपनी पारी कैसे बनाती हूं - यह आखिरी चीज है जिस पर काम चल रहा है। हर कोई मेरी ताकत जानता है, लेकिन मेरा निरंतर लक्ष्य यह सीखकर मानसिक रूप से बेहतर बनना है कि पारी को बेहतर तरीके से कैसे तैयार किया जाए।

शैफाली ने कहा कि अगर मैं अभ्यास के 5-6 दिनों में 500 से अधिक रन बना रही हूं, तो कल्पना करें कि मैं एक महीने या 20 दिनों के लिए पर्दे के पीछे अधिक काम करके क्या कर सकता हूं। मुझे अपने परिवार और हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन को धन्यवाद देना होगा। जब मैं इस काम के बारे में कुछ भी नहीं जानता था तो उन्होंने अंडर 19 की कप्तानी के लिए मुझ पर भरोसा किया। उन्होंने मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया, मुझे सिखाया कि मैं कैसे काम कर सकती हूं। इससे मेरी बल्लेबाजी में भी मदद मिल रही है।



## 101 किसानों का मरजीवड़ा समूह 21 जनवरी को दिल्ली कूच करने को तैयार

नई दिल्ली। विभिन्न मांगों को लेकर पंजाब और हरियाणा के कुछ किसान बीते कई महीनों से आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने फिर दिल्ली मार्च का ऐलान कर दिया है। किसान यूनियनों ने अपने चल रहे आंदोलन को तेज कर गुरुवार को घोषणा की कि वे 21 जनवरी 2025 को फिर से हरियाणा सीमा पार करने का प्रयास करने वाले है। इसमें 101 किसानों का समूह शामिल होगा, जिन्हें मरजीवड़ा नाम दिया गया है। मरीजवाड़ का मतलब होता है जो अपनी जान देने के लिए तैयार हैं। बता दें कि इसके पहले साल 2021 में कृषि कानून के खिलाफ किसानों के द्वारा 26 जनवरी को निकाली गई ट्रैक्टर रैली के दौरान प्रदर्शनकारी पुलिस बैरिकेडिंग को तोड़ कर सेंट्रल दिल्ली में जबरन घुसे गए थे। आंदोलनकारी किसानों ने लाल किले की प्राचीर पर अपना झंडा फहराया था। हालांकि, बाद में उनके झंडे को लाल किले से हटाया और पुलिस कार्रवाई में उन्हें वहां से खदेड़ दिया गया था। किसान मजदूर मोर्चा के संयोजक सर्वन सिंह पंधेर ने कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा, मुझे नहीं लगता कि केंद्र सरकार हमारे साथ बातचीत करने के मूड में है। हमारा 101 किसानों का समूह 21 जनवरी को एक और प्रयास करेगा। अब सरकार के ऊपर है कि वह हमारी मांगों को पूरा करे या हमें मार डाले।

## रायबरेली में हिट-एंड-रन का मामला, एक व्यक्ति की मौत... बीजेपी नेता सहित कई घायल

रायबरेली। यूपी के रायबरेली जिले में बीती रात तेज रफ्तार कार का तांडव दिखाई दिया। रायबरेली में प्रयागराज हाईवे पर हिट-एंड-रन दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई। वहीं, बीजेपी नेता अभिजात मिश्रा सहित चार अन्य घायल हो गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे कार सवार बीच सड़क खौफनाक तरीके से गाड़ी दौड़ा रहा है। कार के गेट खुले हुए हैं। इस दौरान कार सवार ने कई लोगों को रौंद डाला। बताया जा रहा हैं कि दुर्घटना बुधवार रात रायबरेली शहर के प्रगतिपुरम के पास हुई जब एक तेज रफ्तार कार ने दो पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी। वीडियो में दरवाजा खुली एक कार को तेजी से भागते हुए दिखाया गया है, जबकि दो बाइक सवार हाईवे के किनारे गिर गए थे और कुछ स्थानीय लोग भाग रही कार को रोकने की कोशिश कर रहे थे। लोगों के घायल होने की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और दोनों घायल व्यक्तियों को जिला अस्पताल ले गई, जहां 67 वर्षीय एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि दूसरे का इलाज जारी है। घटना में बीजेपी युवा मोर्चा के नेता अभिजात मिश्रा और उनके साथी भानु तिवारी भी घायल हुए। पुलिस ने बताया कि हमने संबंधित कार को हिरासत में लेकर चालक का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## संभल में 14 सौ से अधिक बिजली चोरी के मामले दर्ज, 16 मस्जिदें और 2 मदरसे नामजद

संभल। जिला प्रशासन का दावा है कि उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक बिजली की चोरी संभल में हो रही है। जिसके चलते यहां बिजली विभाग का तबोड़तोड़ ऐक्शन जारी है। जोन में बिजली चोरी के सर्वाधिक मामले संभल जिले से सामने आए हैं। संभल में बिजली चोरी की धारा 135 के तहत 1,400 से अधिक एफआईआर दर्ज की गई हैं। इसमें समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर रहमान बर्क, 16 मस्जिदों और दो मदरसों सहित कई व्यक्तियों और संस्थान शामिल हैं। बिजली चोरी में 11 करोड़ का जुर्माना लगाया गया है। बताया जा रहा है कि 20 लाख रुपए की वसूली की गई है। बिजली विभाग ने सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के घर पर भी छापेमारी की। सांसद के घर खामियां मिलने पर बिजली विभाग ने बिजली चोरी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था और उन पर 1.91 करोड़ का जुर्माना भी लगाया था। सांसद के घर की बिजली भी काट दी थी। इसके साथ सांसद के पिता के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कराया था। बिजली कर्मचारियों ने उनपर धमकाने का आरोप लगाया था। इसके बाद से अधिकारियों ने जिले भर में अवैध बिजली कनेक्शनों की पहचान करने और उन्हें दंडित करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। जिले भर में तबाड़तोड़ छापेमारी में बिजली चोरी के सैकड़ों मामले सामने आए। विभाग की ओर ऐक्शन लिया गया। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने कुल 11 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है, जिसमें से 20 लाख रुपये पहले ही वसूले जा चुके हैं। बता दें दिसंबर में बिजली विभाग के अधिकारियों ने सपा सांसद के इलाके खग्गू सराय, रायसत्ती, दीपा सराय, हिंदू पुरा खेड़ा सहित तमाम इलाकों में चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान बिजली विभाग ने बड़े पैमाने पर बिजली चोरी पकड़ी थी।

## राजस्थान के कई इलाकों में बूंदाबांदी और बारिश, नागौर में पारा 3.7 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा

जयपुर। गत दो दिनों में राजस्थान के कई इलाकों में बूंदाबांदी और बारिश होने के बाद सर्दी और तेज हो गई है। राजस्थान में नागौर में सबसे कम, 3.7 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार को सुबह तक बीते चौबीस घंटे में पूर्वी राजस्थान में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई जबकि पश्चिमी राजस्थान में मौसम शुष्क बना हुआ है। गुरुवार सुबह राज्य में कहीं-कहीं पर घने से अति घना कोहरा छाया रहा। तापमान में और गिरावट के चलते पूर्वी राजस्थान में कई जगह शीत और अति शीत दिन रहा। इसके अनुसार, इस दौरान न्यूनतम तापमान नागौर में 3.7 डिग्री, फतेहपुर में 5.4 डिग्री, अलवर में 5.8 डिग्री, सिरोही में 6.1 डिग्री और अजमेर में न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के अधिकतर भागों में आगामी 4-5 दिन मौसम शुष्क रहने तथा कोटा, अजमेर, जयपुर, भरतपुर, बीकानेर संभाग के कुछ भागों में आगामी 2-3 दिन घना कोहरा रहने की संभावना है। कोहरे के प्रभाव से आगामी दो दिन कहीं-कहीं अधिकतम तापमान सामान्य से 2-4 डिग्री नीचे जाने की संभावना है।

# दिल्ली में जाट समुदाय की किस मांग पर खुद ही फंसते दिख रहे केजरीवाल

**राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग का दावा, 10 सालों में कोई प्रस्ताव नहीं आया**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव के बीच आप नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बीते सप्ताह जाट समुदाय को दिल्ली में ओबीसी की केंद्रीय सूची में डालने का मुद्दा उठाया था। केजरीवाल का आरोप था कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार बीते 10 सालों से मामले को दबाए बैठी है। वहीं केजरीवाल के आरोपों पर भाजपा ने जवाब दिया था कि दिल्ली सरकार को प्रस्ताव को पहले विधानसभा से पारित कराना चाहिए था। फिर उस प्रस्ताव को केंद्र सरकार को भेजने पर मुहर लगती। इसके बाद अब पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी आप के दावों का जवाब दिया है। पिछड़ा वर्ग आयोग का कहना है कि बीते 10 सालों में दिल्ली सरकार से ऐसा कोई प्रस्ताव ही नहीं भेजा गया, जिसमें मांग की गई हो कि राजधानी के जाटों को दिल्ली में केंद्र की सूची में शामिल करे।

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने बताया कि बीते 10 सालों में हमें दिल्ली के जाटों को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने का कोई प्रस्ताव नहीं मिला। ऐसा कुछ आता, तब विचार जरूर होता। दिल्ली में विधानसभा चुनाव है और इसके पहले केजरीवाल ने यह मसला उठाया था, लेकिन अब आप खुद ही मामले पर घिरती दिख रही है। दिल्ली के किशनगढ़, मुनिरका, नरेला जैसे इलाकों में जाटों की अच्छी खासी आबादी है। इसके बाद बाहरी दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली के एक हिस्से में जाट मतदाता नतीजों पर असर डालने का दम रखते हैं। माना जा रहा है कि इसी रणनीति के तहत केजरीवाल ने दिल्ली के जाटों को केंद्रीय ओबीसी लिस्ट में शामिल करने की मांग उठाई है।

अहीर ने साफ कर दिया है कि दिल्ली सरकार से कोई प्रस्ताव नहीं आया। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य के समुदाय को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने के लिए राज्य से ही प्रस्ताव भेजा जाता है। उस प्रस्ताव से पहले संबंधित राज्य सरकार उनके पिछड़ेपन को लेकर सर्वे कराती है। इसके बाद विधानसभा में वह प्रस्ताव मंजूर होता है, और इसके बाद केंद्र को प्रस्ताव भेजा जाता है। उस प्रस्ताव पर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग फैसला लेता है। अहीर ने बताया कि यूपीए के कार्यकाल में दिल्ली से दो बार जाटों को केंद्रीय पिछड़ा सूची में शामिल करने का प्रस्ताव भेजा गया था। लेकिन तब उस प्रस्ताव को खारिज किया गया था। यह प्रस्ताव पहले 2010 में भेजा गया था और फिर 2014 के आम चुनाव से ठीक पहले गया था, लेकिन दोनों बार प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिल सकी।

## जूते के बाद साड़ी बांटने के आरोपों में घिरे प्रवेश वर्मा, एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली। नई दिल्ली सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा फिर से एक कानूनी मुश्किलों में घिरते दिख रहे हैं। जूते बांटने के आरोपों को लेकर एफआईआर के बाद चुनाव आयोग ने वर्मा के खिलाफ एक और केस दर्ज कराया है। वर्मा के आवास पर साड़ी बांटने के एक वीडियो का संज्ञान लेकर रिटर्निंग अधिकारी ने एफआईआर दर्ज करवा दी है। नई दिल्ली जिला निर्वाचन अधिकारी के एक्स हैंडल पर वर्मा के खिलाफ दर्ज नए केस की जानकारी दी गई है।



बताया गया है कि यूट्यूब पर एक वीडियो सामने आया था जिसमें आरोप हैं कि नई दिल्ली सीट से भाजपा प्रत्याशी वर्मा के आवास पर साड़ियां बांटी जा रही हैं, जोकि आचार संहिता उल्लंघन का मामला बनता है। चुनाव आयोग की ओर से बताया गया कि यह जानकारी मिलने पर एक फ्लाइंग स्क्वॉड को तुरंत मौके पर भेजा गया। वेरिफिकेशन के दौरान मौके पर ऐसी कोई गतिविधि नही मिली। हालांकि, वीडियो साफ तौर पर इंगित कर रहा है कि साड़ियां बांटी जा रही थीं। इस सबूत के आधार पर नई दिल्ली सीट के रिटर्निंग ऑफिसर ने पुलिस को आधिकारिक रूप से शिकायत दर्ज कराई। पुलिस को पूरे मामले की तहकीकात करने और जनप्रतिनिधित्व कानून की संबंधित धाराओं और अन्य कानूनों के तहत कार्रवाई शुरू करने को कहा गया है।

## 13 फरवरी को होगी गोधरा कांड पर 'सुप्रीम' सुनवाई, साबरमती एक्सप्रेस के कोच में आग लगने से मारे गए थे 59 लोग

**वाराणसी (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड मामले में गुजरात सरकार और कई अन्य दोषियों द्वारा दायर अपील पर 13 फरवरी को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने स्पष्ट किया कि सुनवाई की अगली तारीख पर मामले में कोई स्थगन नहीं दिया जाएगा। 27 फरवरी 2002 को गुजरात के गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस के एस-6 कोच को जलाए जाने से 59 लोगों की मौत हो गई थी, जिससे राज्य में दंगे भड़क उठे थे।

गुजरात उच्च न्यायालय के अक्टूबर 2017 के फैसले को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में कई अपीलें दायर की गई हैं, जिसने कई दोषियों की सजा को बरकरार रखा था और 11 लोगों की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया था।

मामला गुरुवार को सुनवाई के लिए आया, तो एक दोषी की ओर से पेश वकील ने कहा कि कोई सबूत रिकॉर्ड पर नहीं रखा गया है। न्यायमूर्ति माहेश्वरी ने कहा कि हमें पता नहीं। हम मामले की सुनवाई करेंगे और हमने यह पहले ही स्पष्ट कर दिया था। हम इस मामले को स्थगित नहीं करेंगे. इस मामले को कम से कम पांच बार स्थगित किया जा चुका है। (पिछले एक साल से, मैं इस मामले को स्थगित कर रहा हूं। वकील ने अदालत को बताया कि कुछ दोषियों ने माफी याचिका दायर की है जो लंबित है। मामले को स्थगित करने से इनकार करते हुए पीठ ने कहा कि हमारे पास मुख्य न्यायाधीश के कार्यालय से निर्देश हैं कि आपराधिक अपील और माफी के मामलों को एक साथ सुनने की जरूरत नहीं है।

दोषियों में से एक की ओर से पेश वरिष्ठ वकील संजय हेगड़े ने कहा कि मौत की सजा को उम्रकैद में बदलने के खिलाफ गुजरात द्वारा दायर अपील पर पहले सुनवाई होनी है। बाईस साल बीत चुके हैं। मेरे मुवक्किलों को मौत की सजा नहीं दी गई है। इस पीठ को पहले अपराध की पुष्टि करनी होगी। एक बार इसकी पुष्टि हो जाए, उसके बाद सजा का हिस्सा आता है।

# बिहार चुनाव से पहले एक्शन में चिराग पासवान, शहाबुद्दीन के गढ़ में चला बड़ा दांव

**पटना (एजेंसी)।** अपराध और राजनीति अक्सर साथ-साथ चलते हैं। और ठीक ऐसा ही हुआ जब अयूब खान और रईस खान, जिन्हें 'खान बंधुओं' के नाम से जाना जाता है, औपचारिक रूप से केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) में शामिल हो गए। अयूब खान और रईस खान, जिनके नाम से एक समय पूरे बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में आतंक फैला हुआ था, ने शुरू में नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) में शामिल होने की कोशिश की थी, लेकिन सूत्रों ने दावा किया कि नीतीश ने उन्हें पार्टी में शामिल करने के लिए अपनी मंजूरी नहीं दी।

बुधवार को खान बंधुओं ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी प्रमुख चिराग पासवान की मौजूदगी में एलजेपी (आरवी) की सदस्यता ली। सीवान के सहुली हाई स्कूल ग्राउंड में आयोजित मिलन समारोह के लिए खान बंधुओं ने पार्टी सुप्रीमो के लिए हेलिकॉप्टर की व्यवस्था की थी। पार्टी ने एक्स पर लिखा कि आज सिवान के साहुली हाई स्कूल में चिराग पासवान के प्रेरणादायक नेतृत्व में 'बिहार फर्स्ट-बिहारी फर्स्ट' और 'नव-संकल्प अभियान' से प्रेरित होकर मो. अयूब खान और मो. रईस खान ने हजारों समर्थकों की उपस्थिति में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की।




पार्टी ने लिखा कि उनका पार्टी में शामिल होना पार्टी की प्रतिबद्धता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने इस कार्यक्रम में उमड़े विशाल जनसैलाब को संबोधित किया। वहीं, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने बुधवार को संकेत दिए कि उनकी पार्टी के नेतृत्व वाला महागठबंधन पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस को अपने साथ जोड़ सकता है। प्रसाद मकर संक्रांति के अवसर पर भोज के निमंत्रण पर पारस के घर पहुंचे। प्रसाद के साथ उनके बड़े बेटे तेज प्रताप यादव और राजद के राष्ट्रीय महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी भी थे।

## 2 से ज्यादा बच्चे होने पर ही लड़ पाएंगे चुनाव, चंद्रबाबू नायडू लेने जा रहे एकदम अलग फैसला

**अमरावती (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि कोई व्यक्ति तभी सरपंच, नगर निगम पार्षद या मेयर बन सकता है, जब उसके दो से अधिक बच्चे हों, यह संकेत देते हुए कि यह गिरती जनसंख्या को रोक देगा। नायडू ने कहा कि वह लोगों को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए नीतियां लाएंगे। उन्होंने कहा कि एक समय में, कई बच्चों वाले व्यक्तियों को पंचायत (चुनाव) या स्थानीय निकायों में लड़ने की अनुमति नहीं थी। अब मैं जो कह रहा हूं वह यह है कि कम बच्चों वाले व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ सकते। आप सरपंच, नगर निगम पार्षद, निगम अध्यक्ष या महापौर तभी बन पाएंगे जब आपके दो से अधिक बच्चे होंगे।



सीएम के अनुसार, उत्तर भारत लगभग 15 वर्षों में स्थिर प्रजनन दर का लाभ खो सकता है। उन्होंने कहा, ‘आपके माता-पिता चार से पांच बच्चे पैदा करते थे और आपने इसे घटाकर एक कर दिया। यहां तक कि होशियार लोग भी अब कह रहे हैं कि दोगुनी आय वाले बच्चे हमें आनंद नहीं लेने देते। अगर उनके माता-पिता ने उनके जैसा सोचा होता, तो वे इस दुनिया में नहीं आते।' नायडू ने कहा, सभी देशों ने यह गलती की है और हमें सही समय पर निर्णय लेना होगा। उन्होंने कहा कि अधिक बच्चे पैदा करने के महत्व पर जोर नहीं दिया गया और स्थिति हाथ से बाहर हो गई।

दक्षिण कोरिया, जापान और महाद्वीपीय यूरोप जैसे देशों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि उन जगहों पर लोगों को आबादी कम होने के खतरे का एहसास नहीं था, बल्कि उन्होंने केवल धन पैदा करने, आय बढ़ाने और उन देशों को आगे ले जाने पर ध्यान केंद्रित किया। इस महीने की शुरुआत में, नायडू ने गिरती जन्मदर पर प्रकाश डाला और कहा कि भारत को दक्षिण कोरिया और जापान जैसे अन्य देशों द्वारा की गई गलतियों को नहीं दोहराना चाहिए, जहां जन्मदर में गिरावट आई है।

## हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी शुरू, छह जिलों में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी

**- आने वाले समय में हिमालय के ऊंचे क्षेत्रों में और भी अच्छी बर्फबारी की संभावना**

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल गया है। रात से ही ऊंचे पहाड़ों पर बर्फबारी शुरू हो गई है, जबकि निचले क्षेत्रों में बदलता मौसम और बरसात की चहल-पहल देखने को मिल रही है। शिमला समेत कुफरी, नारकंडा संजौली, और जाखू इलाके में सुबह हल्की बर्फबारी हुई है, जिसने इलाके को सफेद रंग की चादर से ढक दिया है। यहां तक कि पर्वतीय क्षेत्रों में हुई बर्फबारी के कारण सर्दी और बढ़ गई है, लेकिन पर्यटकों के लिए यह खुशियों का समय है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार आने वाले दिनों में लाहौल स्पीति, किन्नौर, कांगड़ा, शिमला, कुल्लू और चंबा के कुछ ऊंचे क्षेत्रों में और भी अच्छी बर्फबारी की संभावना बनी है। चंबा, किन्नौर और लाहौल स्पीति में जल्दी ही बर्फबारी की संभावना है, जो इन स्थानों के लोगों के लिए एक प्रिय समाचार होगी। मौसम विभाग ने ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, मंडी, सोलन और सिरमौर जिलों में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है, जिससे कि लोग सावधानी बरत सकें। किसानों के लिए भी यह समाचार खुशियों का संदेश है, क्योंकि उन्हें बारिश और बर्फबारी की अच्छी प्रतीक्षा थी। मौसम विभाग की आशंका के अनुसार जनवरी महीने में भी हिमाचल प्रदेश में अच्छी बर्फबारी की संभावना है, जो किसानों के लिए अच्छी खबर है। इससे उन्हें राहत मिलेगी और उनकी फसलें भी मौसम की अनुकूलता के आधार पर विकसित हो सकती हैं। इस खुशखबरी के साथ हिमाचल प्रदेश वालों को सजीव और खुशहाल मौसम का आनंद लेने का अच्छा मौका मिला है। इस समय बर्फबारी और बदलते मौसम का आनंद लेने के साथ-साथ, स्थानीय लोगों और पर्यटकों को भी सुरक्षित रहने की सलाह दी जाती है। इस छुट्टियों को मनोरंजन से भरपूरी बनाए रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था में कोई कमी न हो, ताकि सभी इस कुदरती सुंदरता का लुफ्त उठा सकें।



# सलमान, बाबा सिद्दीकी अब सैफ अली... आखिरकार क्यों मुंबई में सिलेब्रिटी अपराधियों के निशाने पर

**मुंबई (एजेंसी)।** अभिनेता सैफ अली खान के घर में आधी रात को चोर घुस आया। यही नहीं उनमें से एक चोर ने सैफ पर ही चाकू से हमला कर दिया, इससे उन्हें कई जगह चोटें आईं। फिलहाल वे खतरे से बाहर हैं और घर के अन्य लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं। लेकिन यह चिंता की बात है कि आखिर मुंबई के बांद्रा इलाके में देश की नामी हस्तियां और फिल्मी सितारे रहते हैं, वहां इतनी क्राइम की घटनाएं क्यों और कैसे हो रही हैं। बांद्रा इलाके में रहने वाले सलमान खान के घर पर फायरिंग हुई थी और उन्हें बचाव के लिए अपनी बालकनी को बुलेटप्रूफ कराना पड़ा है। वहीं बाबा सिद्दीकी भी बांद्रा पूर्व इलाके में गोलीबारी में मारे गए थे। उन पर तीन हमलावरों ने भीषण फायरिंग की थी, इसमें एनसीपी नेता की मौत हो गई थी।

सलमान जिस गैलेक्सी अपार्टमेंट में रहते हैं, वह भी बांद्रा इलाके में ही है। अब मामले को लेकर राजनीति भी तेज हो गई है। उद्धव सेना की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने सीधे तौर पर मुंबई पुलिस और सरकार की असफलता करार दिया। प्रियंका चतुर्वेदी ने लिखा, क्या शर्म की बात है कि मुंबई में एक और हाईप्रोफाइल कांड हुआ है। इसमें सैफ पर जानलेवा अटैक किया गया। इससे मुंबई पुलिस पर सवाल उठते हैं। इसके अलावा गृहमंत्री पर भी सवाल है। ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं, जिसमें मुंबई के बड़े नामों को ही टारगेट किया जा रहा है।

प्रियंका ने पूछा कि आखिर बांद्रा में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं हैं, जबकि इस इलाके में बड़ी संख्या में सिलेब्रिटीज रहते हैं। यदि मुंबई में सिलेब्रिटीज सेफ नहीं हैं, तब फिर मुंबई में सुरक्षित कौन है। फिलहाल पुलिस हमलावर की पहचान करने में जुटी है। मामला इसलिए भी शक पैदा कर रहा है क्योंकि घर के अंदर किसी बाहरी की एंट्री का सबूत नहीं मिला है। फिलहाल सैफ के घर के तीन स्टाफ को ही पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज करके जांच शुरू की है। बता दें कि अक्टूबर 2024 में एनसीपी के नेता बाबा सिद्दीकी का यहां कत्ल हो गया था। उन्हें तीन हमलावरों ने उस वक्त गोलियां मारी थीं, जब वह बेटे जीशान के दफ्तर से निकल रहे थे। इसके बाद उन्हें लीलावती अस्पताल लाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

बाबा सिद्दीकी की हत्या दशहरे के दिन हुई थी, जब लोग त्यौहार मना रहे थे। अब तक पुलिस की जांच में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नाम ही मामले में सामने आया है। एनसीपी नेता को 6 गोलियां मारी गई थीं। सिद्दीकी के कत्ल से पहले करीब एक महीने तक हत्यारे मुंबई में रहे थे। उनकी लंबे समय तक रेकी की गई थी। फिर टारगेट करके मारा गया था। बता दें कि हत्या से 15 दिन पहले ही सिद्दीकी को हत्या की धमकी मिली थी। इसकी जानकारी उन्होंने पुलिस को दी थी, जिसके बाद सुरक्षा में इजाफा किया गया था।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**